


दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 52/ अंक 239/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, शनिवार 15 अप्रैल 2023 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in




सांध्यप्रकाश विशेष

## भगवान परशुराम की 51 फीट ऊंची प्रतिमा लगेगी



**भोपाल।** कटनी जिले के विजयराघवगढ़ में भगवान परशुराम की 51 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित की जाएगी। संकट मोचन आश्रम में स्थापित होने वाली प्रतिमा की स्थापना जगतगुरु रामभद्राचार्य की मौजूदगी में होगी। पूर्व मंत्री व विधायक संजय पाठक ने कहा कि भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाने को लेकर हुई बैठक में इस पर सहमति बनी है।

इसको लेकर हुई बैठक के दौरान विधायक संजय पाठक ने संकट मोचन आश्रम परिसर में ताम्रकार परिवार द्वारा दान दी गई भूमि पर 51 फीट ऊंची भगवान परशुराम की प्रतिमा का प्रस्ताव रखा, जिसे समाज के बंधुओं ने स्वीकार किया। पाठक ने कहा भगवान परशुराम ने ब्राह्मण कुल में जन्म लेकर न केवल वेद शास्त्रों का ज्ञान प्राप्त किया, बल्कि क्षत्रिय स्वभाव को धारण करते हुए शस्त्रों को भी धारण किया। सनातन जगत के आराध्य तथा समस्त शस्त्रों एवं शास्त्रों के ज्ञाता कहलाए। भगवान परशुराम ने सामाजिक न्याय तथा समानता की स्थापना के उद्देश्य तथा समाज के शोषित तथा पीड़ित वर्ग के अधिकारों की रक्षा के लिए शस्त्र उठाया। विजयराघवगढ में स्थापित होने वाली भगवान परशुराम की ये प्रतिमा मप्र की सबसे बड़ी प्रतिमा होगी। इस कार्य में ब्राह्मण समाज के साथ ही समस्त समाज का भी सहयोग लिया जाएगा। इसके साथ ही विद्यालय परिसर में संतों के लिए धर्मशाला एवं परिसर में एक बड़े पक्के शेड का निर्माण कराया जाएगा।

## बहुमुखी प्रतिभा के धनी डॉक्टर एस सिद्धार्थ-पहले इंजीनियर, फिर आईएएस और अब पायलट

एक आईएएस अधिकारी जब निकलता है, तो उसके साथ गाड़ियों का काफिला चलता है। उसके आजू बाजू में सुरक्षाकर्मी होते हैं। कलेक्टर की ठाठ तो ऐसी ही होती है। तभी तो किसी को अकड़ का चलता देख लोग अक्सर यह कह देते हैं कि कहीं के कलेक्टर हो क्या डीएम का यही रुतबा प्रत्येक वर्ष लाखों युवाओं को आईएएस बनने के लिए प्रेरित करता है। लेकिन हम आज आपको एक ऐसे डीएम के बारे में बताने जा रहे हैं। जो आम जनता की तरह ही आम ढंग से रहता है इसीलिए तो खास है। आम तौर पर आईएएस अधिकारी उसमें भी जो कैबिनेट रेंक के अधिकारी होते हैं उनका बड़ा रूतबा होता है. ये अधिकारी कर्मचारियों और सुरक्षाकर्मियों से घिरे काफिले में चलते हैं. लेकिन डॉक्टर एस सिद्धार्थ इनसे अलग अपनी सादगी और सदव्यवहार से लोगों को आकर्षित करते हैं. वह बिना तामझाम के रहना पसंद करते हैं।



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रधान सचिव और वरिष्ठ आईएएस अधिकारी डॉ. एस सिद्धार्थ की कुछ ऐसी तस्वीरें तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जिन्हें देखकर हर कोई हैरान है। वो एक आम आदमी की तरह घंटों शहर में घूमते, फुटपाथ पर चाय और पूड़ी कचौरी खाते, रिक्शा चालकों और चालकों से बात करते नजर आ रहे हैं।

बिहार के सबसे पॉवरफुल आईएएस अधिकारी में से एक बिहार कैडर के 1991 बैच के आईएएस अधिकारी डॉ. एस. सिद्धार्थ बिहार के सीएम नीतीश कुमार के प्रधान सचिव हैं. वह बिहार के वित्त और मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के भी अपर मुख्य सचिव के पद पर पदस्थापित हैं. अब उनके साथ एक और उपलब्धि जुड़ गया है. उन्हें हवाई जहाज उड़ाने का फ्लाइंग लाइसेंस मिला है।

**बचपन का सपना पूरा हुआ-** डॉ. एस. सिद्धार्थ बिहार झारखंड में पदस्थापित पहले आईएएस अधिकारी हैं जिन्होंने यह उपलब्धि पाई है. एस. सिद्धार्थ बिहार सरकार में सेवा देते हुए और कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों को निभाते हुए फ्लाइंग की ट्रेनिंग ले रहे थे जो अब पूरी हो गई है. इसके बाद उन्हें सर्टिफिकेट दिया गया है. फ्लाइंग लाइसेंस मिलने के बाद डॉ. एस. सिद्धार्थ ने कहा कि उनका बचपन का सपना पायलट बनने का था. उनका यह सपना पूरा हो गया. बचपन में जब वह खिलौने वाले एरोप्लेन बड़ी उम्मीद के साथ देखते थे कि यह उड़ेगा. तब मुझे पायलट बनने का शौक हुआ था. अब जब मुझे फ्लाइंग लाइसेंस मिला है तब लगा कि मेरे बचपन का सपना पूरा हो गया।

आईआईटी दिल्ली से कंप्यूटर साइंस में इंजीनियरिंग और सूचना प्रौद्योगिकी में डॉक्टरेट की डिग्री पाने वाले बहुमुखी प्रतिभा के धनी डॉ एस सिद्धार्थ आंतरिक नियंत्रण वाला मल्टीपर्पस रोबोट बनाने के काम में लगे हैं. इसके बार में वह बताते हैं कि यह रोबोट प्रोग्रामिंग के हिसाब से काम करता है और जहां जैसी जरूरत है उसके हिसाब से इसका इस्तेमाल किया जा सकता है. डॉ एस सिद्धार्थ की पत्नी भी एक आइएएस अधिकारी हैं और भारत सरकार के कृषि मंत्रालय में संयुक्त सचिव के पद पर काम कर रही हैं।

## आईएएस छवि रंजन के मास्टर बेडरूम में स्पेशल सेफ्टी, 3 अलग-अलग दरवाजे

**रांची।** ईडी ने गुरुवार को तीनों राज्यों के 22 अलग-अलग जगहों पर रेड की थी, जिसमें झारखंड कैडर की 2011 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी छवि रंजन का परिसर भी शामिल था।ईडी कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ी जांच के सिलसिले में की गई है। सूत्रों की माने तो गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान अफशर अली, इम्तियाज अहमद, प्रदीप बागची, मोहम्मद सद्दाम हुसैन, तल्हा खान, भानु प्रताप प्रसाद और फैयाज खान के रूप में की गई है।

श्ष्ठ की टीम सेना की जमीन खरीद बिक्री के मामले में झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल में एक साथ 22 ठिकानों पर छापेमारी कर रही है. वहीं जानकारी के मुताबिक, जमशेदपुर के कदमा स्थित छवि रंजन के आवास पर ईडी की टीम नोट गिनने वाली मशीन के साथ पहुंची है. बताया जा रहा है कि छवि रंजन ने अपने मास्टर बेडरूम के फ्लैट के अंदर स्पेशल सेफ्टी (तीन अलग-अलग दरवाजा) का इंतजाम किया था. ईडी की टीम ने आदित्यपुर स्थित उनके रिश्तेदार को यहां बुलाकर फ्लैट को खुलवाया है. बता दें कि रिश्तेदार फ्लैट का केयरटेकर भी था।

आपको बता दें कि कदमा थाना अंतर्गत मिलकित होटल के बगल में लोंगिया एनक्लेव में रांची के पूर्व उपायुक्त रहे छवि रंजन के फ्लैट पर लगातार ईडी की छापेमारी चल रही है. वहीं छवि रंजन के पिता आरडी पंडित के घर में सुबह 6:30 बजे ईडी की टीम पहुंची थी. वही छवि रंजन के पिता एक महीना पहले से ही कहीं बाहर गए हुए हैं, तो आदित्यपुर स्थित उनके करीबी को बुलाकर ईडी ने फ्लैट खुलवाया. जिसके बाद 8:30 बजे से ही छापेमारी शुरू हुई जो लगातार अभी तक जा रही है. वही बता दें कि रांची के 20 ठिकानों पर और ईडी की छापेमारी चल रही है।



रांची के पूर्व डीसी छविरंजन के साथ-साथ जिन अधिकारियों पर कार्रवाई हुई है, उनमें नामकुम सीओ विनोद प्रजापति, बड़गाई सीओ भानू प्रताप, जमीन कारोबारी अशरफ खान उर्फ चुन्नू खान, हजारीबाग में प्रज्ञा केंद्र संचालित करने वाले भरत प्रसाद सहित कई लोगों के यहां छापेमारी की गई है. वहीं इस जमीन फर्जीवाड़े का पर्दाफाश पहले ही आयुक्त की जांच रिपोर्ट में हो चुका है. सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद-बिक्री मामले में जांच रिपोर्ट में यह बात सामने आ चुकी है कि प्रदीप बागची नाम के शख्स ने फर्जी रैयत बनकर दिलीप कुमार घोष को यह जमीन बेची थी।

जलवायु परिवर्तनः प्रधानमंत्री मोदी बोले-

# अकेले कॉन्फ्रेंस रूम से नहीं लड़ा जा सकता हर घर में खाने की टेबल पर लड़ना होगा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में लोगों की भागीदारी के साथ-साथ सामूहिक प्रयासों का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने शुक्रवार को विश्व बैंक की ओर से 'मेकिंग इट पर्सनल ः हाउ बिहेवियरल चेंज कैन टैकल क्लाइमेट चेंज' विषय पर आयोजित सम्मेलन में भारत के दृष्टिकोण को सामने रखा। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन से लड़ने के सबसे शक्तिशाली तरीकों में से एक व्यवहार परिवर्तन है, जिसकी शुरुआत हर घर से होनी चाहिए।



अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की वार्षिक वसंत बैठकों के इतर आयोजित इस सम्मेलन में पीएम मोदी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन का मुकाबला सिर्फ कॉन्फ्रेंस रूम की टेबल पर बैठकर नहीं किया जा सकता है, बल्कि इसकी लड़ाई हर घर से लड़ी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कोई विचार तब जन आंदोलन बन जाता है, जब वह ÷चर्चा की मेज से भोज की मेज÷ तक पहुंच जाता है।

**मिशन लाइफ का मकसद जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई का प्रजातंत्रीकरण करना है-** प्रधानमंत्री ने लाइफ (स््न्नस्न्) मिशन के पहल पर वर्चुअली रूप से मुख्य भाषण देते हुए विश्व के नेताओं से कहा कि हर परिवार और हर व्यक्ति को इस बात से अवगत कराना होगा कि उनकी पसंद से पृथ्वी को पैमाना और गति प्रदान करने में मदद मिल सकती है। पिछले साल अक्तूबर में उनके और संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस द्वारा शुरू किए गए 'मिशन लाइफ' का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम का मकसद जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई का प्रजातंत्रीकरण करना है।

### पीएम मोदी की टिप्पणी ने वैश्विक नेताओं को एक साथ लाया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणी ने ऊर्जा, पर्यावरण और जलवायु के भविष्य के सामने आने वाली सबसे बड़ी चुनौतियों के लिए नए विचारों, अंतर्दृष्टि और समाधानों को आगे बढ़ाने के लिए वैश्विक नेताओं को एक साथ ला दिया। उन्होंने प्रभाव डालने वाले व्यवहार परिवर्तन के उदाहरणों का हवाला देते हुए भारत के लोगों द्वारा किए गए प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने कहा, दुनियाभर के लोग जलवायु परिवर्तन के बारे में बहुत कुछ सुनते हैं। उनमें से कई लोग बहुत बेचैनी महसूस करते हैं, क्योंकि वे नहीं जानते कि वे इसका प्रभाव कम करने के लिए क्या कर सकते हैं।

### भारत के लोगों ने पिछले कुछ वर्षों में जलवायु परिवर्तन पर बहुत काम किया है

पीएम मोदी ने कहा, भारत के लोगों ने पिछले कुछ वर्षों में इस मामले में बहुत कुछ किया है। यहां तक कि लोग भारत के कई हिस्सों में लिंगानुपात में सुधार के प्रयास भी कर रहे हैं। लोगों ने बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान चलाया है। चाहे नदियां हों, या समुद्र तट या सड़कें, भारत के लोग यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न हो। मोदी ने कहा कि लोगों ने ही एलईडी बल्ब अपनाने वाले अभियान को सफल बनाया और भारत में करीब 37 करोड़ एलईडी बल्ब बेचे जा चुके हैं। प्रधानमंत्री ने श्रोताओं को यह कहते हुए सूचित किया कि कैसे ऊर्जा और संसाधनों के सतर्क उपयोग और भारत के उपभोग पैटर्न को विनियमित करने से काफी बदलाव आया है। उन्होंने आगे कहा, इन प्रयासों से 22 अरब यूनिट से अधिक ऊर्जा की बचत होगी। नौ हजार अरब लीटर पानी बच सकता है, कचरे को 37.5 करोड़ टन तक कम किया जा सकता है, लगभग 10 लाख टन ई-कचरे का पुनर्चक्रण किया जा सकता है और 2030 तक लगभग 17 करोड़ डॉलर की अतिरिक्त लागत का बचत किया जा सकता है। साथ ही यह हमें 15 अरब टन खाद्यान्न की बर्बादी को कम करने में मदद करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह हर साल लगभग 3.9 करोड़ टन कार्बन उत्सर्जन घटाने में मदद कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत के किसानों ने सुनिश्चित किया कि करीब 7,00,000 हेक्टेयर कृषि भूमि सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली के दायरे में आए।





मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहा ने आज सीधी के ग्राम गोतरा में आयोजित मुख्यमंत्री भू-अधिकार पत्र वितरण कार्यक्रम में हितग्राहियो को भू-अधिकार पत्र वितरित किए।

## केजरीवाल बोले- मैं बेईमान तो दुनिया में कोई ईमानदार नहीं, जबरन फंसाने की साजिश

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति केस में पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया जेल में हैं। अब इसी मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सीबीआई ने 16 अप्रैल को पूछताछ के लिए बुलाया है। जांच एजेंसी ने 14 अप्रैल यानी शुक्रवार को नोटिस जारी किया और केजरीवाल को रविवार को सीबीआई के ऑफिस में मौजूद रहने को कहा है।



उससे पहले केजरीवाल ने शनिवार दोपहर 12 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस की और सीबीआई, ईडी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। केजरीवाल ने कहा, इन लोगों ने हमारे सरकार के दो मंत्रियों को गिरफ्तार कर लिया। उनका सोचना था कि नंबर दो और तीन को गिरफ्तार कर लो, ताकि वो मेरा गला पकड़ सके। ये जबरन फंसाने की साजिश है। अगर मैं बेईमान हूं तो दुनिया में कोई ईमानदार नहीं है।

### जांच एजेंसियों ने कोर्ट में भी झूठ बोला

केजरीवाल ने कहा- सीबीआई-ईडी ने मनीष सिसोदिया पर आरोप लगाया कि उन्होंने सबूत छुपाने के लिए 14 फोन तोड़ दिए। अब ईडी बोल रही है कि उसके पास 4 फोन हैं, जबकि सीबीआई ने भी कहा है कि उनके पास 1 फोन है। यानी दोनों एजेंसियों के पास 5 फोन हैं। जांच एजेंसियों ने कोर्ट में झूठ बोला है। उन्होंने कोर्ट को गुमराह कर मनीष सिसोदिया की बेल रोकी है।



पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ आज यादव प्रतिनिधि सम्मेलन में शामिल हुए। इस मौके पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव, पीसी शर्मा, दीपचंद यादव आदि मौजूद रहे।

## महाराष्ट्र में बस खाई में गिरी, 13 की मौत

**रायगढ़।** महाराष्ट्र के रायगढ़ के खोपोली इलाके में शुक्रवार की रात एक बस 700 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई। बस में 40 से ज्यादा यात्री सवार थे। अब तक 29 लोगों का स्थानीय लोगों की मदद से रस्सी के जरिए रेस्क्यू किया गया है। इनमें से कुछ लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। हादसा खंडाला और खोपोली के बीच पुराने नेशनल हाईवे पर शिंगरोबा घाट से उतरते समय हुआ। फिलहाल हादसे की वजह सामने नहीं आई है। बस पुणे से मुंबई जा रही थी। पुलिस के मुताबिक हादसे की खबर मिलते ही बोर घाट पुलिस, खोपोली पुलिस और स्थानीय लोग मदद के लिए आए।

## मोतिहारी में जहरीली शराब से 16 लोगों की मौत

**मोतिहारी।** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में जहरीली शराब से 16 लोगों की मौत हो गई है। कई की हालत गंभीर है। सभी का शहर के अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। जिले के 6 गांवों के लोगों ने अलग-अलग जगहों पर गुरुवार को शराब पी थी। रात से सभी की तबीयत बिगड़ने लगी। फिर एक-एक कर शनिवार तक 16 लोगों ने दम तोड़ दिया। इस मामले में जांच करने के लिए पटना से मद्य निषेद्य इकाई की एक स्पेशल टीम मोतिहारी जा रही है। स्पेशल टीम में 5 पुलिस अफसर शामिल हैं। इनमें 2 डीएसपी और 3 इंस्पेक्टर हैं। डीएम-एसपी का कहना है कि डायरिया-फूड पॉइजनिंग से मौतें हुई हैं। शराब पार्टी में शामिल विनोद पासवान ने बताया कि जाटा राम ने हम सभी को गेहूं काटने के लिए बालगंगा बुलाया था। वहां काम करने के बाद सभी ने एक साथ शराब पी। फिर वहां से घर गए। जैसे-जैसे रात बीती, सभी की हालत बिगड़ने लगी।

# दुनिया के शहरों की आधी आबादी पर होगा जलसंकट

● दूषित जल का प्रभाव होगा घातक



**रमेश शर्मा**

2030 वर्ष तक पानी और स्वच्छता के लिए बनाएं गए टिकाउ विकास लक्ष्य (सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल) की पूर्ति कठिन प्रतीत होती है यदि वर्तमान स्थितियों में समस्त देशों की स्थिति यथावत रहती है। यह खुलासा हालुटी में संयुक्त राष्ट जल विकास रिपोर्ट 2003 ने किया है। का विश्व की शहनी आबादी जोकि वर्ष 2016 में भारी जल संकट से जूझ रही है उस आबादी की संख्या बहुत 3 मिलियन से बढ़क 33 विलियन एक भी होने की संभावनाएं है। रिपोर्ट के मुताबिक एशियाई देशों में चीन, भारत और पाकिस्तान की फीनादी आबादी पानी की कमी से जूझ रही है।

सिर्फ तीन साल के आंकड़ों पर नजर डालें तो वर्ष 2020 में दुनिया के दो विलियन लोग को साथ पीने का पानी नही मिल रहा है और लगभग 3 बिलियन लोग स्वच्छता से कोसों दूर हैं। यूएन रिपोर्ट का कहना है कि जो लक्ष्य 2030 के लिए बनाया गया है वह वर्तमान चलन को देखते हुए कठिन होगा। रिपोर्ट की जानकारी सबसे खास है, जो यह बताती है कि घरेलू दूषित जल का सही ढंग सें उपचार दुनिया में नहीं किया जा रहा है जो सेहत के लिए काफी खतरनाक है। रिपोर्ट ने यह भी खुलासा किया है कि के 42 देशों ने (कुल आबादी का 18 प्रतिशत) दूषित जल के उत्पादन और उपचार के आंकड़े साझा किए हैं जोकि दूषित के प्रति बरती जा रही लापरवाही का सबूत है।



अभी भी ऐसे कई संस्थान मप्र और छग में चल रहे हैं, जो दूषित पानी को उपचारित न करके जल स्त्रोतों में बहा देते हैं। ऐसा करना नियमों के खिलाफ है क्योंकि इससे लोगों के स्वास्थ्य पर घातक प्रभाव पड़ता है। जरूरत इस बात की है कि जिम्मेदार विभाग उल्लंघनकर्ताओं पर कठोर तथा दंडात्मक कार्रवाई करें।

**दूषित जल है आबादी की सेहत के लिए खतरनाक-** पूरी दुनिया में पानी की वर्तमान में हो रही किल्लत और भविष्य में होने वाली भारी कभी से पूरे देश चिंतित हैं। सस्टेनेबल डेवलपमेट गोल (एस.डी.जी.) का लक्ष्य 2030 तक सभी को पानी और स्वच्छता (वॉटर एंड सेनिटेशन) मुहैया करवाने का है, मगर यू.एन की 2015 की रिपोर्ट में जो खुलासा किया है उसमें एक इशारा दूषित जल के उत्पादन और उसके उपचार को लेकर भी किया गया है। एक के मुताबिक मानव जनित गतिविधियों के चलते पृथ्वी पर मौजूद संसाधन पर बेहद रूप से प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इस समय दुनिया की 25 फीसदी आबादी पानी की कमी से जूझ रही है। वैश्विक स्तर पर 18 फीसदी आबादी हिस्सेदार भारत में जल संसाधनों का मात्र 4 फीसदी ही मौजूद है। आंकड़े बनाते हैं कि सन् 2030 के आते आते भारत में पानी की मांग दोगुणी होगी जिससे सात साल बाद पानी की और भी कमी होगी। यह स्थिति यदि बनी रही तो हमारे पचास फीसदी जल वाही स्तर (एक्वीफसी) चिंताजनक स्थिति में होगा जो क आगे जाकर हमारी जीडीपी पर भी असर करेगा।

- शेष पेज 6 पर

### महत्वपूर्ण बिंदु

- वर्ष 2050 तक विश्व की 2 बिलियन शहरी आबादी जल संकट से जूझेगी
- दुनिया के 3 बिलियन लोग स्वच्छ पानी की पहुंच से दूर है
- पूरी दुनिया में दूषित पानी बिना, उपचार के जल स्त्रोतों में वह रहा है
- वर्ष 2030 तक भारत में पानी की मांग दोगुनी हो जाएगी
- हमारे देश के 30 हजार जल स्त्रोत (नदी, तालाब, इत्यादि) पर अतिक्रमण हो चुका है

# अंबेडकर जयंती पर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित




**संत हिरदाराम नगर।** भारत रत्न बाबा साहब अंबेडकर की 132वीं जयंती पर सेवा भारती महानगर अंतर्गत 7 मंडलों में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में चिकित्सकों द्वारा रक्तचाप, शुगर, हीमोग्लोबिन में कमी, दर्द, बुखार सर्दी जुकाम, त्वचा रोग, नेत्र रोग, पोषण सम्बंधित का परामर्श देकर ि:नशुल्क दवा वितरण कर शुगर और हीमोग्लोबिन की जाँच भी की गई। शिविर में सातों मण्डलों को मिलाकर कुल 1152 मरीजों की संख्या रही। डॉ. राम अवतार यादव ने बताया की ये क्रम प्रति माह चलता रहे, ऐसी व्यवस्था की जाएगी, सेवा भारती के मीडिया प्रभारी भगवानदास ढालिया ने बताया कि सभी चिकित्सक परिवार का सहयोग तो सराहनीय है, ऐसे शिविरों के माध्यम से लोगों में स्वास्थ्य चेतना आएगी और सामाजिक समरसता का उदाहरण भी समाज में मिलेगा। शिविर में अजीत माधवानी, मनोज सोनी, ललिता परनाईक, डा. शैलेश मानकर,डॉ दिनेश शर्मा, डॉ ललित श्रीवास्तव, डॉ विपाशा, डॉ अंजली, डॉ सुभाष, डॉ शक्ति, डॉ दीपक बघेल, डॉ शिवानी, डॉ रोहित, डॉ अश्विन पोरवल, डॉ अंकित पाण्डेय, डॉ वीरेंद्र, डॉ प्रीती, डॉ पूजा, डॉ सुनील सोनी, डॉ अपूर्वा, डॉ दिव्या, डॉ स्मिता, डॉ ऋषभ, डॉ आशीष, डॉ सुनील, डॉ माया मेहरा, डॉ विशाल, अतर साहू, दिनेश पवार, लीला नाहटा, रत्नेश यादव, देवीराम साहू, बलराम ने परामर्श दिया।

# केवलराम चैनराय स्कूल में हुआ चिड़ियाओं के लिए दाना पानी सत्र का आयोजन



**संत हिरदाराम नगर।** शहीद हेमू कालानी एजुकेशनल सोसाइटी द्वारा संचालित कला लक्ष्मनदास वेंसीमल गनवानी फाउंडेशन स्कूल एवं केवलराम चैनराय पब्लिक स्कूल में नन्हें बच्चों में पक्षियों के प्रति संवेदनशीलता, करुणा के संस्कारों के रोपण हेतु जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। कक्षा प्रथम के अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर सिद्ध भाऊ ने कहा की बच्चों में धैर्य और नम्रता के संस्कार को रोपित करना होगा क्योंकि बच्चों के मन में दया, करुणा तथा जीवों के प्रति संवेदनशीलता होना अत्यंत आवश्यक है बच्चों को पंचांग प्रणाम के विषय में भी बताया तथा अभिभावकों से कहा की आप जैसा बच्चों को बनाना चाहते है, पहले आपको वैसा बनना पड़ेगा। क्योंकि परिवार मे जब माँ अपने बच्चों को अच्छी आदतें डालती है, तभी संस्कार पक्के होते है। चिड़ियाओं के लिए दाना और पानी रखने की प्रेरणा देने वाली कुटिया की चिड़िया का विद्यार्थियों द्वारा सुंदर मंचन किया गया। सिद्ध भाऊ के पवित्र हाथों से कक्षा प्रथम के विद्यार्थियों के अभिभावकों को सकोरे तथा एक पैकेट चावल के दाने वितरित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य राजेश लालवानी भी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# भारत रक्षा मंच संत हिरदाराम नगर कार्यकारिणी का किया गठन



## मुकेश ग्वालानी को बनाया अध्यक्ष, बसंत चेलानी भी कार्यकारिणी में शामिल

**संत हिरदाराम नगर।** भारत को हिन्दु राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने के लिए भारत रक्षा मंच का गठन किया गया था। इसको लेकर शुक्रवार को संस्कार विद्यालय में एक साधारण सभा का आयोजन किया गया। जिसमें संत नगर की कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भारत रक्षा मंच के राष्टीय संयोजक सूर्यकांत केलकर उपस्थित थे। नारायण पारवानी ने सुर्यकान्त केलकर के बारें में बताते हुए कहा कि केलकर उस पीड़ी के जिन्होंने बहुत त्याग किया जो हमारी कल्पना से परे है वे यदि चाहते तो किसी बड़े पद जा सकते थे लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया वे संघ के प्रचारक बने और संघ वालों ने उन्हें विद्यार्थी परीषद कार्य दिया।

सुशील वासवानी ने भी संबोधित किया। सुर्यकान्त केलकर ने भारत रक्षा मंच के गठन करने के विचार के बारे में बताते हुए कहा कि इसका विचार हमें तभी आया कि हमारे देश में स्वाधीनता के बाद दुर्भाग्य ऐसा रहा है कि राजनितिक स्थिती में सामान्यत: हिन्दुत्व का विचार नहीं किया जाता जो कि एक विचारणीय बात है इसी को ध्यान में रखते हुए भारत रक्षा मंच का गठन किया गया। भारत रक्षा मंच, संत हिरदाराम नगर में अध्यक्ष के पद पर मुकेश ग्वालानी, उपाध्यक्ष पद पर राजकुमार सुखवानी, कन्हैया मोटवानी, रामचन्द सभनानी, प्रकाश देवना, बसंत चेलानी को घोषित किया गया। इस अवसर पर सुन्दर कलतारी, चन्दर नागदेव, महेश गर्ग आदि कई उपस्थित थे।

# बुद्धभूमि महाविहार में कई संगठनों ने संयुक्त रूप से मनाई अंबेडकर जयंती

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

बुद्धभूमि महाविहार मोनेस्ट्री, चुनाभट्टी ,कोलार रोड भोपाल में दी बुद्धभूमि धम्मदूत संघ ,अहिरवार समाज संघ ,दलित इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (डिक्की ) ,जागड़ा समाज संघ ,अखिल भारतीय मेहरा समाज महासंघ ,म प्र सर्व जाठव संघ ,ऑल इंडिया एससी/एसटी एसोसिएशन, अखिल भारतीय बलाई समाज महासंघ, बहुजन सोशल फ्रंट, जय आदिवासी युवा शक्ति, ओबीसी एससी /एसटी एकता मंच, राष्टीय बौद्ध महासभा एवं सेकड़ों सामाजिक समाज सेवी संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में डॉ बाबासाहेब आंबेडकर की 132वीं भीम जयंती संयुक्त महाउत्सव समारोह -2023 शुक्रवार सायंकाल 6:30 से इस विराट आयोजन को समानता ओर ज्ञान दिवस के रूप मे मनाया गया जिसमे कार्यक्रम के उद्घाटन -= परम पूज्य भदंत दीपांकर सुमेधो महाथेरो,अध्यक्ष - बुद्धिस्ट कल्चरल फाउंडेशन,पांडिचेरी, विशेष अतिथि -= पूज्य भदंत करुणा बोधि, अध्यक्ष -यूथ बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया न्यू दिल्ली, पीसी शर्मा पूर्व मंत्री एवं विधायक दक्षिण पश्चिम भोपाल, राहुल कोठारी, प्रदेश मंत्री भाजपा, संजीव सक्सेना, महामंत्री- कांग्रेस कमेटी मध्य प्रदेश, मालती राय महापौर, किशन सूर्यवंशी, अध्यक्ष- भोपाल नगर निगम विभिन्न सम्मानित गणमान्य लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए।




इस पूज्यनिय जयंती महापर्व बौद्धधर्म गुरु भंते दीपंकर सुमेधो महाथेरो ने कहा की डॉ. अम्बेडकर समानता को लेकर काफी प्रतिबद्ध थे। उनका मानना था कि समानता का अधिकार धर्म और जाति से ऊपर होना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति को विकास के समान अवसर उपलब्ध कराना किसी भी समाज की प्रथम और अंतिम नैतिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। अगर समाज इस दायित्व का निर्वहन नहीं कर सके तो उसे बदल देना चाहिए। आगे उन्होंने कहा समाज में यह बदलाव सहज नहीं होता है, इसके लिए कई पद्धतियों को अपनाना पड़ता है। आज जब विश्व एक तरफ आधुनिकता की ओर बढ़ रहा है तो वहीं दूसरी तरफ विश्व में असमानता की घटनाएँ भी देखने को मिल रही हैं। इसमें कोई दो राय नही है कि असमानता प्राकृतिक है, जिसके चलते व्यक्ति रंग, रूप, लम्बाई तथा बुद्धिमता आदि में एक-दूसरे से भिन्न होता है। लेकिन समस्या मानव द्वारा बनायी गई असमानता से है, जिसके तहत एक वर्ग, रंग व जाति का व्यक्ति अपने आप को अन्य से श्रेष्ठ समझ संसाधनों पर अपना अधिकार जमाता है। यूएनओ द्वारा इस संदर्भ में प्रति वर्ष नस्लीय भेदभाव उन्मूलन दिवस मनाया जाता है, जो आज भी समाज में व्याप्त असमानता को प्रकट करता है। भारत में इस स्थिति की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए संविधान के अंतर्गत अनुच्छेद 14 से 18 में समानता का अधिकार का प्रावधान करते हुए समान अवसरों की बात कही गई है। यह समानता सभी को समान अवसर उपलब्ध करा सकें, इसके लिए शोषित, दबे-कुचलों के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया। इस प्रकार अम्बेडकर के समानता के विचार न सिर्फ उन्हें भारत के संदर्भ में, बल्कि विश्व के संदर्भ में भी प्रासंगिक बनाते हैं।

मुख्य संयोजक बौद्ध धम्मगुरु भंते शाक्यपुत्र सागर थेरो और विभिन्न समाजसेवी संस्थाओ द्वारा समानता ओर ज्ञान दिवस के रूप मे समारोह का आयोजन करने के लिए सभी बहुजन समाज को साधुवाद प्रदान किया ओर भीम जयंती संयुक्त महाउत्सव समारोह समिति के अध्यक्ष वरिष्ट समाजसेवी श्रद्धेय माधो सिंह जी ने विभिन्न प्रभारी समितिओ के द्वारा समारोह को सुव्यवस्थित बनाने के लिए उनके प्रयासो की सराहना की ,इस समारोह में डॉ बाबासाहेब अंबेडकर के जीवन दर्शन पर संविधान नृत्य नाटिका ओर अंबेडकर की जीवन यात्रा पर मै बाबासाहेब बोलतोय नृत्य नाटक की भव्य प्रस्तुति के साथ लोगों को मंत्रमुग्ध किया, भोपाल शहर के विभिन्न नगरों की पधारी हुई झांकियों मे देशम संघटन कौ प्रथम इनाम ?51000 तथा को तथा प्रतिभागी झांकियों को 2500-2500 हजार रुपए संस्था दी बुद्धभूमि धम्मदूत संघ और भीम जयंती संयुक्त महाउत्सव समारोह समिति द्वारा प्रदान किया गया इस अवसर पर डॉ बाबासाहेब आंबेडकर की 132 वी जयंती पर 132 किलोग्राम का विशाल केक केक कटिंग कर बाबासाहेब आंबेडकर के प्रति अभिवादन कर कृतज्ञता व्यक्त की तथा 41 विभिन्न समाजसेवियों को डॉ बाबासाहेब आंबेडकर सामाजिक सम्मान देकर गौरवान्वित किया गया. इस बैठक में पूज्य भंते राहुलपुत्र, आर आर गंगवार सेवानिवृत्त आईएएस ,राजेश बांधेवाल ,रामस्वरूप निमोरे,राजेश कुमार अहिरवार, प्रताप चंद्र जाटव, संदीप वकोड़े, चंद्रभान वासनिक, एस एस निम्बलकर, श्यामलाल रामटेके, प्रियंक सकवार, चंद्रप्रकाश गोलाईत, रामप्रसाद सीलोरिया, वंदना मुलताईकर,स्वाती आशा,संघमित्रा ताईवादे, आर के मेहरा, अनिल सिरवैया, अमृत बबीता, कैलाश वह्ले ,राजेंद्र प्रसाद, बीड़ी अहिरवार, अमर सिंह चौधरी, एल एल अहिरवार, ,संजय गजभिए, संदीप वाकोड़े, धनंजय जंभुलकर,ज्ञानेश्वर पाटिल, सुखदेव वाकोड़े, वैशाली मानहर, सुनीता सेजवाल, सुशीला गजभिए, साधना भारती, रेखा मेश्राम ,प्रदीप रामटेके, राहुल जाधव, प्रेमलता सिरोलिया और भीम जयंती संयुक्त महाउत्सव समारोह मे रात 1.30 बजे तक चलता रहा जिसमे 8000 -10000 हजार लोगों की तादाद अंबेडकर अनुयाई सम्मिलित हुए।

## डॉ. अंबेडकर के चित्र पर बालिस्ता रावत ने किया माल्यार्पण

**भोपाल।** भाजपा अजजा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, भोपाल जिला प्रभारी बालिस्ता रावत ने सामाजिक, समानता के प्रेरणा सोत्र, भारतीय संविधान के रचयिता, भारत रत्न से सम्मानित बाबासाहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर जयंती मनाई एवं अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए संबोधित किया। कार्यक्रम में अधिवक्ता केपी, बिंद्रपाल सिंह बाथम, कैलाश सोनी, आदित्य दुर्गा, सुमंती बाघ, जेमा दुर्गा, महेंद्र जैन, चन्ना मंगराज, भोदेव बिहार, पप्पू सुनानी, विजय बाघ, शंकर बाघ एवं अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# स्पिक मैके भोपाल चैप्टर ने आयोजित की रमज़ान हैरिटेज वॉक

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



स्पिक मैके भोपाल चैप्टर द्वारा अपनी तरह का अनूठा रमज़ान हैरिटेज वॉक आयोजित किया गया। औक़ाफ़-ए-शाही के सहयोग से आयोजित इस हैरिटेज वॉक का उद्देश्य भोपाल शहर की पुरातात्त्विक वास्तुकला, सामाजिक-सांस्कृतिक बुनावट और विशेषकर रमज़ान के पवित्र महीने का माहौल से रूबरू कराना था। वॉक की शुरुआत मोती मस्जिद से हुई जहाँ वास्तुविद सविता राजे ने मस्जिद निर्माण की ख़ासियत बताई। उसके बाद बुधवारा चार बत्ती स्थित कुलसुम बीबी साहिबा की मस्जिद से कबीट वाली मस्जिद होते हुए चिंतामन चौक स्थित जमा मस्जिद पहुँचा। विशेषज्ञों ने बताया कि एक आम कुंजड़िन के नाम पर और तमाम फल, फूल के नाम पर अनेक गालियाँ और मस्जिद का नाम रखा गया है।



जमा मस्जिद का निर्माण कुदसिया बेगम ने करवाया था और उसके उद्घाटन के वक़्त से उन्होंने मस्जिद की मीनारों को नज़र उठाकर नहीं देखा ताकि उन्हें कहीं अभिमान न होजाए। हेरिटेज वॉक के दौरान शहर के जानकर-विशेषज्ञ ऐसी तमाम रोचक बातें बताते गए। जिनमे डॉक्यूमेंट्री फ़िल्मकार और स्पिक मैके उपाध्यक्ष सुनिल शुक्ल, अनस अली और आज़म भाई शामिल रहे। इब्राहिमपुरा होता हुआ काफ़िला वापस मोती मस्जिद पहुँचा जहाँ पारम्परिक खजूर, नुक्ती खारे, समोसा और फलों सहित इफ़्तारी के साथ रमज़ान हैरिटेज वॉक का समापन हुआ। इस हैरिटेज वॉक में 125 लोगों ने भाग लिया जिनमे राष्टीय संस्थानों के निदेशक, सम्पादक, इलस्ट्रेटर, आर्टिस्ट, अधिकारी और जिज्ञासु युवा शामिल थे।





# प्रदेश का नाम किया रोशन




**भापाल।** क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया ने 10 अप्रैल 2023 को भारत की पहली 17 सदस्यीय महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम की घोषणा की जिसमें मध्य प्रदेश की सुषमा पटेल दमोह एवं प्रिया कीर नर्मदापुरम का चयन हुआ। भारतीय महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम अपने पहले ऐतिहासिक दौरे पर 25 से 30 अप्रैल के बीच 5 टी 20 मैच खेलेगी।

मध्यप्रदेश के लिए यह गौरव की बात है कि सुषमा पटेल को भारतीय टीम की कप्तानी सौंपी गई है एवं मध्य प्रदेश की कृतिका चारवे भारतीय टीम की कोच बनकर टीम के साथ जाएगी। मध्यप्रदेश महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम पिछले दो संस्करणों से ग्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लेती आ रही हैं CABMP के द्वारा अभी तक 500 से अधिक ब्लाइंड लड़कियों को क्रिकेट का प्रशिक्षण दिया जा चुका हैं। लड़कियों के अच्छे प्रदर्शन के बाद उन्हें प्रदेश की टीम में शामिल किया जाता हैं भारतीय टीम के चयन के लिए आयोजित सिलेक्शन केम्प में मध्यप्रदेश से चार लड़कियों का चयन हुआ था, जिनमे से दो लड़कियों ने भारतीय टीम में स्थान बनाया सुषमा पटेल मध्यप्रदेश ब्लाइंड क्रिकेट टीम की भी कप्तान हैं। अध्यक्ष डॉ राघवेंद्र शर्मा ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए इन्हें मध्यप्रदेश के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया जिसमें भारतीय महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम की पहली कप्तान मध्य प्रदेश से होगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर सोनू गोलकर ने खुशी जताते हुए बताया कि हमारे लिए गौरव का क्षण है पिछले 2 वर्षों से हमारे प्रदेश की टीम राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करती आ रही थी जिसका आज हमें सुखद परिणाम मिला।

# ब्राह्मण महाकुंभ के आयोजन को लेकर बैठक कल



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

भोपाल में आगामी माह में ब्राह्मण समाज मध्यप्रदेश द्वारा प्रादेशिक स्तर का ब्राह्मण महाकुंभ आयोजित किया होने जा रहा है जिसमें भोपाल सहित प्रदेश भर से विप्रजन संगठित होंगे।

शुक्रवार को भोपाल के पांच नंबर शिवाजी नगर स्थित परशुराम मंदिर में ब्राह्मण समाज मध्यप्रदेश के प्रतिनिधियों की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से पंडित गौरी शंकर शर्मा कक्का जी को ब्राह्मण समाज मध्यप्रदेश इस आयोजन का अध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही रामबाबू शर्मा को कोषाध्यक्ष एवम आशीष तिवारी को सह कोषाध्यक्ष मनोनित किया गया। आगामी दिनों में अध्यक्ष द्वारा संगठनों से विचार कर पदाधिकारियों की कार्यकारिणी तथा कोर ग्रुप की टीम बनाई जाएगी इस बैठक में भोपाल के विभिन्न ब्राह्मण संगठनों के प्रतिनिधि एवं पदाधिकारी उपस्थित थे। आयोजन को लेकर ब्राह्मण समाज मध्यप्रदेश की आगामी प्रादेशिक स्तर की बैठक मानस भवन गुफा मंदिर में 16 अप्रैल को दोपहर 12 बजे रखी गई है जिसमें संपूर्ण प्रदेश के ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

## ब्राह्मण समाज महिला मोर्चा की पुन: प्रदेश अध्यक्ष बनी सावित्री तिवारी



**भोपाल।** अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज मध्य प्रदेश के भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में सावित्री तिवारी जी को पुन: महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। श्रीमति तिवारी विगत 3 वर्षों से संगठन की महिला मोर्चा के अध्यक्ष पद पर आसीन रहीं हैं और उनके मार्गदर्शन में ब्राह्मण समाज की महिलाओं द्वारा अनेक प्रदेश स्तरीय सराहनीय कार्यक्रम आयोजित किए गए । उनके संगठन के प्रति समर्पण और निष्ठा को देखते हुए प्रदेश अध्यक्ष पंडित पुष्पेंद्र मिश्रा द्वारा एक बार पुन: उन्हें प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा के पद पर मनोनित किया गया। आयोजन में भोपाल जिले की जिला अध्यक्ष श्रीमती पूर्वा त्रिवेदी सहित अन्य महिला मोर्चा पदाधिकारी मंजू शर्मा , संगीता तिवारी, कविता शर्मा, सीमा मिश्रा, मनोरमा दिवेदी, मनीषा संजीव शर्मा, अरुणा शर्मा सहित अन्य कार्यकारिणी की सदस्य भी उपस्थित रहीं। आयोजन में प्रदेश की अन्य महत्वपूर्ण कार्यकारिणी के पदों की घोषणा भी की गई।

# डॉ. अंबेडकर के संविधान ने भारत को विश्व में सशक्त बनाया: गोविंद सिंह राजपूत




## अंबेडकर जयंती पर राहतगढ़ एवं सीहोरा पहुंचे राजस्व एवं परिवहन मंत्री, मूर्ति पर माल्यार्पण कर क्षेत्रवासियों को दी बधाई

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर राहतगढ़ एवं सीहोरा पहुंचे राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुये क्षेत्रवासियों को संविधान रचियता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती की बधाईयां दी। इस अवसर पर राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर स्वतंत्र भारत के शिल्पकार हैं जिन्होंने हर छोटी से छोटी व्यवस्था को ध्यान में रखकर संविधान बनाया बाबा साहेब के संविधान ने भारत को विश्व में सशक्त किया है आज पूरा विश्व भारत के संविधान से सीख लेता है, जहां हर जाती धर्म के लोगों को समान अधिकार दिया जाता है। हमारे संविधान ने देशवासियों को एकता के सूत्र में पिरोया है जहां सबके लिये एक ही कानून है जहां सबके लिये एक समान अधिकार हैं। श्री राजपूत ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर विदेश में पढ़े उनके पास 34 डिग्रीयां थी और 9 भाषाओं का उन्हें ज्ञान था। देश स्वतंत्र होने के बाद व्यवस्था की बात जब आई तो सभी के पास सिर्फ डॉ. भीमराव अंबेडकर ही विकल्प थे जिन्होंने भारत को व्यवस्थित संविधान देकर खंड खंड बटे देश को अखंड राष्ट्र बनाया। श्री राजपूत ने कहा कि बाबा साहेब का कहना था कि शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो। उन्होंने हमेशा शिक्षा पर जोर दिया है क्योंकि शिक्षा ही वह शस्त्र है जिससे राष्ट्र निर्माण हो सकता है। श्री राजपूत ने कहा कि भाजपा की सरकार डॉ. भीमराव अंबेडकर के आदर्शों और सिद्धांतों पर चलने वाली सरकार है जिसमें सभी वर्गों के लिये समान अधिकार और योजनाऐं है जिससे सभी वर्गों के लोग लाभांवित हो रहे हैं। हमें यह गर्व की बात है कि भाजपा के शासन काल में सागर में विश्व का सबसे बड़ा संत रविदास जी का मंदिर बनाया जायेगा जिसकी लागत 100 करोड़ होगी। श्री राजपूत ने क्षेत्रवासियों का आवाहन करते हुये कहा कि हमें बाबा साहेब के सिद्धातों को आत्मसात करते हुये अपनी समाज और राष्ट्र के लिये कार्य करना है।

### सीहोरा में रविदास मंदिर, राहतगढ़ में बाबा साहेब की मूर्ति लगेगी

इस अवसर पर राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात देते हुये कहा कि सीहोरा में संत रविदास जी का मंदिर बनाया जायेगा तथा राहतगढ़ में बाबा साहेब अंबेडकर की सुंदर मूर्ति लगाई जायेगी। क्षेत्रवासियों ने राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत कि घोषणा पर तालियां बजाकर उनका स्वागत किया। श्री राजपूत ने मंच पर समाज के माते तथा मुखिया का फूल मालाओं से स्वागत करते हुये सम्मान किया। इस अवसर पर अनु.जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष नरेन्द्र अहिरवार ने कहा कि राजस्व एवं परिवहन मंत्री ने हमेशा ही हमारे समाज के लिये आगे बढ़कर कार्य किये है फिर चाहे वह मंदिर निर्माण के कार्य हों या बाबा साहेब कि मूर्ति निर्माण का कार्य हो हर जगह राजस्व एवं परिवहन मंत्री एवं उनके परिवार जन द्वारा हमारा सहयोग किया गया है।

इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र राय, पप्पू राय, अशोक, बलराम, तुलसीराम अहिरवार, भाजपा नेता देवेन्द्र पप्पू फुस्केले, अनिल जैन, डेलन अहिरवार, रवि मंगोल्या, रघुराज, परषोत्तम, राजू अहिरवार, विजय जाटव, नेतराम, ललित अहिरवार, कमल पटैल मंडल अध्यक्ष, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, पुष्पेन्द्र मीणा, प्रवीण गोस्वामी, विनोद कपूर, दीपक अहिरवार, नेकीराम खटीक, दयाराम, अमित राय मंडल अध्यक्ष, विनोद केशरवानी, उदय लोधी, कमल लोधी, रोहित, राजू अहिरवार, चुन्नीलाल अहिरवार, चूरामन आठिया, राजकुमार सहित सैकड़ों क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने बैसाखी पर गुरुद्वारा टीटी नगर में मत्था टेका

**भोपाल।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने बैसाखी के अवसर पर गुरुद्वारा टीटी नगर में मत्था टेका। उपस्थित गुरुद्वारा कमेटी के पदाधिकारियों व संगत को बैसाखी पर्व की शुभकामनाएं दी। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान स.जोगिंदर सिंह ने इस अवसर पर उनका शाल भेटकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर उनके साथ भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नरेन्द्र सलूजा, नेहा बग्गा भी उपस्थित थी। इस अवसर पर गुरुद्वारा कमेटी के स.जोगिंदर सिंह , अमरीक सिंह , कुक्कू बेदी, जेपीएस अरोरा, जसबीर सिंह ऋषि , निटू धीर, अमन अरोरा, विक्की ओबराय आदि उपस्थित थे।

## कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए विधायक जीतू पटवारी को प्रेक्षक नियुक्त



**भोपाल।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव हेतु विधायक जीतू पटवारी को प्रेक्षक नियुक्त किया गया। 28 लोक सभा और 224 विधानसभा सीटों वाले राज्य कर्नाटक में 10 मई को विधानसभा चुनाव के लिए मतपत्र डाले जाएंगे जिस के परिणाम की घोषणा 13 मई को होगी। कांग्रेस पार्टी जोर शोर से कर्नाटक विधानसभा की तैयारी में लगी हुई है जैसा की विधित है विभिन्न प्री पोल और एजेंसियों के सर्वे में कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार बहुमत से बनने वाली है, इसी कड़ी को मजबूत करते हुए कांग्रेस पार्टी ने कल दिनांक 14 अप्रैल को कर्नाटक विधानसभा के लिए 29 ऑब्जर्वर एवं बेंगलुरु शहर की सीटो के लिए 5 प्रेक्षक की नियुक्ति की है, पार्टी द्वारा मध्य प्रदेश से जीतू पटवारी जो कि राऊ इंदौर सीट से विधायक वा मध्य प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष है को कर्नाटक विधानसभा चुनाव में ऑब्जर्वर की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है,जीतू पटवारी जी 18 तारीख को बेंगलुरु में आयोजित बैठक में सम्मिलित होकर वहां दी गई जिम्मेदारी संभाल कर कार्य शुरू करेंगे।

## अमरनाथ यात्रा 1 जुलाई से प्रारंभ होगी

**भोपाल।** ओम शिव शक्ति सेवा मंडल रजिस्टर्ड भोपाल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि लंबे इंतजार के बाद श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड द्वारा इस वर्ष होने वाली अमरनाथ यात्रा की तिथि की घोषणा कर दी गई है जो 01 जुलाई से आरंभ होकर 30 अगस्त रक्षा बंधन तक 61 दिन चलेगी। इसके लिए पंजीयन 17 अप्रैल से शुरू होंगे । पंजीयन हेतु भोपाल के तीन बैंक जिनमें जम्मू एंड कश्मीर बैंक जवाहर चौक,,पंजाब नेशनल बैंक, न्यू मार्केट एवम स्टेट बैंक ऑफ इंडिया टी टी नगर भोपाल को अधिकृत किया है । इसके साथ साथ मध्यप्रदेश के अन्य स्थानों के 31 बैंकों को भी पंजीयन हेतु अधिकृत किया है।

## पद्मश्री कैलाश मड़बैया को हैदराबाद में मिला राष्ट्रीय सम्मान

**हैदराबाद।** दक्षिण भारतीय क्षत्रिय ट्रस्ट , साहित्य सभा और राजपूत राष्ट्रीय संस्थान के तत्वावधान में राणा प्रताव कन्वेशन सभाग्रह हैदराबाद में , प्रसिद्व पद्म श्री साहित्यकार डॉ. कैलाश मड़बैया भोपाल को उनकी राष्ट्रीय उच्च स्तर की साहित्यिक सर्जनाओं के लिये 'राष्ट्रीय बुन्देल गौरव-2023' उपाधि देकर अभिनन्दित किया गया। सूत्रधार रवीन्द्रनाथ सिंह ने अंगवस्त्र, आलोक कुमार सिंह ने मणिमाल, प्रवीण सिंह ने मान पत्र आदि इेकर सम्मानित किया। समारोह की अध्यक्षता बोंदेली ट्रस्ट बोर्ड के चेयरमेन के. रवीन्द्र नाथ ने की। नरेष सिंह बिसेन,रामेश्वर सिंह, उमेश सिंह, कमलराज सिंह आदि ने कैलाश मड़बैया को उपहार देकर सम्मान किया। कैलाश मड़बैया ने रचना पाठ करते हुये प्रभावी वक्तव्य ,मुख्य अतिथि पद से देकर सभी का मन मोह निया। तैलंगाना सरकार के डायरेक्टर समाज कल्याण विभाग आलोक सिंह विशेष अतिथि ने मड़बैया का सम्मान करते हुये आभार ज्ञापन किया।

## एम्स में अम्बेडकर जयंती पर हुआ कार्यक्रम

**भोपाल।** एम्स में भारत रत्न बाबा साहेब का 132वां जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि एम्स भोपाल के माननीय निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह थे । इस अवसर पर उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में उपनिदेशक प्रशासन कर्नल (डॉ) अजीत कुमार और डीन अनुसंधान प्रो (डॉ) देबाशीष विश्वास, प्रो श्याम लाल, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कर्मचारी शिकायत निवारण समिति के अध्यक्ष और डॉ ई जयशंकर, संपर्क अधिकारी एससी/एसटी, एम्स भोपाल थे । इस पावन अवसर पर निदेशक महोदय ने एलटी-4 में बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया । इसके बाद उन्होंने फैकल्टी, नर्सिंग स्टाफ, प्रशासनिक स्टाफ, छात्रों और परिवारों की सभा को संबोधित किया । निदेशक एम्स भोपाल ने उपस्थित सभी सदस्यों को शपथ दिलाई कि हम सभी को अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में डॉ अंबेडकर की शिक्षाओं को आत्मसात करने का प्रयास करना चाहिए ।





भोपाल। बैसाखी पर्व पर अरोरा कालोनी गुरूद्वारा कमेटी को वृक्ष मित्र सुनील दुबे ने बारहमासी नीबू का पौंधा भेंट किया। इस दौरान कमल कौर और अध्यक्ष,सचिव सभी मौजूद थे ।



भोपाल। बैसाखी पर्व पर फिल्म अभिनेता राजीव वर्मा के घर पर लगे नीबू के पेड़ से पौधे तैयार कर लगाए है। बाबा नानक साहेब प्रेरणा समिति एम्स अस्पताल गेट नंबर 3 के सामने सेवा देने आए आए रूची क्षत्रिय के परिवार और समिति के अध्यक्ष ने भेंट किए ।

## प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आने पर पुलिस के स्वाभिमान और गरिमा को लौटाने का काम किया जाएगा: डॉ. संदीप सबलोक



**भोपाल/ सागर।** मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार आने पर पुलिस के स्वाभिमान और गरिमा को लौटाने का काम किया जाएगा। भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा पुलिस के साथ की जा रही अभद्रता और अपमान की घटनाओं पर उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में पुलिस के साप्ताहिक अवकाश के निर्णय को प्राथमिकता से लागू किया जाएगा।

यह बात मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डॉ संदीप सबलोक ने कही है। उन्होंने कहा कि पुलिस के स्वाभिमान और सम्मान को लेकर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व आगामी मुख्यमंत्री माननीय श्री कमलनाथ जी बेहद चिंतित और संवेदनशील है। धार व छतरपुर जिलों में भाजपा नेताओं द्वारा पुलिस से मारपीट व अभद्रता की हाल की घटनाएं बेहद शर्मनाक है। उन्होंने कहा है कि अपराधियों का पता लगाकर उन्हें दंड दिलाने तथा समाज में शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में काम करती है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ संदीप सबलोक ने कहा कि प्रदेश भर में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा अपने अवैध और नाजायज कामों को कराने का दवाब बनाने के लिए पुलिस के अधिकारी व कर्मचारियों के साथ अभद्रता और अपमान की अनेक घटनाएं सामने आ चुकी है। लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार ने इन घटनाओं पर किसी भी तरह से गंभीरता नहीं दिखाई है। जिसके चलते अधिकांश घटनाओं में ऐसे नेताओं और कार्यकर्ताओं पर सरकार द्वारा किसी भी तरह की कार्यवाही नहीं कर उनकी पीठ थपथपाने और पुलिस का मनोबल तोड़ने का काम किया है।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ संदीप सबलोक ने आगे कहा कि माननीय श्री कमलनाथ जी के नेतृत्व वाली कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार ने पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए साप्ताहिक अवकाश का निर्णय लिया था। लेकिन भाजपा की सरकार आने के बाद इस निर्णय का लाभ पुलिस के अधिकारी और कर्मचारियों को नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष माननीय श्री कमलनाथ जी ने इस बात पर दुख और रोष व्यक्त करते हुए कहा है कि कांग्रेस की सरकार आते ही उनका यह पुराना निर्णय फिर लागू किया जाएगा।

## सांची बौद्ध विश्वविद्यालय: आरक्षित पदों में हेरफेर करने के लिए बदल दिए विषयों के नाम

### हाई कोर्ट की रोक के बाद भी 73 प्रतिशत आरक्षण से भर्ती

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

साँची बौद्ध विश्वविद्यालय द्वारा जारी नए भर्ती रोस्टर में आरक्षण नियमों में छेड़छाड़ करने का विवाद सामने आया है। विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने आरक्षण के पदों में हेरफेर करने के लिए हिंदी लिट्रेचर विषय को एप्लाइड हिंदी, एन्वायर्नमेंट इंडियन पेंटिंग विषय को एप्लाइड इंडियन आर्ट, हिमालयन बुद्धिस्ट स्टडीज विषय को बुद्धिस्ट फिलोसॉफी, इंग्लिश लिट्रेचर को इम्प्रैशन ऑफ़ लिट्रेचर इंग्लिश, डिज़ाइन को मेटेलिक आर्ट एंड डिजाइन के साथ ही 1 दर्जन विषयों के नाम बदलकर विज्ञापन जारी किया है। ज्ञात हो कि रोस्टर अंग्रेजी वर्णमाला के क्रम में तैयार की जाती है। विषय के नाम बदलने के कारण पुराने रोस्टर के विषयों के क्रम भी बदल गए है।

### हाई कोर्ट की रोक के बाद भी 73 प्रतिशत आरक्षण से भर्ती

मप्र सरकार ने सरकारी नौकरियों में अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण लागू किए जाने का मामला हाई कोर्ट में लंबित है। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने 50 प्रतिशत से ज्यादा आरक्षण व्यवस्था लागू कर की जा रही सभी भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगा रखी है। इसके बावजूद साँची बौद्ध विश्वविद्यालय नें 73 प्रतिशत आरक्षण व्यवस्था लागू कर भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कोर्ट के फैसले पर अमल करने के बजाय उल्लंघन किया जा रहा है।

ओबीसी 27 प्रतिशत आरक्षण में यह है पेंच: इंदिरा साहनी एवं अन्य बनाम केंद्र सरकार (यूनियन ऑफ इंडिया) मामले में सर्वोच्च न्यायालय की संवैधानिक पीठ ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए जाति आधारित आरक्षण की अधिकतम सीमा 50 प्रतिशत तय कर दी है। इसके बाद देश और राज्यों द्वारा लागू कानून जाति आधारित आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत से ज्यादा नहीं की जा सकती। यह फैसला इसलिए ऐतिहासिक माना जाता है जिसने जातिगत आरक्षण की सीमा तय कर दी थी। क्योंकि राजनीतिक कारणों से आरक्षण बढ़ता ही जा रहा था। यह फैसला 9 जजों की लार्जर बेंच ने दिया था। इस फैसले के बाद अनेक बार इस फैसले पर पुनर्विचार की मांग की गई लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इस पर पुनर्विचार से इंकार कर दिया है।

## कांग्रेसजनों ने जयंती पर डॉ. अम्बेडकर का किया स्मरण

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर राजधानी स्थित विभिन्न स्थानों पर स्थापित बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर कांग्रेसजनों ने उनकी प्रतिमा एवं चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उनका पुण्य स्मरण किया। वहीं प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उनका पुण्य स्मरण किया। उपस्थित कांग्रेसजनों ने देश के प्रति उनके योगदान और संविधान पर संक्षिप्त वृतांत रेखांकित कर बाबा साहेब द्वारा बनाये संविधान और उनके सिद्वांतों का अनुसरण करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं संगठन प्रभारी राजीव सिंह ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संविधान बनाकर पूरे देश को एक सूत्र में पिरोया, आज कुछ फासिस्टवादी ताकतों द्वारा संविधान को कुचला जा रहा है व तार-तार कर लोकतंत्र की हत्या की जा रही है, जिससे पूरे देश पर संकट के बादल छाये हुये हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने गरीबी-अमीरी, छुआछूत को परे रखते हुए सर्वधर्म सम्भाव को दृष्टिगत रख संविधान की परिकल्पना की थी।

प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के उपाध्यक्ष भूपेन्द्र गुप्ता ने कहा कि कुछेक फिरकापरस्त ताकतों द्वारा संविधान पर हमला कर आज अराजकता का माहौल निर्मित कर समाज को बांटा जा रहा है। देश को गर्त की ओर ले जाने वाले जो लोग आज देश का नेतृत्व कर रहे हैं, उनके द्वारा संविधान के साथ छेड़छाड़ कर देश की जनता को भ्रमित करने का काम किया जा रहा है। ऐसी ताकतों से हर भारतवासी को सावधान रहने की आवश्यकता है और हर भारतवासी को संकल्प लेना चाहिए कि संविधान के साथ छेड़छाड़ करने वालों को सबक अवश्य सिखायेंगे।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष चंद्रप्रभाष शेखर, प्रकाश जैन, जे.पी. धनोपिया, मीडिया अध्यक्ष के.के. मिश्रा, मीडिया उपाध्यक्ष भूपेन्द्र गुप्ता, दीपचंद यादव, डॉ. महेन्द्र सिंह चौहान, कैलाश मिश्रा, सुनील सूद, राजकुमार पटेल, विक्रम चौहान, अब्बास हफीज, मिथुन अहिरवार, प्रशांत गुरूदेव,फरहाना खान, बी.डी. गौतम, मुईन उद्दीन सिद्दीकी, महेश नंद मेहर, गुड्डी जाटव, शिवम शुक्ला, उमेश झा, महेश साहू, महक राणा, हाकिम सिंह रघुवंशी, सतीश कनोजिया, अतुल मालवीय, मोहिन्दर नागर, सुबोध जैन, पक्ष खाम्बरा, बृजलाल साहू, बाहिद चौधरी, भारती बाथम, गोपाल खरे, संजय गुप्ता, वीरेंद्र जैन, राजेश जैन सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता और कार्यक्रम समन्वयक आनंद तारण ने कार्यक्रम का संचालन किया एवं संबिधान का पालन कर देश की एकता, अखंडता, संबिधान को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प दिलाया!

## स म्पा द की य

# आयुष्मान घोटाला

मध्य प्रदेश में आयुष्मान योजना में लगातार घोटाला होने की खबरें आ रही हैं। राज्य के कुल 542 निजी अस्पताल शामिल हैं, जिनमें से 70 अस्पतालों के खिलाफ जांच चल रही है। इन अस्पतालों में फर्जी मरीजों के आधार पर बिलिंग कराए जाने के मामले सामने आए हैं। ये तो शिकायतों के आधार पर मामले बने हैं, जानकारी तो यह निकल रही है कि अधिकांश अस्पतालों में आयुष्मान योजना की आड़ में गड़बड़ी की जा रही है।

पहले तो जांच को लेकर आई खबर पर नजर डालते हैं। इन अस्पतालों में मरीज आयुष्मान रजिस्टर्ड होने के बाद नगद राशि ली गई। सर्दी-जुकाम जैसी मामूली बीमारी का इलाज किया गया जबकि भुगतान दूसरी बीमारी का लिया गया। मरीज गंभीर नहीं था तो भी उसे 10 से ज्यादा दिनों तक गंभीर बताकर भर्ती रखा गया। मरीजों का इलाज करने से इंकार किया जैसे मामले शामिल हैं।

असल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी आयुष्मान भारत योजना में फर्जी मरीजों और फर्जी कार्ड के आधार पर मरीजों का इलाज किया जाता है। जब कार्रवाई होने लगी तो निजी अस्पतालों के संचालकों द्वारा बनाए गए यूनाइटेड हॉस्पिटल्स डायरेक्टर्स एसोसिएशन ने 15 अप्रैल यानि आज से आयुष्मान योजना के नए मरीजों का इलाज नहीं करने की धमकी दे दी। ये स्थिति तब है जबकि आयुष्मान भारत योजना में इलाज कराने वाले मरीजों के इलाज पर खर्च होने वाली 75 प्रतिशत राशि प्राइवेट अस्पतालों के खातों में पहुंच रही है। अस्पताल के संचालकों का आरोप है कि गलती कुछ अस्पताल कर रहे हैं जबकि मरीजों का इलाज करने पर




हर अस्पताल का भुगतान रोका जा रहा है। इसलिए भोपाल संभाग के 200 से ज्यादा अस्पताल 15 अप्रैल से इलाज नहीं करेंगे। इनका दावा है कि निजी अस्पतालों द्वारा जिन मरीजों का इलाज किया गया। उनके इलाज में खर्च हुई राशि करीब 100 करोड़ रुपए से ज्यादा बकाया है। लेकिन राज्य सरकार ये बजट जारी नहीं कर रही है। जबकि सरकार का कहना है कि सभी अस्पतालों की राशि नहीं रोकी जा रही है।

देखा जाए तो प्रदेश में 1037 निजी और सरकारी अस्पताल इस योजना के तहत मरीजों का इलाज कर रहे हैं। इसमें से 542 निजी अस्पताल हैं। जबकि 495 सरकारी अस्पताल हैं। रोजाना 4 हजार से ज्यादा मरीजों का इलाज इन अस्पतालों में हो रहा है। सरकार करीब 950 करोड़ रुपए मरीजों के इलाज पर खर्च कर रही है। 75 प्रतिशत राशि तो अकेले प्राइवेट अस्पतालों में इलाज कराने वाले मरीजों पर खर्च हो रही है। यानी हर साल प्राइवेट अस्पतालों को 712 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा रहा है। वैसे हमने कोरोना की दूसरी लहर में अस्पतालों की ईमानदारी और उनकी मानवता बनाम संवेदनशीलता देखी है। बमुश्किल दस-पंद्रह प्रतिशत अस्पतालों में ही मानवता के उदाहरण मिले, बाकी में तो संचालक यमराज के बड़े भाई ही साबित हुए। न केवल मरीजों की जान ली, अपितु बड़ी मात्रा में रकम भी वसूली गई।

कोविड की दूसरी लहर में प्राइवेट अस्पतालों का जो चेहरा सामने आया, उससे तो कई बार इस प्रोफेशन से नफरत सी होने लगी है। लोगों से भी पैसा वसूला गया और सरकार से भी हर मरीज के हिसाब से बिल लगाकर पैसा लिया। लोगों के घर-मकान और खेत बिक गए, कर्ज लेना पड़ा इलाज के लिए। बात आयुष्मान की हो या कोविड की। या फिर सामान्य इलाज की, निजी अस्पताल ज्यादातर केवल और केवल लूट का ही माध्यम बन गए हैं। वो कहते हैं कि हम लोगों को ठीक करने के लिए नहीं, पैसा कमाने के लिए बैठे हैं। ये हमारा व्यवसाय है। डाक्टरी पढ़ने में अब लाखों नहीं, करोड़ों रुपए लगते हैं। अस्पताल खोलने में करोड़ों की पूंजी लगाते हैं, क्यों? इंसानियत दिखाने के लिए?

बात उनकी भी सही हो सकती है। लेकिन यदि धंधा करने की नीयत से ही अस्पताल खोले हैं, तो कम से कम इस प्रोफेशन के साथ तो अन्याय ही है। चिकित्सा कभी व्यवसाय का मामला नहीं हो सकता। और जब हम अपने देश की परंपराओं, संस्कृति की दुहाई देते हैं, तो-तो कतई नहीं। पुराने समय में लोग मुफ्त इलाज भी किया करते थे। आज हम पढ़ाई और अस्पताल खोलने में खर्च की बात करते हैं तो बहुत सारे धंधे हैं, चिकित्सा ही क्यों? कम से कम इस विधा को तो बदनाम न किया जाए। संवेदनशीलता की बात तो एक तरफ रखिए, अधिकांश अस्पताल निर्धारित मानकों को पूरा नहीं करते। राजधानी भोपाल में तो अस्पतालों ने पार्किंग तक की व्यवस्था नहीं की है। सड़कों पर जाम लग जाता है, पर हमारे यातायात के पहरुओं की नजर केवल हेलमेट न पहनने वालों पर ही रहती है।

क्या कहा जा सकता है, आज जब हर क्षेत्र धंधे का माध्यम बन गया है। जन सेवा और राजनीति भी... । तो चिकित्सा क्यों इससे अलग रहे। बस धंधा करो, लोगों की जान की कीमत लगाओ। डराओ, अंधाधुंध पैसे वसूलो। कमाई करो। इंसानियत को किताबी पन्नों में दफन कर दो।

# कर्नाटक चुनाव के बाद होगा एमपी का ऑपरेशन

**अरुण दीक्षित**

बीजेपी हाई कमान ने कर्नाटक विधानसभा के लिए अपने प्रत्याशियों की जो सूची अब तक जारी की है उससे उसने एक बड़ा संकेत दिया है।कर्नाटक में अपनी सत्ता को बनाए रखने के लिए उसने जो फैसले लिए हैं उन्हें उन राज्यों के लिए एक संदेश माना जाना चाहिए जो इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव से गुजरने वाले हैं।इन राज्यों में सबसे पहला नाम मध्यप्रदेश का है।

सब जानते हैं कि 2018 के चुनाव में बीजेपी ने तीन राज्यों,राजस्थान,मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में अपनी सरकारें खोई थीं।उसके लिए सबसे बड़ा झटका मध्यप्रदेश से आया था। जहां बहुत ही कम अंतर से उसकी हार हुई थी।छत्तीसगढ़ में बीजेपी की बहुत ही बुरी हार हुई थी।जबकि राजस्थान की जनता ने हर चुनाव में सरकार बदलने का अपना फैसला बरकरार रखा था।

यह अलग बात है कि कांग्रेस में आंतरिक कलह की वजह से हार के करीब सवा साल बाद बीजेपी ने मध्यप्रदेश में फिर से सत्ता हासिल कर ली थी।मजे की बात यह है कि कांग्रेस में विभाजन के जरिए सत्ता पाने के बाद बीजेपी नेतृत्व ने उन्हीं शिवराज सिंह को मुख्यमंत्री बनाया जिनकी अगुवाई में वह चुनाव हारी थी।उधर कांग्रेस आज भी यह आरोप लगाती है कि पैसे के बल पर उसकी सरकार को गिराया गया था।उसके विधायक खरीदे गए थे।उसके निशाने पर सिर्फ और सिर्फ शिवराज सिंह ही हैं।

राजनीतिक क्षेत्रों में यह माना जा रहा था कि बीजेपी नेतृत्व कर्नाटक में ऐसे फैसले नही करेगा जो स्थानीय नेताओं को अच्छे न लगें।क्योंकि दक्षिण में कर्नाटक ही वह राज्य है जिसमें वह सरकार बनाने में सफल हो पाई है।इसके लिए उसने अपने तमाम सिद्धांतों से समझौते किए थे और अब भी कर रही है।

लेकिन इस बार उसने ऐसा किया नहीं।कर्नाटक विधानसभा के लिए घोषित प्रत्याशियों की सूची यह बता रही है कि अब बीजेपी का लक्ष्य सत्ता हासिल करना है,नेताओं को साधे रखना नहीं।हालांकि यह भी कहा जा सकता है कि भ्रष्टाचार के आरोप में जेल गए वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री की पसंद का पूरा ख्याल रखा गया है।लेकिन साथ ही कई बड़े नेताओं को घर बैठा दिया गया है।



यही वो बात है जिसे मध्यप्रदेश के लिए खास संदेश माना जा रहा है।दरअसल कांग्रेस के एक धड़े को साथ लेकर सरकार बनाते समय बीजेपी ने अपने कई बड़े नेताओं को मंत्रिमंडल से बाहर कर दिया था।ऐसा करना उसकी संवैधानिक मजबूरी भी थी और सरकार में रहने का लालच भी।क्योंकि जिनकी मदद से उसने सत्ता हासिल की थी उन्हें सत्ता में हिस्सा देना पहली शर्त थी।

पिछले तीन साल में मध्यप्रदेश में बीजेपी के भीतर बहुत कुछ बदला है।पुरानी पीढ़ी के कई नेताओं को घर बैठा दिया गया है।जो विधानसभा के सदस्य हैं उन्हें मंत्रिमंडल में नही लिया गया।जो मंत्री हैं उनके लिए आगे का रास्ता बंद करने की तैयारी सार्वजनिक हो चुकी है।वरिष्ठ नेताओं की अगली पीढ़ी को परिवारवाद के नाम पर आगे आने से रोकने की व्यवस्था की जा चुकी है!

आज प्रदेश में हालत यह है कि संगठन प्रभावहीन हो चुका है।दावे चाहे जो किए जाएं लेकिन पार्टी कार्यकर्ता उदासीन है।नेता अपने ही भविष्य को लेकर चिंतित है।उन लोगों को रूठे लोगों को मनाने का काम सौंपा गया है जो खुद उपेक्षित रहे हैं या यूं कहें कि खुद रूठे हुए हैं।

सत्ता को बनाए रखने के लिए मुख्यमंत्री ने खाली खजाने का मुंह खोल रखा है। हर संभव कोशिश वे अपनी ओर से कर रहे हैं।उन्होंने प्रदेश में सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री बने रहने का रिकॉर्ड भी बना लिया है।लेकिन यह कड़वा सच है कि 5 साल पहले उनकी अगुवाई में ही बीजेपी चुनाव हारी थी।

ऐसे में कर्नाटक में जो फैसले बीजेपी ने लिए हैं वे मध्यप्रदेश के लिए एक बड़ा संकेत हैं।मध्यप्रदेश की 230 विधानसभा सीटों में से 126 उसके पास हैं।इनमें वे विधायक भी शामिल हैं जो मूल रूप से कांग्रेसी हैं।उन्होंने भगवा पट्टा भले ही डाल लिया है लेकिन तीन साल बाद भी खुद को बीजेपी के अनुरूप ढाल नही पाए हैं।

यह बात नेतृत्व अच्छी तरह जानता है।ऐसे में चुनाव के लिए प्रत्याशियों की सूची बनाते समय उसके सामने कई चुनौतियां होंगी!यह भी तय है कि अपनी नर्सरी कहे जाने वाले मध्यप्रदेश में सत्ता में बने रहने के लिए वह कुछ भी करेगी।

कर्नाटक को नजीर मान कर देखा तो यह तय है कि यहां कम से कम एक तिहाई नए चेहरे तो सामने लाए जाएंगे। ऐसे में आज जो 126 हैं उनमें से भी कई को बदला जाएगा।साथ ही उन नेताओं को भी विश्राम दिया जाएगा जो अभी तक अपरिहार्य माने जाते रहे हैं।

यह आसान काम नही होगा।यह बात सब जानते हैं।लेकिन कर्नाटक को उदाहरण माना जाए तो यहां बहुत कुछ बदल जाएगा।

एक संभावना यह भी है कि गुजरात फार्मूला अपनाकर जीत की कोशिश की जाए।लेकिन ऐसा करने से पार्टी को नुकसान नहीं होगा इस बात की गारंटी कोई नही दे सकता है।क्योंकि जब पार्टी सत्ता में रहने के लिए कुछ भी कर सकती है तो उसके नेता खुद को सत्ता में बनाए रखने के लिए कुछ नही करेंगे यह मानना बेमानी होगा।

फिलहाल यह साफ है कि कर्नाटक की सूची ने यह बता दिया है कि मध्यप्रदेश में कुछ भी किया जा सकता है।अब देखना यह होगा कि कितने नेता ऊपर के आदेश को चुपचाप मान लेंगे और कितने आदेश से ऊपर उठ जाएंगे!क्योंकि अब निष्ठा और शुचिता जैसे शब्द अपने मानी खो चुके हैं।और बीजेपी भी अटल आडवाणी युग से काफी आगे निकल आई है।

माना जा रहा है कि कर्नाटक चुनाव से निपटने के बाद ऑपरेशन मध्यप्रदेश शुरू होगा।इस ऑपरेशन में एक ही टार्गेट होगा !वह है जीत का!इस जीत के लिए नीति,निष्ठा और नैतिकता को दरकिनार किया जा सकता है।वैसे भी बीजेपी इनका परित्याग कर ही चुकी है।

# अपराधी का एनकाउंटर, खुशी मनाता वोटर

**सरयूसुत मिश्र**

अपराधी के एनकाउंटर पर वोटर खुशी मनाता हुआ देखा जा सकता है. माफिया पर चोट वोट को सार्थक साबित कर रहा है. यूपी में अपराध और माफिया कभी राजनीति के सहारे खड़े होते हुए देखे जा रहे थे. आज इसके उलट माफियाओं का सफाया राजनीति में सफलता का पैमाना बनता दिखाई पड़ रहा है. पहले आतंकवाद और अतिवाद राष्ट्र के विरुद्ध अपराध के रूप में राजनीति का प्रमुख मुद्दा हुआ करता था. आज माफिया और अपराधी राजनीति में मुद्दा बने हुए हैं।

यूपी में आज जितने माफिया कानून के शिकंजे में दिखाई पड़ रहे हैं उनमें अधिकांश एक ही समुदाय से जुड़े हुए हैं. अभी एनसीईआरटी की पुस्तकों से मुगल शासकों के अंश को हटाने को लेकर विवाद राजनीति में मुद्दा बना हुआ है. अब मुगल माफिया का एनकाउंटर राजनीतिक विचारधारा के विभाजन का कारण बन रहा है।

उमेश पाल की हत्या में शामिल अतीक अहमद के बेटे असद और शूटर गुलाम के एनकाउंटर पर सरकारी पक्ष बीजेपी की ओर से जहां एसटीएफ के जवानों को बधाई के संदेश दिए जा रहे हैं वहीं विपक्ष के राजनेताओं की ओर से एनकाउंटर को न्याय नहीं बताया जा रहा है. अपराधियों के लिए न्याय और मानव अधिकार की बात करने वाले अपराध के भी राजनीतिक ध्रुवीकरण के लिए जिम्मेदार हो जाते हैं. एनकाउंटर पर धार्मिक एंगल तलाशने वाले यह भूल रहे हैं कि इसी उत्तरप्रदेश में असद से पहले विकास दुबे का एनकाउंटर हो चुका है।

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव एनकाउंटर पर अपनी प्रतिक्रिया ट्वीट करते हुए कहते हैं कि झूठा एनकाउंटर करके भाजपा सरकार सच्चे मुद्दों से ध्यान भटकाना चाह रही है. भाजपा न्यायालय में विश्वास ही नहीं करती है. आज के व हालिया एनकाउंटर की भी गहन जांच-पड़ताल हो. दोषियों को छोड़ा ना जाए. सही गलत के फैसलों का अधिकार सत्ता का नहीं होता. वहीं असदुद्दीन ओवैसी की प्रतिक्रिया भी अपराध को तुष्टिकरण की नजरिए से देखने के ज्यादा करीब है. ओवैसी ने कहा है कि जुबेर और नासिर के मारने वालों को भी गोली मारोगे क्या? बीजेपी वालों नहीं करोगे क्योंकि मजहब के नाम पर एनकाउंटर करते हो तुम।

अपराधियों और माफियाओं के एनकाउंटर पर इस तरह की विभाजनकारी राजनीतिक प्रतिक्रियाएं निश्चित रूप से लोकतांत्रिक मानसिकता नहीं कही जा सकती.आम लोगों की जिस तरह की प्रतिक्रियाएं आ रही हैं वह समाज में शांति व्यवस्था और कानून का राज स्थापित करने की अपेक्षा से ज्यादा कुछ नहीं कहीं जा सकती।

आतंकवादी घटनाओं के समय भी जब एक विशेष समुदाय के लोग आतंकी घटनाओं में लिप्त पाए जाते थे तब भी इसी तरह की राजनीतिक प्रतिक्रियाएं आती थी. आतंकवाद की घटनाओं को बहुसंख्यक समुदाय से जोड़ने के लिए ही हिंदू आतंकवाद की राजनीतिक परिकल्पना विकसित हुई थी. अपराधियों और माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही और एनकाउंटर में भी हिंदू और मुस्लिम के रूप में राजनीतिक प्रतिक्रियाएं बौद्धिक दिवालियेपन से ज्यादा कुछ नहीं कही जा सकती हैं।

अपराध और भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कदम आज राजनीति में समर्थन का आधार बनता जा रहा है. अपराध और भ्रष्टाचार के मामलों पर कार्यवाही को लेकर राजनीतिक दलों के बीच विभाजन स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है. यूपी में एनकाउंटर पर भी इसी तरह का विभाजन दिखाई पड़ रहा है. भ्रष्टाचार के मामलों में भी बीजेपी और विपक्षी दलों के बीच में टकराव साफ साफ दिखाई पड़ रहा है. विपक्षी दलों में बीजेपी सरकार के खिलाफ एनकाउंटर का दृश्य दिखाई पड़ रहा है. वह भी राजनीतिक प्रतिक्रिया ही लगती है।

शब्दकोश में एनकाउंटर का मतलब मुठभेड़ के साथ ही आकस्मिक मिलन भी बताया गया है. राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी दलों के नेताओं का जिस तरह से एनकाउंटर हो रहा है वह भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्यवाही पर पक्ष और विपक्ष के बीच एनकाउंटर ही कहा जाएगा।

लोकतंत्र में कानून व्यवस्था की मजबूत स्थिति माफिया और अपराधियों पर सख्त कार्रवाई भ्रष्टाचारियों के खिलाफ एक्शन, अब राजनीतिक दलों का नहीं जनता का मुद्दा बन गया है. पिछले कई चुनावों में इन मुद्दों पर राजनीतिक दलों का विभाजन साफ़ देखा गया है और उसका लाभ और नुकसान भी स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

भारत का लोकतंत्र अब जन जीवन से जुड़े मुद्दों पर राजनीति के दो पक्षों में बट गया है. अभी तो माफियाओं का एनकाउंटर और भ्रष्टाचारियों को बेनकाब करने वाले पक्ष को जनसमर्थन मिलता दिखाई पड़ रहा है. इन मामलों में विरोध करने वाला एक प्रकार से समर्थन करने वाले पक्ष के प्रति जन विश्वास को बढ़ाने का ही काम कर रहा है. विपक्ष जाने-अनजाने अपनी प्रतिक्रिया से अपने नुकसान का ही सामान तैयार करता हुआ दिखाई पड़ता है।

वोट राजनीति का पहला लक्ष्य और सत्ता खेल खिलौना होता है. माफिया अतीक और उसका परिवार राजनीति के सहारे अपराध में फलते फूलते अपराध का प्रतीक बन गया है. इस प्रतीक को मिट्टी में मिला कर तैयार हो रही राजनीतिक जमीन, भविष्य में मतदाताओं के मनोविज्ञान के ध्रुवीकरण को मजबूत करेगी।

# विपक्षी एकता योजना सिरे चढ़ेगी?

**राकेश दुबे**

देश का राजनीतिक माहौल भाजपा के ख़िलाफ़ एकजुट होने की दिशा में यात्रा कर रहा है।राहुल प्रकरण ने विपक्षी दलों को असुरक्षाबोध से भर दिया और यह निष्कर्ष समझ में आने लगा कि यदि एकजुट न हुए तो तंत्र के निरंकुश व्यवहार का शिकार होना पड़ सकता है। जिसके चलते कई राजनीतिक दल, जो पहले विपक्षी एकता में कांग्रेस की भूमिका के प्रति किंतु-परंतु करते थे, वे भी अब एकता के प्रयासों को नई उम्मीद से देख रहे हैं।यह तो पहले से ही तय था कि आगामी वर्ष आम चुनाव से पहले भाजपा के खिलाफ विपक्षी एकजुटता की कोशिशें तेज होंगी। लेकिन कर्नाटक चुनाव से पहले ही एकजुटता की कवायद शुरू हो जाएगी, ऐसी उम्मीद कम ही थी।

मानहानि मामले में राहुल गांधी की सांसद के रूप में सदस्यता समाप्त किये जाने और फिर उनसे सरकारी आवास खाली कराये जाने के घटनाक्रम ने विपक्षी दलों को एकजुट होने के लिये भी प्रेरित किया है। बीते बुधवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, राजद नेता व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के घर पर राहुल गांधी से हुई मुलाकात को विपक्षी एकता की दिशा में बड़ी पहल कहा जा रहा है। हालांकि, इन एकता के प्रयासों में कोई नई बात नहीं है क्योंकि बिहार सरकार में पहले ही तीनों दल शामिल हैं। इससे पूर्व फरवरी में भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पूर्णिया रैली में कांग्रेस से मोदी सरकार के खिलाफ तुरंत एकजुट होने की बात कह चुके थे। लेकिन राहुल प्रकरण ने विपक्षी दलों को असुरक्षाबोध से भर दिया।

प्रेक्षक अब एकता के प्रयासों को नई उम्मीद से देख रहे हैं। यहां तक कि कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी भी समान विचार वाले दलों के साथ समन्वय की बात करने लगी हैं। कुछ लोगों का मानना है कि कर्नाटक चुनाव से पहले एकजुटता के जरिये विपक्ष महासमर की मॉक ड्रिल करने के मूड में है। वैसे उसके बाद साल के अंत तक महत्वपूर्ण राज्यों राजस्थान, मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ में भी चुनाव होने हैं। कांग्रेस के लिये बेहतर प्रदर्शन की चुनौती यह भी होगी कि इनमे से 2 राज्यों में उसकी ही सरकारें हैं। ऐसे में सवाल उठेगा कि क्या कांग्रेस विपक्षी एकता के फार्मूले का प्रयोग कहाँ शुरू करेगी?

वैसे तो विपक्षी एकता की कवायद गाहे-बगाहे होती रही हैं, लेकिन इनमें तेजी बड़े चुनाव से पहले ही आती है। फिर कई राज्यों की सत्ता में काबिज विपक्षी दलों के क्षत्रप कांग्रेस को लेकर परहेज करते रहे हैं। इनमें वे दल भी शामिल हैं जिनका जन्म ही कांग्रेस विरोध और इस पार्टी से टूटकर हुआ है। मसलन उत्तर प्रदेश में सपा सुप्रीमो अखिलेश,बी.आर.एस् सुप्रीमो चंद्रशेखर राव तथा तृणमूल कांग्रेस की मुखिया ममता बनर्जी एकता के प्रयासों में कांग्रेस की बड़ी भूमिका से परहेज करती हैं।

अब भी अहम सवाल यही है कि प्रधानमंत्री का चेहरा कौन बनेगा? लेकिन नीतीश कुमार अब विपक्षी एकता में कांग्रेस की बड़ी भूमिका के लिये मुहिम चला रहे हैं। हालांकि, अब तक अडाणी प्रकरण में जेपीसी जांच के मुद्दे पर अलग राय रखने वाले एनसीपी प्रमुख शरद पवार को विपक्षी एकता के प्रयासों में बाधक बताया जा रहा था, लेकिन अब पवार ने भी कह दिया है कि जेपीसी मुद्दे पर अलग राय होने के बावजूद वे विपक्षी एकता के पक्षधर हैं।

वैसे भी पवार की पार्टी महाराष्ट्र में कांग्रेस के साथ मिलकर सरकार चला चुकी है। कहीं न कहीं एनसीपी, तृणमूल कांग्रेस तथा कम्युनिस्ट पार्टी की राष्ट्रीय पार्टी के रूप में मान्यता खत्म होने ने भी विपक्षी एकजुटता की कवायद को बल दिया है। जिसके चलते परदे के आगे-पीछे एकता के प्रयासों को सिरे चढ़ाने की कवायद तेज हुई है।

वैसे नीतीश अरसे बाद बिहार से निकलकर दिल्ली के राजनीतिक गलियारों में सक्रिय हुए हैं और लालू यादव, मल्लिकार्जुन खड़गे आदि से मिले हैं। जिसका निष्कर्ष यह पढ़ा जा सकता है कि विपक्षी एकता की योजना सिरे नजर आ रही है।

# बिहूः पूरे देश की जरूरत

**राकेश अचल**

दुनिया में नृत्य मानवीय संवेदनाओं के विविध स्वरूपों को प्रकट करने की ऐसी कला है जो आपको बिना औषधि तमाम मनोविकारों से मुक्त करा देती है। कोई माने या न माने लेकिन यदि मैं पत्रकार ने बना होता तो एक स्थापित नर्तक होता। लेकिन ऐसा हुआ नहीं।

मै जिस बिहू नृत्य की बात कर रहा हूं वो बिहू असम का लोक नृत्य है।बेहद सरल,मोहक और आकर्षक भी।असम ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की मौजूदगी में विश्व कीर्तिमान बनाया है।वे न भी होते तो भी ये कीर्तिमान बनता ही क्योंकि बिहू के 11304 कलाकारों ने ये विश्व कीर्तिमान बनाने का निर्णय कर लिया था।इन नर्तकों के साथ 2548 ड्रम बजाए गए ।

बिहु नृत्य भारत के असम राज्य का लोक नृत्य है जो बिहु त्योहार से संबंधित है।]यह नृत्य युवा पुरुषों और महिलाओं दोनों द्वारा किया जाता है और इसकी विशेषता फुर्तीली नृत्य मुद्राएँ तथा हाथों की तीव्र गति है। नर्तक पारंपरिक रंगीन असमिया परिधान पहनते हैं।मै जब भी बिहू नृत्य देखता हूं अभिभूत हो जाता हूं। बिहू नर्तकों के पोर -पोर से खुशी,विरह वेदना टपकती सी लगती है।

दक्षिण और उत्तर के शास्त्रीय नृत्यों के मुकाबले बिहू नृत्य में न वेशभूषा का बोझ है और न व्याकरण की दुरूहता। अनपढ़ भी इस नृत्य में शामिल हो सकता है। मैंने पकी उम्र की महिलाओं और पुरुषों को बिहू नृत्य करते देखा है। बिहू दर असल एक संस्कार है। ये संस्कार असम की जनता को संघर्ष का जीवन जीने में सहायक होता है।दुख,सुख सब पर हावी है बिहू।



बिहू नर्तकों एक मोहोर खग़ोर पेपा (सींग) के साथ बिहु नृत्य करते हैं। बिहु नृत्य का मूल अज्ञात है, लेकिन इसका पहला आधिकारिक प्रमाण तब मिलता है जब अहोम राजा रूद्र सिंह ने 1694 के आसपास रोंगाली बिहु के अवसर पर बिहु नर्तकों को रणघर क्षेत्रों में इसका प्रदर्शन करने के लिए आमंत्रित किया था।

उपलब्ध जानकारी के मुताबिक उत्तर पूर्व भारतीय समूहों के बीच इस नृत्य के कई प्रकार हैं, उदाहरण के लिए देओरी बिहु नृत्य, माइजिंग बिहु नृत्य इत्यादि, हालाँकि नृत्य का मूल लक्ष्य एक ही रहता है परस्पर दर्द और खुशी दोनों को महसूस करने की इच्छा व्यक्त करना।

दूसरे लोकनृत्यों की भांति बिहु भी एक समूह नृत्य है । इसमें पुरुष और महिलाएं साथ-साथ नृत्य करते हैं । आमतौर पर महिलाएं पंक्ति या वृत्त संरचना का सख्ती से पालन करती हैं। पुरुष नर्तक और संगीतकार नृत्य क्षेत्र में सबसे पहले प्रवेश करते हैं और वे अपनी पंक्ति को बनाए रखते हैं और समक्रमिक आकृतियां बनाते हैं। जब बाद में महिला नर्तकियां प्रवेश करती हैं तो पुरुष नर्तक महिला नर्तकियों, जो अपनी संरचनाओं तथा नृत्य क्रम को बनाए रखती हैं, के साथ मिलने के लिए अपनी पंक्तियां भंग कर देते हैं।

बिहू नृत्य की विशेषता उसकी निश्चित मुद्राएं और लय में कूल्हे, बाजू, कलाइयां हिलाना, घूमना, घुटनों को मोड़ना तथा झुकना है। इसमें छलांगें नहीं हैं। बहुत मामूली लेकिन सूक्ष्म अंतर के साथ पुरुष और महिलाओं की नृत्य मुद्राएं एक समान हैं।

बिहू नृत्य का पारंपरिक बिहु संगीत है। सबसे महत्वपूर्ण संगीतकार ढोलकिये हैं इन्हें ढुलिया कहा जाता है।, ढोल , गर्दन से लटका होता है तथा एक लकड़ी तथा हथेली की सहायता से बजाया जाता है। आम तौर पर एक से अधिक ढुलिया प्रदर्शन करते हैं और वे प्रदर्शन के अलग-अलग चरणों में अलग-अलग ताल बजाते हैं। ये तालबद्ध रचनाएं, जिन्हें सिउ कहा जाता है, पारंपरिक रूप से कूटबद्ध हैं। नृत्य क्षेत्र में प्रवेश करने से पहले, ढोलकिये एक छोटी तथा तेज गति वाली ताल बजाते हैं। सिउ में परिवर्तन होता है और आमतौर पर ढोलकिये पंक्ति बना कर नृत्य क्षेत्र में प्रवेश करते हैं। आम तौर पर शुरुआत में दर्दनाक मूल भाव देने के लिए एकल कलाकार द्वारा मोहोर ज़िंगोर पेपा बजाया जाता है तथा इससे नृत्य के लिए माहौल तैयार होता है।

बिहू में पुरुष नर्तक एक संरचना बना कर नृत्य क्षेत्र में प्रवेश करते हैं तथा गायन, जिसमे सभी भाग लेते हैं, के साथ प्रदर्शन करते हैं। इस नृत्य में प्रयुक्त होने वाले कुछ अन्य वाद्ययंत्र हैं ताला -एक मंजीरा, गोगोना -एक प्रकार की बांसुरी और बांस के वाद्ययंत्र टोका -बाँस का टुनटुना, तथा जुटूली -मिटटी की सीटी। अक्सर बाँस की बाँसुरियों का प्रयोग भी किया जाता है। नृत्य के साथ गाये जाने वाले गीत कई पीढ़ियों से हस्तांतरित होते आ रहे हैं। गीतों के विषय असमिया नव वर्ष के स्वागत से ले कर एक किसान के दैनिक जीवन के वर्णन, असम पर आक्रमण के ऐतिहासिक सन्दर्भों से ले कर व्यंग्यपूर्ण सामयिक सामाजिक व राजनीतिक टिप्पणी तक समाहित होती हैं।

आप जब भी मंहगाई,गृह क्लेश, और दूसरे तनावों से परेशान हो तो कुछ समय के लिए बिहू संगीत सुन लें। बिहू नृत्य देख लें।एकदम तरोताजा महसूस कर उठेंगे। बिहू एक ऐसी खुराक है जो हर जगह नहीं मिलती।इसका मालिक कोई बाबा नहीं है। अभी तक बिहू राजनीति की चपेट में भी नहीं आया है, हालांकि कोशिश जारी है, क्योंकि असम की सत्ता भी सांस्कृतिक पुनरूत्थान के प्रयास कर रही है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना, प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# पानी की समस्या को लेकर महिलाओं ने वार्ड में सड़क पर किया चक्का जाम पुलिस ने हटवाया



दमोह नगर पालिका अन्तर्गत गर्मी सुरू होते ही दिखने लगी पानी की समस्या जिसको लेकर खजरी मुहल्ला मे हाथ मे डब्बे लेकर महिलाओ एवं बच्चो ने सड़कों पर आकर चक्का जाम किया जिसकी सूचना पुलिस कोतवाली और सागर नाका चौकी को लगने पर पुलिस मौके पर पहुंची और समझाइश देकर चक्का जाम बंद करवाया जिसकी जानकारी गरिमा मिश्रा चौकी प्रभारी सागर नाका दी दमोह

# अस्पताल परिसर की सड़क में भरा पानी, निरीक्षण के दौरान नवागत कलेक्टर हैरान



नवागत कलेक्टर मयंक अग्रवाल ने जिला अस्पताल किया ओचक निरिक्षण जानी समस्या * अस्पताल परिसर की सड़क पर भरे पानी के कारण बाजू से निकले कलेक्टर अजीत सिंह राजपूत दैनिक सांध्य प्रकाश दमोह दमोह जिला चिकित्सालय से समय असमय नई जानकारियां और खामियां सामने आती रही है,जिसमें सुधार कम और परिसर के अंदर अनवरत निर्माण कार्य ज्यादा चलता हुआ दिखाई देता है और मरीज सुविधाओं के अभाव में परेशा?

# विधानसभा चुनाव को लेकर सियासत तेज, फ्लेक्स वार शुरू हुआ, कुलस्ते भी आ सकते हैं मैदान में

नैनपुर मंडला विधानसभा क्षेत्र मैं चुनावी हलचल प्रारंभ हो गई है कांग्रेश माहौल देखकर सक्रिय हो गई है अबकी बार कांग्रेस सरकार ?500 में गैस बहना योजना में 15 सो रुपए प्रतिमाह बेरोजगारों को काम के अभियान से के अभियान से अपना चुनाव प्रारंभ कर दिया गया है फ्लेक्सों मे कमलनाथ के साथ पदाधिकारी अपनी फोटो लगाकर अबकी बार कांग्रेस सरकार का प्रचार कर रहे हैं माहौल देखकर दावेदारों की संख्या लगभग डेढ़ दर्जन हो गई है दावेदार भोपाल की यात्रा में लगे हैं वही कांग्रेश के कुछ कार्यकर्ता प्रत्याशियों को लेकर अपने ढंग से सक्रिय है चर्चाओं के आधार पर डेढ़ दर्जन की सूची में पूर्व विधायक संजीव ई के लगातार दावा करने वाले गुलाब सिंह उईके निवास विधानसभा के विधायक डॉ अशोक मर्सकोले के नाम की चर्चा भी है डॉ अशोक मर्सकोले निवास के विधायक हैं चर्चा है कि डॉ अशोक मर्सकोले निवास के बजाय मंडला से लड़ सकते हैं भाजपा के वर्तमान विधायक देव सिंह सैयाम पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संपतिया उइके पूर्व विधायक शिवराज शाह जगत मरावी डॉ मुकेश तिल गांव के अलावा अन्य नाम शामिल हैं केंद्रीय राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते भी मंडला या निवास विधानसभा का चुनाव लड़ सकते हैं मंडला जिले की बिछिया निवास विधानसभा कांग्रेस के पास है मंडला विधानसभा भाजपा के पास है आदिवासी अंचल में मंडला जिले की मंडला निवास बिछिया तीनों विधानसभा में कांग्रेश पूरी ताकत से चुनाव मैदान में आएगी वहीं भाजपा भी तैयारी में जुटी हुई है विधानसभा चुनाव में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी आप पार्टी भी मैदान में आएंगे मतो का विभाजन निर्णायक हो सकता है भाजपा ने बूथ स्तर पर तैयारी शुरू कर दी हे

# शिवसेना लड़ेगी प्रदेश की सभी 230 विधानसभा सीटों पर चुनावःसुनील

छतरपुर – एक दिन के छतरपुर प्रवास पर आए मध्यप्रदेश शिवसेना के प्रदेश अध्यक्ष माननीय सुनील शर्मा जी होटल मिड सिटी में पत्रकारों से रूबरू हुए एवं पदाधिकारियों के साथ एक बैठक कर शिवसेना का विस्तार करने की बात पर जोर दिया इस कार्यक्रम उनके साथ प्रदेश अध्यक्ष किसान सेना रजनीश गिरे जी,प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप भाऊसार एवं कृष्ण बिहारी गुप्ता शामिल हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता शिवसेना जिला प्रमुख मुन्ना तिवारी के द्वारा किया गया श्री तिवारी ने बताया है कि 26 तारीख को भोपाल में होने वाले जन आंदोलन को लेकर यह कार्यक्रम था प्रदेश प्रमुख जी को अगवानी युवा शिवसेना जिला अध्यक्ष नीतेश तिवारी के नेतृत्व सैकड़ो दो पहिया वाहनों एवं चार पहिया वाहनों के साथ उनका पराचौकी से भव्य अगवानी की गई और सभी उन्हें रैली के रूप में होटल मिड सिटी लेकर आए इसके बाद उन्होंने पत्रकारों को संबोधित करते हुए भाजपा सरकार की हिंदू तुष्टिकरण की नीति एवं आदिवासियों को जमीनों का अधिग्रहण,शिक्षा स्तर में सुधार, तालाबों,मठ मंदिरो के अतिक्रमण,घोटाले को लेकर प्रादेशिक आंदोलन को लेकर की गई है।

# चाकू मारकर की युवक की हत्या, पुलिस ने किया आरोपियों को गिरफ्तार




गंजबासौदा– शहर के वार्ड पांच अंतर्गत मुस्कान टाकीज के पास बीतीरात कुछ युवकों ने पुरानी रंजिश के चलते एक युवक गौरव रघुवंशी उर्फ सेट्टी के चार युवकों ने चाकू से मारकर घायल कर दिया जिसके बाद उसे राजीव गांधी जन चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया हत्या की खबर के बाद बीती रात राजीव गांधी जन चिकित्सालय में सैकड़ों नागरिकों का जमाबड़ा लग गया हत्या के आरोप में शहर थाना पुलिस ने हत्या का प्रकरण पंजीबद्ध किया और आरोपियों की तलाश जारी की शहर थाना प्रभारी कुँवर सिंह मुकाती ने बताया कि हत्या में संलिप्त चार आरोपियों को पुलिस ने बीती रात गिरफ्तार कर लिया जिसमे एक नाबालिक युवक समीर खान उम्र 15 बर्ष , सीनू शर्मा, सौरभ रघुवंशी , विशाल गौड़ को पुलिस ने ततपरता दिखाते हुए बीती रात गिरफ्तार कर लिया खबर लिखे जाने तक पुलिस आरोपियों से गहन पूछताछ कर आगामी वैधानिक कार्यवाही में कर रही थी7 सूत्रों की मानें तो आरोपीगण पूर्व में भी कई आरोप में संलिप्त रहे हैं हत्या के बाद बाजार में तनाव व चर्चाओं का बाजार गर्म था कुछ लोगों का कहना था कि जिस क्षेत्र में हत्या हुई है वह क्षेत्र अबैध नशे का गढ़ माना जाता है इस हत्या में जिन आरोपियों के नाम आ रहे हैं उनमें से कुछ अवैध नशे के कारोवार से जुड़े हैं7

# केन्द्रीय राज्यमंत्री ने किया डामरीकृत नवीनकरण कार्य का भूमिपूजन




दमोह केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एवं जलशक्ति राज्यमंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य में आज नगर पालिका परिषद दमोह कायाकल्प अभियान योजना अंतर्गत 3 करोड़ 60 लाख रूपये की लागत से प्रमुख मार्गो के डामरीकृत नवीनकरण कार्य का भूमिपूजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में वेयर हाऊस लॉजि?स्टिक एवं कार्पोरेशन अध्यक्ष राहुल सिंह लोधी, विधायक अजय टंडन, पूर्व वित्तमंत्री जयंत कुमार मलैया, नगर पालिका अध्यक्ष मंजू बीरेन्द्र राय, जनपद अध्यक्ष प्रीति कमल सिंह ठाकुर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मनु मिश्रा एवं मालती असाटी, सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे। इस दौरान बताया गया पलंदी चौराहा से के.एन. कॉलेज तक, घण्टाघर से स्टेशन चौराहा तक, घण्टाघर से मोहन टॉकीज तक, घण्टाघर से बड़े पुल तक, फुटेरा फाटक से पुराना थाना तक, बस स्टैंड से रेलवे स्टेशन तक, राय चौराहा से पालंदी चौराहा से मीनाक्षी मंदिर तक, शिवाजी स्कूल से उर्दू स्कूल तक एवं कीर्ति स्तंभ से बेलाताल तक डामरीकृत सड़कों के नवीनीकरण का कार्य कायाकल्प योजना के तहत 306.60 लाख रूपये की लागत से डामरीकृत सड़कों के नवीनीकरण कार्य किया जायेगा।

# समर्पण ग्रुप ने संविधान निर्माता की जयंती पर चर्मकारों का किया सम्मान



इटारसी // भीमराव रामजी अंबेडकर जयंती के उपलक्ष पर समर्पण ग्रुप द्वारा नीमबाड़ा एवं जयस्तंभ पर चमड़े का कार्य करने वाले चर्मकारों के समय को बिना बर्बाद किए समर्पण ग्रुप द्वारा उनके कार्यस्थल पर पहुंचकर कर शॉल, श्रीफल एवं पुष्प वर्षा द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर नीमबाड़े में श्री भीमराव रामजी अंबेडकर के तैल चित्र पर माल्यार्पण किया गया एवं वहीं मौजूद चर्मकारों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर गिरधारी चौरे जी ने अपने विचार रखे और कहा कि हमारे भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है , इस संविधान को मूर्त रूप देने वाले डॉ भीमराव रामजी आंबेडकर को हम सदैव स्मरण करते हैं। इस अवसर पर गुड्डू सराठे जी ने कहा की भीमराव अंबेडकर वह महान शख्सियत है जिन्होंने भारत के लोगों को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया एवं लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने का भरपूर प्रयास किया। अंकित राठौर ने कहा की डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के विचार महान विचारों में से एक हैं जिन्हें हम सभी को हमेशा अपने जहन में रखना चाहिए तभी तो भारत एक श्रेष्ठ राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर होगा। इस अवसर पर संस्थापक आशीष भदौरिया, अंकित राठौर, गिरधारी चौरे, गुड्डू सराठे, पप्पू चौधरी, मुकेश पाल, भगवान दास पप्पू पटेल, राहुल शरण, संदीप तिवारी, जिज्ञास मौर्य , शिवम मेहरा, राजकुमार बावरिया, रोहित सनस, बी एल पांडे एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# मप्र कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष दिल्ली में सम्मानित

इटारसी। संविधान रक्षक की उपाधि से नवाजे गए।डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर दिल्ली जंतर मंतर पर आयोजित कार्यक्रम में इटारसी के गजानन तिवारी को संविधान रक्षक की उपाधि से नवाजा गया और उन्हें संविधान की एक प्रति भी भेंट स्वरूप प्रदान की गई। जहां कांग्रेस एससी डिपार्टमेंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश लिलोठिया द्वारा गजानन तिवारी का सम्मान किया गया । उन्हें एक प्रमाण पत्र भी दिया गया, जिसमें देश के वरिष्ठ नेता के राजू और राजेश लिलोठिया के हस्ताक्षर से संविधान रक्षक की उपाधि का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित रहे कांग्रेस सेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई एससी डिपार्टमेंट के जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर किया गया। जहां पर देश भर से 37 लोगों को चिन्हित कर दिल्ली में बुलाकर संविधान रक्षक की उपाधि से नवाजा गया और पुरस्कार स्वरूप संविधान की एक कॉपी भी भेंट की गई जिस पर गजानन तिवारी ने कहां कि यह उनके लिए और मध्यप्रदेश के साथ नर्मदा अंचल और इटारसी के लिए गौरव की बात है। मैं इस पुरस्कार का श्रेय अपने सभी इटारसी नगर और मध्यप्रदेश के यंग ब्रिगेड के साथियों को डेडिकेट करता हूं क्योंकि आज मुझे जो भी प्राप्त हुआ है वह मेरे इटारसी के साथियों और मेरे यंग ब्रिगेड के साथियों की मेहनत का फल है, जो हर लड़ाई में मेरे साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहते हैं।

# कार्यकर्ता का दायित्व सबसे बड़ा दायित्व है : अजय जामवाल




धार। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री श्री अजय जामवाल जी ने भाजपा जिला कार्यालय पर कार्यकर्ताओ की बैठक को सम्बोधित कर आगामी संगठनात्मक कार्यो को लेकर जिले के मंडल अध्यक्षों व वरिष्ठ नेताओं से संवाद कर मार्गदर्शन किया। इससे पूर्व भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय, डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी और डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्रों पर अतिथियों ने पुष्पाजंली अर्पित की एवं दीप प्रज्जवलित किया। पार्टी के संभागीय संगठन सह प्रभारी श्री राघवेन्द्र गौतम एवं भाजपा जिला अध्यक्ष श्री मनोज सोमानी ने भी बैठक को सम्बोधित किया।

बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय संगठन महामंत्री श्री अजय जामवाल जी ने कहा कि आज 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती भी है मेंरा मानना है कार्यकर्ता का दायित्व सबसे बड़ा दायित्व मानता हूं आप बड़े शोभाग्यशली कार्यकर्ता हे की आप भाजपा के कार्यकर्ता हे और आप के मेहनत के कारण भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी हे आज यह हमारे लिए अमृत काल चल रहा है आज एक चिंतन का विषय भी है की जहा हमारी विचारधारा की सरकार नही है वहा हमे अपनी विचार धारा की सरकार बनाने की आवश्यकता है हमे पार्टी का विस्तार करना हे तो बूथ विस्तार का महत्व पूर्ण कार्य हमे करना पड़ेगा और हम कहते भी ही की बूथ जीता चुनाव जीता हमे अब सभी आगामी कार्यक्रम बूथ पर करना है

हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के हर व्यक्ति को लाभ पहुंचाने का काम किया है आज 60 प्रतिशत लाभार्थियों को सीधे बैंक खातों में राशि दी जारही है 81 करोड़ लोगो को हम निशुल्क राशन दे रहे हैं वही हमारी प्रदेश सरकार के मुखिया शिवराज सिंह चौहान दिन रात अंत्योदय के कार्य में लगे हुए हे आज जो देश से लेकर राज्यों तक सरकार और सांसद विधायक हे यह सब पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओ की तपस्या के कारण संभव हुआ है इस लिए ऐसे वरिष्ठ कार्यकर्ताओ का सम्मान करे और उनके योगदान को याद करे

क्षेत्रीय संगठन महामंत्री श्री अजय जामवाल जी पार्टी के पितृपुरूष स्व. कुशाभाऊ ठाकरे जी के निवास रघुनाथपुरा, धार पंहुचे एवं उनकी भाभी श्रीमती आशा श्रीकांत ठाकरे व परिजनों से चर्चा कर कुशाभाऊ ठाकरे जी चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की और कहा की में बड़ा सौभाग्यशाली हू जो मुझे आज स्व. कुशाभाऊ ठाकरे जी की जन्मस्थली के दर्शन का सौभाग्य मिला ठाकरे जी ने प्रदेश ही नहीं देश में पार्टी का काम खड़ा किया है इस अवसर पर संभागीय संगठन सह प्रभारी राघवेन्द्र गौतम जिला अध्यक्ष मनोज सोमानी सहित वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

बैठक में संभागीय संगठन सह प्रभारी राघवेन्द्र गौतम , जिला अध्यक्ष मनोज सोमानी, प्रदेश मंत्री श्री जयदीप पटेल, विधायक श्रीमती नीना वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सरदार मेड़ा , पूर्व कैबिनेट मंत्री रंजना बघेल, विनोद शर्मा, श्री वेलसिंह भूरिया मंचासीन थे। इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति वर्तमान व पूर्व सदस्य, नगर पालिका अध्यक्ष,जनपद अध्यक्ष,पूर्व विधायक,भाजपा जिला पदाधिकारी, सभी भाजपा मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष सौरभ शर्मा व आभार जिला महामंत्री प्रकाश धाकड़ ने माना। उक्त जानकारी भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी दीपक सिंह रघुवंशी ने दी।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद नैनपुर, जिला- मण्डला

Municipal Council Nainpur, District Manlie (MP) Ph. No. 076-46-240106 Email ID -cmonanpur@mpurban.gov.in

क्रमांक 138 ( न.पा. / राजस्व / 2023 नैनपुर दिनांक 11/04/2023

**नामांतरण हेतु इश्तहार सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे लिखे विवरण अनुसार भवन / भूमि नगरपालिका अभिलेख में कर निर्धारण के लिये दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्राप्त हुये हैं। इन प्रकरणों में यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 15 दिवस के अंदर कार्यालय नगरपालिका में लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, समय पश्चात् प्राप्त आपत्ति में सुनवाई योग्य नहीं रहेगी। निर्धारित अवधि समाप्ति के बाद नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के प्रावधान अनुसार नाम दर्ज करने की कार्यवाही की जावेगी।

| क्रं. | आवेदक का नाम | विक्रेता / पक्षकार का नाम | संबंधित भवन/ भूमि का स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमति मालती चौहान पति श्री पदम सिंह चौहान वार्ड नं. 05 नैनपुर । | श्री वसी अहमद पिता श्री युजहे अहमद वार्ड नं. 07ईटका नैनपुर । | वार्ड क्रं. 7 नैनपुर खसरा नं. 44/1/1 (s)44/42 रकबा नं. 5940 कुल वर्गफीट 5000 |
| 2 | श्री मानिक प्रसाद चन्द्रोल पिता श्री गनपत चन्द्रौल वार्ड नं. 08 नैनपुर । | श्रीमती तुलसा बाई पति श्री गनपत वार्ड नं 03 नैनपुर | वार्ड क्र. 08 नैनपुर खसरा नं. 115/13 ख 115/13च, 115/13ग रकबा नं. 0.294 |
| 3 | श्रीमति कृष्णा बाई चौहान पति श्री रामप्रसाद चौहान | श्रीमती शहीदा बेगम पति श्री शेख जुम्मन वार्ड नं. 05 नैनपुर | वार्ड क्रं. 05 नैनपुर खसरा नं. 17/79 रकबा नं. 0.0220 |
| 4 | श्री हर्शित अग्रवाल पिताश्री महेन्द्र अग्रवाल वार्ड नं. 13 | मेसर्स नर्मदा ग्रुप बिल्टेक मंडला द्वारा पार्टनर श्री विनोद कछवाहा | वार्ड नं. 15 नैनपुर खसरा नं. 40/1/1/1/1/1/4 एस रकबा नं. 0.0093 |
| 5 | श्री बसंतु यादव पिता श्री श्रीश्याम लाल यादव ग्राम गोझी पोस्ट ईटका | श्रीमति मीना यादव पति श्री सुखराम यादव वार्ड नं.08 नैनपुर । | वार्ड क्रं.-08 नैनपुर खसरा नं.123/6/2 (s) रकबा नं. 0.0210 |
| 6 | श्री अनूप कुमार यादव पिता श्री अंतराम यादव निवासी चरेगांव जिला बालाघाट | श्री प्रभुलाल कनौजिया श्री सुक्कु लाल कनौजिया वार्ड नं. 12 नैनपुर । | वार्ड क्रं. 12 नैनपुर खसरा नं. 412/47 (s) रकबा नं.0.0200 कुल वर्गफिट 2173 |
| 7 | श्री चन्द्रदास पडवार पिता श्री स्व. गोपाल दास पडवार | श्री फईम अहमद कुरैशी पिता श्री अब्दु हाई कुरैशी वार्ड क्रं. 07 नैनपुर | वार्ड क्रं. 07 नैनपुर खसरा नं. 90/7/1/1/1/1/2(s) रकबा नं. 0.0083 कुल वर्गफिट 900 |
| 8 | श्री उमाशंकर नाग पिता श्री देवीप्रसाद नाग वार्ड नं. 15 नैनपुर । | श्री देवी प्रसाद नाग | वार्ड नं. 15 नैनपुर खसरा नं.247/1.249/1/2 रकबा नं. 0.2590.00270 |
| 9 | श्रीमती हेमलता मोहारे पति स्व.श्री प्रताप लाल मोहारे वार्ड नं. 15 नैनपुर | श्री विवेक शर्मा पिता श्री उमाशंकर शर्मा वार्ड नं. 02 नैनपुर | वार्ड क्रं. 14 नैनपुर खसरा नं. 52/53/1/2(s) रकबा नं. 0.0089 |
| 10 | श्री राधेश्याम दुबे पिता श्री बिहारी लाल दुबे वार्ड नं. 05 नैनपुर | दुलारीबाई बिहारी लाल दुबे वार्ड नं. 05 नैनपुर | वार्ड नं. 5 नैनपुर खसरा नं. 12/14 रकबा नं. 0.0080 |
| 11 | श्री रूपलाल हरोड़े पिता श्री रामचरन हरोडे वार्ड नं. 15 नैनपुर । | श्री हरिठाकुर वार्ड नं. 15 नैनपुर । | वार्ड न., 15 नैनपुर खसरा नं. 412/20/1/2 रकवा नं. 0.0200 |
| 12 | श्री रामयादव पिता श्री जेठूलाल यादव वार्ड नं. 14 नैनपुर । | श्रामदेव यादव वार्ड नं. 14 नैनपुर । | वार्ड नं. 14 नैनपुर खसरा नं. 230 / 3 रकवा न. 0.2470 |
| 13 | श्री धीरेशसिंह चौहान पिता श्री पदमसिंह चौहान वार्ड नं. 05 नैनपुर । | श्री मेहतू/ सुक्कु किरार वार्ड नं. 05 नैनपुर । | वार्ड नं. 05 नैनपुर। खसरान. 15/46/1 एस रकवानं. 0.01712 |
| 14 | श्री देवसिंह पिता श्री चंदन लाल वार्ड न. 15 नैनपुर । | श्रीशिवचरन पिताश्री दयाराम किरार वार्डवार्ड नं. 14 नैनपुर | वार्डवार्ड नं. 15 नैनपुर खसरा नं. 248/73 रकबा नं. 0.0200 |
| 15 | निर्मला, सरला पिता श्री बेनीराम ठाकुर वार्ड नं. 10 नैनपुर । | सुशीला बाई पिता श्री रामदीन कुर्मी वार्ड नं. 10 नैनपुर । | वार्ड नं. 10 नैनपुर । खसरा नं. 394/39 रकबा नं. 0.020 |
| 16 | श्री ईमरान खान, नसीम खान पिता श्री हमीदुल्ला खान वार्ड नं. 06 नैनपुर | श्री स्व.श्री हमीद उल्ला खान पिता श्री हफीज उल्ला खान वार्ड नं. 06 नैनपुर। | वार्ड नं. 6 नैनपुर खसरा नं. 54/2 च 54/2ठ/54/2ड रकबा नं. 0.008, 0.092, 0.004 |
| 17 | श्रीमती दुर्गा बाई नंदा पति श्री रामनंदा वार्ड नं. 01 नैनपुर | अम्मावती बाई नंदा पिता श्री टेकचंद वार्ड नं. 01 नैनपुर | वार्ड क्रं. 01 नैनपुर खसरा नं. 201/4 एस रकबा नं. 0.0080 कुल |
| 18 | सत्यनारायण खड़ेलवाल पिता श्री गणेश नारायण खंडेलवाल वार्ड 02 नैनपुर | श्री दिवाकर सैम्युअल पिता श्री एस नथानियल वार्ड नं. 10 नैनपुर | वार्ड नं. 10 नैनपुर खसरा नं. 389/2 रकबा नं. 0.4000 |
| 19 | मुस्तफा खान पिता श्री अस्दुखान वार्ड नं. 11 नैनपुर | श्री आसू उर्फ अनुभव पिता श्री घनश्याम जायसवाल | वार्ड नं. 10 नैनपुर खसरा नं. 266/1 रकबा नं. 0.0390 |

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद् नैनपुर**


# नियमों को तिलाजली देकर अशोक मिश्रा बने प्रभारी शिक्षा विभाग, हो रहा गड़बड़झाला

शहडोल। शहडोल जिले के लिए भ्रष्टाचार का शब्द छोटा पड़ चुका है क्योंकि यहां नियमो को धता बताना अब आम बात हो चुकी है क्यूंकि हर अधिकारी कर्मचारी वर्ग इन दिनों दिल खुलकर शाशकीय नियमो से खेलवाड़ करते है और जब इनके ऊपर अर्चन आना शुरू होती है तो उनमे से ही कई वरिष्ठ अधिकारी जिनकी बड़े बड़े दिग्गजो से अच्छी तालमेल है उनके द्वारा सारे नियमो को तिलांजली देकर कोर्ट का स्टे आर्डर लाकर बैठ जाना आम बात साबित हो चुका है ऐसा हम नहीं बल्कि जिले के शिक्षा विभाग का एक अदना सा कर्मचारी जिसके द्वारा खुलेआम नियम विरुद्ध तरीके से शासन को चूना लगाया जा रहा है उसके द्वारा यह कहाँ गया है यह मामला शिक्षा विभाग शहडोल यानी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में देखने को मिलता है यहां पर सारे नियमों को दरकिनार करते हुए एक प्राथमिक शिक्षक जिसकी मूल पदस्थापना विज्ञान के शिक्षक के रूप में है वह जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आईटी सेल का प्रभारी बनकर करोड़ों की हेराफेरी कर रहा है7

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय शहडोल मे लगभग एक वर्ष से अशोक मिश्रा जोकि मूल रूप से हाई स्कूल सेमरा में विज्ञान के प्राथमिक शिक्षक के रूप में पदस्थ हैं उनके द्वारा शासन के नियमों को दरकिनार करते हुए वरिष्ठ अधिकारियों से सांठगांठ कर अपने मूल पद को छोड़कर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बतौर ऑपरेटर ( आईटी सेल प्रभारी ) के रूप में पदस्थ हो जाते हैं और खुलेआम शासकीय धन की होली खेलना शुरू कर देते हैं 7

विभागीय जानकारों की माने तो बगैर जिले की मुखिया के आदेश के ट्राइबल विभाग के किसी भी कर्मचारी को शिक्षा विभाग के किसी भी पद पर पदस्थ नहीं किया जा सकता है परंतु सारे नियमों को शिथिल करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा अपने पत्र क्रमांक /मु. लि /आईटी सेल /2022/4393 दिनांक– 28/10/22 के माध्यम से यह आदेश पारित किया जाता है की सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग शहडोल की सहमति पर समन्यवयक आईटी सेल प्रभारी के रूप मे तत्काल पदस्थ किया जाता है जबकि पूर्व में ऐसे ही एक प्रकरण में शासन द्वारा एक वरिष्ठ अधिकारी को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करते हुए निलंबित करने की कार्यवाही की गई रही है 7

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बतौर अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी के रूप में बहुचर्चित और आए दिन जो लगातार सुर्खियों में बने रहते हैं आए दिन किसी न किसी भ्रष्टाचार को लेकर के सर्व प्रथम स्थान प्राप्त करते हैं इनका भी अपना ही एक अलग स्थान है संपूर्ण जिले में सामग्री खरीदी से लेकर वितरण तक इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है वहीं जानकारों की माने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में एको अहम द्वितीयो नास्ति की कहावत को चरितार्थ करते हैं जिसके चलते हैं करोड़ों का हेर फेर होना आम बात साबित हो चुकी है तो वही जन चर्चा की माने स्वयं इनके ऊपर भी करोड़ों का भ्रष्टाचार सिद्ध हो चुका है पर गुलाबी नोटों की गड्डी ने सभी की कलम को शीथल कर दिया है जिसके चलते कार्यवाही होना तो दूर अधिकारियों का इस तरफ आने का मन भी नहीं होता है हालांकि इस बात में कितनी सच्चाई है इसकी पुष्टि हम नहीं करते है 7

### इनका कहना है–

आपको जो उचित लगे लिखिए मै कोर्ट वाला आदमी हूँ 7

**अशोक मिश्रा,** आईटी सेल प्रभारी
जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय शहडोल

मेरी जानकारी मे नहीं है परन्तु आपने बताया है तो मै तत्काल कार्यवाही करुगा 7

**आंनद राय सिन्हा,** सहायक आयुक्त
जनजातीय कार्य विभाग शहडोल

मै अभी बात करने के मूड मे नहीं हूँ 7

**फूल सिंह मारपाची,** जिला शिक्षा अधिकारी
शहडोल


## कार्यालय नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव जिला छिंदवाड़ा (म.प्र.)

फोन नं. 07160-231007 ईमेल-cmojunardev@mpurban.gov.in
क्रं. 834/PWD/NPP/2023 जुन्नारदेव दिनांक 13.04.2023

**तृतीय निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारो से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकताहै।

| टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा पप्रत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 2023_UAD_257294_3 दि. 13.04.2023 | कायाकल्प अभियान अंतर्गत वार्ड क्रं. 06,10 ,02, 09, 04, 08 एवं 05 में डामलीकरण कार्य | 2 माह 9268527/- | 10000/- 69600/- | 22.04.2023 |

शर्ते- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से सामाचर पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव**
**जिला छिंदवाड़ा**

# महंगाई से मिल सकती है राहत, गैस स्टोव, पेन, टूथ पेस्ट, कंप्यूटर समेत सस्ती हो सकती हैं ये चीजें



**नई दिल्ली, एजेंसी।** चुनावी साल में जीएसटी की दरों में बदलाव करने और आम आदमी को राहत देने की कवायद शुरू हो गई है। सूत्रों के अनुसार जीएसटी की फिटमेंट कमेटी ने दरों को कम करने पर विचार और चर्चा शुरू कर दी है। उन चीजों पर जीएसटी की दरें कम किए जाने को प्राथमिकता दी जाएगी, जो आम आदमी की रोजमर्रा की जरूरत से जुड़ी हुई हैं। इनमें गैस लाइटर, गैस स्टोव, पेन, हेयर ऑयल, प्रसाधन आइटम्स, टूथ पेस्ट, कंप्यूटर और प्रिंटर शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार फिटमेंट कमिटी जल्द ही इस पर अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप दे देगी। उसके बाद जीएसटी काउंसिल को रिपोर्ट सौंपी जाएगी। जीएसटी काउंसिल की बैठक मई के दूसरे हफ्ते में हो सकती है। उस बैठक में इस रिपोर्ट में अंतिम फैसला लिया जा सकता है।

एक सीनियर अफसर का कहना है कि आर्थिक गतिविधियों में रफ्तार जारी है। जीएसटी कलेक्शन भी सही लेवल पर आ चुका है। ऐसे में अब जीएसटी की दरों में बदलाव को लेकर कदम उठाए जा सकते हैं। हालांकि, अंतिम फैसला राज्यों की सहमति के बाद लिया जाएगा। अगर रोजमर्रा की चीजों पर जीएसटी की दरें कम होती है तो उम्मीद है कि राज्यों को इसमें कोई दिक्कत नहीं होगी। जीएसटी टैक्स एक्सपर्ट निखिल गुप्ता का कहना है कि इसकी दरों को तर्कसंगत करने के पीछे का मकसद जीएसटी टैक्स स्ट्रक्चर को सरल बनाना होता है। इससे कलेक्शन बढ़ सकता है। पिछले अनुभव ने यह साबित किया है कि दरों में कमी के बावजूद कलेक्शन में बढ़ोतरी सबसे अधिक रही है। इकोनॉमिस्ट इस बारे में लाफर कर्व का उल्लेख करते हैं। इस अवधारणा के मायने हैं कि सरकार के पास ऐसे अवसर होते हैं, जिनमें टैक्स रेट को कम करके कलेक्शन बढ़ाए जा सकते हैं। हाल के महंगाई के आंकड़ों से पता चलता है कि रिटेल महंगाई से छह फीसदी नीचे चला गया है। महंगाई दर में कमी का सहारा लेने का यह एक उपयुक्त समय प्रतीत होता है। इकॉनमी में सबसे प्रमुख है लोगों की खरीददारी। टैक्स रेट कम होंगे तो चीजें सस्ती होंगी लिहाजा खरीदारी बढ़ेगी और आर्थिक विकास होगा।

## प्रीता बक्षीः मेरी हरियाणवी जड़ों ने मुझे एमएक्स प्लेयर के विरोध के लिए सही बोली पाने में मदद की

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के नंबर 1 ओटीटी प्लेटफॉर्म, एमएक्स प्लेयर के विरोध में कजरी के प्रीता बख्शी के सम्मोहक और प्रामाणिक चित्रण ने आलोचकों और दर्शकों से समान रूप से उच्च प्रशंसा प्राप्त की है। हालाँकि, कम ही लोग जानते हैं कि उनके प्रशंसनीय प्रदर्शन का रहस्य हरियाणा में उनकी जड़ों में निहित है। क्षेत्र के मूल निवासी के रूप में, प्रीता पहले से ही उस क्षेत्र में बोली जाने वाली बोली से परिचित थी। प्रीता की हरियाणवी जड़ों ने उन्हें स्थानीय भाषा और संस्कृति की सहज समझ दी, जिसे उन्होंने कलात्मक रूप से विरोध में कजरी के अपने चित्रण में शामिल किया। एक युवा खिलाड़ी के रूप में, जिसका जीवन पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अवैध रेत खनन से बिखर गया है, कजरी के चरित्र ने एक सूक्ष्म और प्रामाणिक प्रदर्शन की मांग की। क्षेत्र की अपनी गहरी समझ के साथ, प्रीता ने सहज रूप से चरित्र को मूर्त रूप दिया, जीवन को जटिल भावनाओं और अनुभवों में उल्लेखनीय सहजता से सांस लिया। प्रीता ने साझा किया, मेरे माता-पिता मेरे पैतृक शहर हरियाणा के यमुनानगर से हैं। मैं एक बच्चे के रूप में अपने दादा-दादी से मिलने गई थी और अब भी उस जगह का दौरा करती हूं। इससे मुझे इस क्षेत्र की संस्कृति और भाषा का बोध हुआ है। मैं हरियाणवी बोल सकती हूं और बोली और लहजे को ठीक कर सकती हूं क्योंकि मैंने हरियाणा और उसके आसपास काफी समय बिताया है। इसलिए, उस अर्थ में, मैं वहाँ की महिलाओं की स्थिति के बारे में भी कुछ बातें समझती हूँ, हालाँकि अभी भी बहुत काम किया जाना बाकी है। एक अभिनेता के रूप में, मैं आसानी से उस क्षेत्र के एक चरित्र के अनुकूल हो सकती हूं। हालाँकि हरियाणा प्रीता का मूल स्थान है, वह मुंबई की आधुनिक दुनिया में पली-बढ़ी और इस तरह कजरी के अनुभवों से सीधे तौर पर संबंधित नहीं हो सकीं। मेरा जन्म और पालन-पोषण मुंबई में हुआ, एक बहुत ही शहरी परिवेश में, और एक सहायक और प्रगतिशील परिवार से आती हूँ। मैंने कजरी के जीवन में उन चुनौतियों और कठिनाइयों का सामना नहीं किया है जो कजरी के पास हैं।

## अमेजन.इन ने की 14 से 17 अप्रैल, 2023 तक ब्लॉकबस्टर वैल्यू डेज की घोषणा

**मुंबई, एजेंसी।** अमेजन इंडिया ने अपने ग्राहकों के लिए स्मार्टफोन, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, ग्रॉसरी, फैशन एंड ब्यूटी प्रोडक्ट्स, होम एंड किचन, लार्ज एप्लाएंसेस, टीवी, और अन्य श्रेणियों में उत्पादों के व्यापक चयन से खरीदारी करने के लिए ब्लॉकबस्टर वैल्यू डेज की घोषणा की है। ये सेल 14 अप्रैल से 17 अप्रैल, 2023 तक चलेगी। ब्लॉकबस्टर वैल्यू डेज वीगार्ड द्वारा प्रायोजित है। ब्लॉकबस्टर वैल्यू डेज के दौरान खरीदारी करने वाले ग्राहक सभी श्रेणियों में वीगार्ड, बोट, सैमसंग, वनप्लस, लाइजॉल, एलजी एप्लाएंसेस, झावेरी पर्ल्स और अन्य जैसे ब्रांड्स की ओर से पेश किए जाने वाले ऑफर्स के साथ बड़ी बचत कर सकते हैं। इसके अलावा, वे एसबीआई क्रेडिट कार्ड और ईएमआई के साथ10 प्रतिशत के इंस्टैंट डिस्काउंट का भी फायदा उठा सकते हैं। यहां कुछ उत्पाद दिए गए हैं, जिन्हें ग्राहक अमेजन.इन ब्लॉकबस्टर वैल्यू डेज पर विक्रेताओं के साथ ऑफर्स और डील्स के साथ चुन सकते हैं। एलजी 0.8 टन 3 स्टार एआइ डुअल इनवर्टर स्पलिट एसी ~इन्वर्टर कंप्रेसर के साथ एलजी स्पलिट एसी हीट लोड के आधार पर पावर को एडजस्ट कर सकता है। यह स्मार्ट एसी एआई कन्वर्टिबल 6-इन-1 कूलिंग के साथ आता है, जो यूजर्स को जरूरत के मुताबिक कूलिंग क्षमता बढ़ाने या घटाने की सुविधा देता है। यह 3-स्टार ऊर्जा दक्षता के साथ छोटे आकार के कमरों के लिए उपयुक्त है। अमेजन.इन पर लगभग 29,999 रुपए में उपलब्ध है। वोल्टास 1.4 टन 3 स्टार इनवर्टर स्पलिट एसी ~ इनर्टर कंप्रेसर वाला यह स्प्लिट एसी हीट लोड के आधार पर पावर को समायोजित कर सकता है। यह 4 कूलिंग मोड्स के साथ आता है जिसे अलग-अलग कूलिंग जरूरतों के लिए अलग-अलग टन भार में संचालित करने के लिए रिमोट कंट्रोल के माध्यम से समायोजित किया जा सकता है।

## टीना दत्ता ने बताया कैसे उनके डेली लुक से प्रेरित है सोनी टीवी के हम रहें ना रहें हम में सुरीली का लुक

**मुंबई, एजेंसी।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन दर्शकों के लिए हम रहें ना रहें हम के साथ एक आकर्षक कहानी लेकर आया है, जो दमयंती और सुरीली का सफर दिखाता है। जहां दमयंती रणकगढ़ के शाही बारोट परिवार की सिद्धांतवादी और परंपरावादी मुखिया है, वहीं सुरीली आज़ाद ख्यालों वाली एक ज़िंदादिल लड़की है। बदलाव डर पैदा करता है और आमतौर पर लोग या तो इससे जूझते हैं या इससे? दूर भागते हैं। यह शो बदलाव का विरोध करने की इसी इंसानी फितरत में झांकता है। ज़िंदगी के करीब इस प्रेरणादायक कहानी में किट्टू गिडवानी दमयंती बारोट और टीना दत्ता सुरीली अहलूवालिया का रोल निभा रही हैं और जय भानुशाली शिवेंद्र बारोट के रोल में हैं। अपने परिवार की इकलौती कमाने वाली सुरीली द ग्रामोफोन कैफे चलाती हैं, जिसे उनके मृत माता-पिता उनके लिए विरासत में छोड़ गए हैं, जो उनकी सबसे कीमती धरोहर है। लेकिन यह जानना बड़ा दिलचस्प है कि इस गर्ल नेक्स्ट डोर किरदार को निभाने करने के लिए, टीना दत्ता का लुक उनके अपने रोजमर्रा स्टाइल स्टेटमेंट से प्रेरित है। कूल कैजुअल और चुलबुले परिधान अपनाते हुए, टीना दत्ता ओवरसाइज़ शर्ट, टी-शर्ट और बैगी पैंट और फंकी ज्वेलरी पहनीं नजर आ रही हैं। इसके साथ ही वो अपने रंगे हुए बालों के साथ हाफ बन में अपने सुरीली लुक को पूरा करती नजर आ रही हैं।

## 2.12 करोड़ वाहनों की बिक्री यात्री गाड़ियों में 26.7 प्रतिशत तेजी, पिछले साल रही थी 1.76 करोड़

**नई दिल्ली।** देश में वाहनों की बिक्री में लगातार तेजी बनी हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में सभी श्रेणी में कुल वाहनों की बिक्री 2.12 करोड़ रही जो उसके पहले के साल में 1.76 करोड़ रही थी। इसमें 20.36 प्रतिशत की वृद्धि रही है। चिप की कमी की समस्या सुलझने और एसयूवी की मांग बढ़ने से यात्री वाहनों की घरेलू बाजार में बिक्री 26.7 फीसदी बढ़कर 38,90,114 इकाई रही, जबकि 2021-22 में यह 30,69,523 इकाई थी। 2018-19 में 33.77 लाख यात्री वाहनों की रिकॉर्ड बिक्री हुई थी। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने बताया कि इस साल में ईंधन उत्सर्जन के नियमों के लागू होने और त्योहारी मौसम में मांग से गाड़ियों की बिक्री में तेजी बनी रही। दोपहिया वाहनों की बिक्री में 16.9 फीसदी की तेजी रही। इसकी बिक्री 2022-23 में 1.58 करोड़ रही जो 2021-22 में 1.35 करोड़ रही थी।

**मार्च में 2.92 लाख थोक यात्री वाहन बिके-** वाहनों की थोक बिक्री मार्च में 2,92,030 यूनिट पर पहुंच गई है। उसके पहले के साल में यह 2,79,525 इकाई थी। दोपहिया वाहनों की बिक्री बढ़कर 12.90 लाख रही। एक साल पहले 11.98 लाख थी। पिछले माह वाहनों की थोक बिक्री 16,37,048 इकाई रही, मार्च, 2022 में 15,10,534 वाहन बिके थे। वित्त वर्ष 2023 में यूटिलिटी वाहनों की 20,03,718 इकाई की बिक्री हुई जो एक साल पहले 14,89,219 यूनिट थी। इसमें 34.55 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यात्री वाहनों में इसकी हिस्सेदारी 51.5 प्रतिशत रही है।

## 27 हजार कर्मचारियों को निकालने का फैसला बहुत कठिन था, कंपनी के उतार-चढ़ाव पर बोले सीईओ जेसी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन सीईओ एंडी जेसी ने 27 हजार कर्मचारियों को बाहर निकलने के फैसलों को कठिन बताया है। उनका मानना है कि इस फैसले से कंपनी को लंबे समय में फायदा मिलेगा। दरअसल, सीईओ जेसी ने अपने सभी शेयर धारकों को एक पत्र लिखा है।

पत्र में उन्होंने कंपनी के उतार-चढ़ाव का जिक्र किया है। पत्र के माध्यम से जेसी ने कहा कि पूर्व में कंपनी ने काफी चुनौतीपूर्ण समय देखा है। उनका सामना किया है। सीईओ का कहना है कि उन्हें विश्वास है कि कॉस्ट कटिंग से हमें फायदा होगा। उन्होंने कहा कि 27 हजार कर्मचारियों को बाहर निकालने का फैसला बहुत कठिन था, लेकिन इससे कंपनी को लंबे दौर में फायदा जरूर होगा।

**अच्छे रिटर्न की कोशिश-** पिछले कई महीनों में हमने कंपनी पर काफी ज्यादा ध्यान दिया। नए-नए आविष्कार किए। हमने इसपर ध्यान दिया कि क्या हमें लंबे समय में अधिक राजस्व, आय, निवेश पर रिटर्न मिलेगा या नहीं। जेसी ने कहा कि इस वजह से हमें बुकस्टोर, 4 सितारा स्टोर जैसे संस्थान बंद करने पड़े। कंपनी के विकास के लिए हमें अमेजन फैब्रिक और अमेजन केयर को बंद करना पड़ा। अच्छे रिटर्न के लिए हमने कुछ नई चीजों को अपनाने की कोशिश की।

**नई चीजों में निवेश की कोशिश-** पत्र के माध्यम से सीईओ ने कहा कि हमने पहले प्राथमिकता तय की कि हम अपने संसाधनों को कहां कैसे खर्च करें। इसी वजह से हमें 27 हजार कॉर्पोरेट पद खत्म करने पड़े। पिछले कई महीनों में हमने अपनी लागत को सही करने के लिए कई सारे बदलाव किए। अब हम अलग-अलग टीमों के नेतृत्व में अपने काम का मूल्यांकन करेंगे और तय करेंगे कि हम कहां जा रहे हैं। सीईओ ने कहा कि अमेजन कर्मचारियों को भर्ती करता रहेगा।

सीईओ ने कहा कि अमेजन अब एक नई चीजों में निवेश कर रहा है। जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, जो लंबे समय में अच्छा रिटर्न देंगी। जिस तरह ओपन एआई के चैट जीपीटी ने सिलिकॉन वैली को आकर्षित किया।

## इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक ने एफडी पर ब्याज दरों में किया इजाफा, 9 फीसदी तक रिटर्न पाने का मौका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में ज्यादातर लोग एफडी में निवेश करना पसंद करते हैं। एफडी में निवेश के कई फायदे हैं। इसमें निवेश की गई रकम पूरी तरह सुरक्षित रहती है। अगर आप भी एफडी कराने की सोच रहे हैं तो आपके पास शानदार मौका है। इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक ने एफडी पर ब्याज दरों में इजाफा किया है। बैंक अब एफडी पर 9 फीसदी का शानदार ब्याज दे रहा है। नई ब्याज दरें 11 अप्रैल 2023 से प्रभावी हो गई हैं। बैंक ने 7 दिन से 10 साल तक के टेन्योर पर निवेश का मौका दे रहा है। बता दें कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की ओर से बीते महीनों में कई बार रेपो रेट में बढ़ोतरी की गई है। रेपो रेट में इजाफ के बाद बैंक भी एफडी पर इंट्रस्ट रेट में इजाफा कर रहे हैं। इसी क्रम में अब इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक ने भी एफडी पर ब्याज दरों को बढ़ा दिया है।

**ये हैं एफडी की ब्याज दरें-** इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक में वरिष्ठ नागरिकों को 888 दिनों में मेच्योर होने वाली एफडी स्कीम पर 9 प्रतिशत की ब्याज दर मिलेगी। वहीं, सेम टेन्योर पर सामान्य नागरिकों को बैंक 8.5 फीसदी ब्याज दर दे रही है। 7 दिन से 29 दिन के बीच मैच्योर होने वाली एफडी पर 3.5 फीसदी की ब्याज दर मिलेगी। 30 दिन से 45 दिन के बीच मैच्योर होने वाले फिक्स्ड डिपॉजिट पर निवेशकों को 4 फीसदी का ब्याज मिलेगा। 46 दिनों से 90 दिनों के बीच मेच्योर होने वाली एफडी के लिए 4.5 फीसदी की ब्याज दर देगा। एक साल और 18 महीने में मैच्योर होने वाली फिक्स्ड डिपॉजिट पर 8.20 फीसदी की ब्याज दर दे रहा है। 18 महीने और एक दिन से दो साल अवधि की एफडी पर 7.75 फीसदी की ब्याज दर मिलेगी।

**सीनियर सिटीजन को फायदा-** दो साल और एक दिन और तीन साल के बीच मेच्योर होने वाली एफडी के लिए 8 प्रतिशत की ब्याज दर मिलेगी। तीन साल और एक दिन से चार साल की एफडी पर 7.5 प्रतिशत की ब्याज दर मिलेगी।

## बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सिर्फ भारत मंदी से अछूता, एक उद्यमी के लिए देश में ज्यादा अवसर मौजूद



**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्टॉक ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म जिरोधा के को-फाउंडर निखिल कामत ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा कर कहा कि कारोबार के लिहाज से यह साल नहीं, बल्कि पूरा दशक भारत का है।

कामत ने ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट का स्क्रीनशॉट साझा कर कहा कि सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सिर्फ भारत है, जो मंदी की आशंका से अछूता है। इसमें बताया गया है कि ब्रिटेन में इस साल मंदी आने की आशंका 75 फीसदी है। इसी तरह न्यूजीलैंड में 70 प्रतिशत, अमेरिका में 65 प्रतिशत, जर्मनी, इटली और कनाडा में 60 प्रतिशत, फ्रांस में 50, दक्षिण अफ्रीका में 45, ऑस्ट्रेलिया में 40, रूस में 35.5, जापान में 35 दक्षिण कोरिया में 30, मेक्सिको में 27.5, स्पेन में 25, स्विट्जरलैंड में 20, ब्राजील में 15, चीन में 12, सऊदी अरब में पांच, इंडोनेशिया में दो और भारत में मंदी की आशंका 0 फीसदी है।

**कारोबार शुरू करने वाली शीर्ष चार अर्थव्यवस्थाओं में भारत-** कामत कहते हैं कि मेरे कई दोस्त जो अमेरिका में फैंसी कॉलेजों से स्नातक किए हैं, वे अब भारत से कुछ शुरू करने सोच रहे हैं। एक उद्यमी के लिए भारत में बहुत अवसर मौजूद हैं। ग्लोबल आंतरप्रेन्योरशिप मॉनिटर 2021-22 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत कारोबार शुरू करने वाली शीर्ष चार अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है।

## वीवो ग्रेटर नोएडा में करेगी 1100 करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्मार्टफोन बनाने वाली वीवो ग्रेटर नोएडा में अपनी विनिर्माण क्षमता को बढ़ाने पर 1,100 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इससे अगले साल तक उत्पादन शुरू होने की उम्मीद है।

कंपनी ने कहा, परियोजना पूरी होने के बाद यहां से 12 करोड़ मोबाइल फोन का निर्माण हो सकेगा। इसने कहा कि इस साल में वह भारत में बने 10 लाख मोबाइल फोन का निर्यात करने की योजना पर काम कर रही है। पिछले साल इसने पहली खेप सऊदी अरबिया और थाईलैंड में भेजी थी। इस साल के अंत तक कंपनी अपने 7,500 करोड़ के निवेश के पहले चरण के रूप में 3,500 करोड़ रुपये को पूरा करेगी जिसमें 2,400 करोड़ रुपये का निवेश पहले ही कर चुकी है। देश की कंपनियों का राजस्व चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के दौरान आधा रह सकता है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने एक रिपोर्ट में कहा है कि इस दौरान कंपनियों के राजस्व में 10-12 फीसदी की वृद्धि हो सकती है, जो 2021-22 की जनवरी-मार्च तिमाही में 22.8 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 10 फीसदी कम रह सकती है।

## केंद्रीय मंत्री बोले- भारत मक्खन व अन्य डेयरी उत्पाद नहीं करेगा आयात, दूध पर केरल-कर्नाटक में मनमुटाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि देश मक्खन और अन्य डेयरी उत्पादों का आयात नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि घरेलू क्षेत्र की मदद से ही आपूर्ति में सुधार किया जाएगा। उन्होंने कहा, इसमें (डेयरी उत्पादों की कमी की खबरों में) कोई सच्चाई नहीं है। मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के प्रभारी रूपाला ने एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा, इन उप्पादों का कोई आयात नहीं होगा। उन्होंने कहा कि देश में दूध की कोई कमी नहीं है और सरकार नियमित रूप से निगरानी कर रही है। उन्होंने कहा, मांग बढ़ी है। हमारे पास विशाल अप्रयुक्त क्षेत्र है, हम इसका दोहन करने की कोशिश करेंगे... हम इसका उचित तरीके से प्रबंधन करेंगे और चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने किसानों और उपभोक्ताओं से भी इस बारे में चिंता नहीं करने का आग्रह किया है। डेयरी उत्पादों की खुदरा कीमतों में वृद्धि पर मंत्री ने कहा कि कीमतों के बारे में



चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। किसानों को अच्छे दाम मिल रहे हैं।

केरल-कर्नाटक के बीच दूध की अनैतिक बिक्री पर मनमुटाव

वहीं दूसरी ओर अब तमिलनाडु के बाद केरल में भी दूध पर सियासत शुरू हो गई है। केरल सहकारी दुग्ध विपणन महासंघ (केसीएमएमएफ) जो अपने ब्रांड मिल्मा के नाम से जानी जाती है, ने कुछ राज्यों के दुग्ध विपणन महासंघों की अपने-अपने राज्यों के बाहर के बाजारों में आक्रामक तरीके से प्रवेश करने की प्रवृत्ति को अनैतिक करार दिया है।

कर्नाटक मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन के अपने नंदिनी ब्रांड के दूध और अन्य उत्पादों को बेचने के लिए केरल के कुछ हिस्सों में अपने आउटलेट खोलने की आलोचना करते हुए मिल्मा ने कहा कि यह सहकारी भावना का पूरी तरह से उल्लंघन है जिसके आधार पर देश के डेयरी क्षेत्र को लाखों डेयरी किसानों के लाभ के लिए संगठित किया गया है।

पेज 1 से जारी

## दुनिया के शहरों की आधी आबादी पर होगा जलसंकट

**पानी की खपत करने वाले क्षेत्र-** वैसे तो घरेलू तथा कृषि उपयोग में पानी की भारी खपत तो होती हैं मगर कुछ सेक्टर ऐसे भी है जो है पानी की भारी खपत तो करते ही हैं साथ में भारी मात्रा में दूषित जल का उत्पादन भी करते हैं। इनमें खास है होटल रेस्टोरेंट, मॉल्स, ऑटोमोबाइल, टेक्स्टाइल, फूड इंडस्ट्रीज, चावल मिल तथा अन्य विभिन्न प्रकार के उद्योग। ये उद्योग पानी की भारी खपत करके दूषित पानी का भी भारी संख्या में उत्पादन करते हैं। अगर इस दूषित पानी का उपचार उपचार संयंत्रों से किया जाएं तो भारी मात्रा में रिसाईकिल्ड पानी हासिल किया जा सकता है।

अनुमानित हमारे देश में लगभग 18 लाख लोग दूषित पानी से होने वाली बीमारियों से प्रति वर्ष मौत के मुंह में समा जाते हैं। इसलिए दूषित पानी का उपचार बहुत जरूरी है? दूषित पानी को उपचारित करने हेतु का प्रयोग किया जाता है जिनमें एक्यूलेंट ट्रीटमेंट प्लांट (ईटीपी) सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) तथा कॉमन एक्यूलेंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी) होते हैं।

**दूषित जल उपचार हेतु नियमों का गठन-** आज के दौर में दूषित जल का उपचार बेहद जरूरी हो चुका है। घरों, व्यावसायिक संस्थानों, उद्योगों तथा कृषि क्षेत्रों से निकला दूषित जल भारी गंदगी के साथ हमारे जल स्रोतों में जाता है। इस पर हमारी न्यायिक व्यवस्थाओं में नियम और दिशानिर्देश जारी किए हैं। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश दि. 22.07.17 के पालन पर माननीय एनजीटी ने आदेश 593/2017 को दिशा निर्देश जारी किए। इसमें स्पष्ट कहा गया है कि जिन संस्थानों में ईटीपी / एसटीपी संस्थापित और कार्यरत नहीं होंगे उन पर जल अधिनियम 1974 के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाए। उक्त आदेश के बाद मप्र-छग राज्यों से आरटीआई के तहत प्राप्त जानकारी बताती है कि प्रदूषण नियंत्रण मंडल भोपाल तथा पर्यावरण संरक्षण मंडल रायपुर ने कई संस्थाओं पर दंडात्मक कार्रवाईयां की हैं। यद्यपि जुर्माने की राशि की भरपाई की पुष्टि अभी नहीं हुई है। यद्यपि जानकारी में ये बात भी सामने आई है कि अभी भी कई अस्पतालों, होटलों, रेजीडेंशल प्रोजेक्ट, व्यावसायिक संस्थाओं, आटो वर्कशाप, विभिन्न उद्योगों में ईटीपी, एसटीपी या तो स्थापित नहीं हैं या कार्यरत नहीं हैं।

भारत में व्याप्त जल संकट और दूषित जल के उपचार की कमी को देखते हुए कठोर कदम उठाने की सख्त जरूरत है। संविधान में राइट टू हैल्थ के प्रावधान के तहत जो संस्थान दूषित जल को उपचारित नहीं करते हैं उनके विरुद्ध पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई होना जरूरी है। साथ ही जो अधिकारी पर्यावरण संरक्षण अधिनियमों का पालन करवाने में अक्षम सिद्ध होते हैं उन पर भी प्रावधानों के तहत कार्रवाई होना चाहिए। अगर आज ये कदम नहीं उठाए गए तो हमारी भावी पीढ़ी पानी को तरसेगी और दूषित जल से भरने वालों की तादाद भी लगातार बढ़ती रहेगी।

## मर्सिडीज़ बेंज इंडिया ने सर्वश्रेष्ठ वित्तवर्ष और पहली तिमाही का प्रदर्शन किया

**मुंबई, एजेंसी।** संतोष अय्यर मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, मर्सिडीज़ बेंज इंडिया ने कहा कि हमारा सर्वश्रेष्ठ वित्तवर्ष और सर्वश्रेष्ठ तिमाही भारत में लग्ज़री कार ग्राहकों के बीच मर्सिडीज़-बेंज की मजबूत डिज़ायरेबिलिटी प्रदर्शित करती है हम अपने निष्ठावान ग्राहकों के आभारी हैं जो निरंतर हमारे ब्रांड में विश्वास करते और मर्सिडीज़-बेंज वाहनों को पसंद करते आए हैं। टॉप एंड वाहन सेगमेंट में हमारी अभूतपूर्व वृद्धि और हमारे लग्ज़री इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए बढ़ी हुई पसंद भारत में मर्सिडीज़-बेंज ग्राहकों के बदलते प्रोफाईल को प्रदर्शित करती है जो सस्टेनेबिलिटी और



लग्ज़री को सर्वोच्च स्तर पर मिलाना पसंद करते हैं। सेल में प्राप्त हुई इस सफलता के साथ हम अपने वाहनों पर केंद्रित रहेंगे, और ऐसे नए अभियान पेश करेंगे, जो ग्राहको के अनुभव बेहतर बनाते रहेंगे, और हमें भारत में सबसे ज्यादा डिज़ायरेबल लग्ज़री ब्रांड बनाए रखेंगे।

मर्सिडीज़-बेंज ने वित्तवर्ष 2022-23 में 37 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 16,497 यूनिट्स की बिक्री का रिकॉर्ड बनाया। मर्सिडीज़-बेंज ने 2023 की पहली तिमाही में 17 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 4697 नई कारों की आपूर्ति कर सर्वश्रेष्ठ पहली तिमाही दर्ज की। टॉप एंड वाहनों ने 2023 की पहली तिमाही में 107 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।

## फ्लिपकार्ट होलसेल ने किराना सदस्यों के लिए अपने फ्लैगशिप ऑम्नी चैनल अभियान 'व्यापारी दिवस' का लेटेस्ट संस्करण लॉन्च किया

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के होमग्रोन फ्लिपकार्ट ग्रुप के डिजिटल बी2बी प्लेटफॉर्म, फ्लिपकार्ट होलसेल ने आज कंपनी की वार्षिक फ्लैगशिप ईवेंट, 'व्यापारी दिवस' के लॉन्च की घोषणा की है। इस फ्लैगशिप ईवेंट का उद्देश्य सदस्यों के लिए बचत और लाभ बढ़ाना है। 03 अप्रैल से 09 अप्रैल, 2023 तक चलने वाला यह अभियान फ्लिपकार्ट होलसेल के सभी स्टोर्स और फ्लिपकार्ट होलसेल ऑनलाईन प्लेटफॉर्म/मोबाईल एप्लीकेशन पर उपलब्ध होगा। इसमें सदस्यों को विभिन्न श्रेणियों, जैसे मुख्य आहार, व्यक्तिगत और होम केयर, फूड एवं बेवरेज आदि में आकर्षक डील्स मिलेंगी। टैगलाईन 'टूटेगा फायदे का रिकॉर्ड', के साथ इस अभियान में विभिन्न आकर्षक ऑफर जैसे डिस्कवरी ज़ोन, व्यापारी दिवस स्पेशल्स, बाय वन गेट वन ऑफर, फ्लैश डील्स तैयार किए गए हैं। इसके अलावा, पहली बार सदस्यों को फ्लिपकार्ट होलसेल ऐप और इन-स्टोर खरीद पर 9,999 रु. का निश्चित कैशबैक दिया जाएगा।

## स्पीड ब्रेकर लगाने को लेकर ग्रामीणों ने किया हंगामा



**अमरवाड़ा ।** हर्रई थाना क्षेत्र के ग्राम सुरलाखापा में एक तेज रफ्तार बस द्वारा बाइक सवार चाचा भतीजे को बीते दिनों रौंद दिया गया था। हादसे में दोनों की ही इलाज के दौरान मौत हो गई। दो लोगों की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने सुरलाखापा में विरोध प्रदर्शन करते हुए स्पीड ब्रेकर लगाने को लेकर जमकर हंगामा किया। वही मौके पर तहसीलदार और थाना निरीक्षक ओमेश मार्को सहित मोहन सिंह मर्सकोले कि समझाइस के बाद मामला शांत हुआ। सुरलाखापा में अक्सर सड़क हादसे होते रहते हैं। बुधवार को बस और बाइक की टक्कर के बाद स्पीड ब्रेकर लगाने और लापरवाह बस चालक पर कार्यवाही की मांग को लेकर ग्रामीणों ने लगभग 1 घंटे तक जमकर हंगामा किया। वही प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया कि ग्राम के अंदर स्पीड ब्रेकर लगाने को लेकर चर्चा की जाएगी ताकि हो रहे हादसों को कम किया जा सके।

## उत्कृष्ट बालक छात्रावास के भृत्य की मनमाने ढंग से लगा दी गई ड्यूटी

**छिन्दवाड़ा ।** कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला छिन्दवाड़ा के द्वारा ललित अहिरवार भृत्य प्राचार्य कन्या शिक्षा परिसर छिंदवाड़ा को बीईएल कंपनी बैंगलूरू से प्राप्त नवीन ईव्हीएम बीयू एवं सीयू मशीनो का आयोग के निर्देशानुसार नवीन वेयरहाउस, पीडब्लूडी रेस्टहाउस के पास, ईएलसी चौक, नागपुर रोड छिन्दवाड़ा मे दिनांक 04 अप्रैल 2023 से प्रारंभ होने पर अपनी उपस्थिति देने हेतु आदेशित किया गया था। ललित अहिरवार भृत्य कार्यालय कलेक्टर जिला निर्वाचन अधिकारी जिला छिंदवाड़ा द्वारा ईवीएम मशीनों के रख रखाव हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी संयुक्त कलेक्टर के हस्ताक्षर से लगाई गई.उक्त आदेश को कार्यालय कलेक्टर जनजाति कार्य विभाग छिंदवाड़ा के अधिकारी द्वारा बदलकर दूसरे कर्मचारी सुनील उईकार भृत्य उत्कृष्ट बालक छात्रावास छिंदवाड़ा की मनमाने ढंग से ड्यूटी लगा दी गई की जानकारी प्राप्त हुई है गौरतलब है,कि इस आदेश में जन जातीय आदिवासी विकास छिंदवाड़ा के सहायक आयुक्त ने हस्ताक्षर न कर किसी अन्य अधिकारी ने हस्ताक्षर किये है। की भी जानकारी प्राप्त हुई है इस संदर्भ में विभाग के अधिकारियों के द्वारा जांच करा कर कार्रवाई की जाना चाहिए ।

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति और आवास सहायता योजना में नवीनीकरण के आवेदन करने की तिथि में वृध्दि

**छिन्दवाड़ा14अप्रैल( जनपक्ष )।** जनजातीय कार्य विभाग के अन्तर्गत एन.आई.सी. पोर्टल 2.0 पर अनुसूचित जाति/जनजाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति और आवास सहायता योजना के अंतर्गत शैक्षणिक वर्ष 2022-23 में नवीनीकरण के प्राप्त आवेदनों का परीक्षण करने पर गत वर्षों तुलना में कम आवेदन प्राप्त होने के दृष्टिगत अनुसूचित जाति/जनजाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति और आवास सहायता योजना में नवीनीकरण के लिये आवेदन करने के लिये 30 अप्रैल 2023 तक पोर्टल खोलने की व्यवस्था की गई है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में एन.आई.सी. पोर्टल 2.0 को 15 अप्रैल 2023 से बंद करने के निर्देश प्रसारित किये गये थे जिसकी तिथि में अब वृध्दि कर दी गई है ।

## वार्ड नं. 15 में डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई



**छिंदवाड़ा ।** भारत के संविधान के रचियता बाबा भीमराव अम्बेडकर की जयंती के उपलक्ष में वार्ड नं15 में विशेष अतिथि पूर्व नगरपालिका निगम अध्यक्ष धर्मेन्द्र मिगलानी की उपस्थिति में माल्यार्पण एवं विशेष संवाद का कार्यक्रम गुजराती समाज मे सुबह 11 बजे रखा गया जिस में वार्ड के पूर्व पार्षद दीपक मिगलानी, वार्ड नं 15 पार्षद पूर्णिमा अखिलेश मालवी,सेक्टर प्रभारी पीताम्बर डोडानी, वार्ड प्रभारी तरुण किड्डा, राजेंद्र राय, गोलू शर्मा, रितेश राय, दीवाकर जोशी, राकेश अग्रवाल , संजीव साहू, परशु शर्मा, कपिल पिंगल, गोलू साहू, पंढरीनाथ दारोकर, अजय वमा, दीपक चौकसे, संजू वर्मा,महेंद्र मालवी, ऋषिकेश सिनकर, आकाश काहार, पवन रावत,एवं सभी वरिष्ठ एवं सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## छिंदवाड़ा डे-नाइट क्रिकेट प्रीमियर लीग 20 अप्रैल से

**छिंदवाड़ा ।** छिंदवाड़ा डे-नाइट क्रिकेट प्रीमियर लीग 2023 का शुभारंभ 15 अप्रैल को होना था यह मैच का शुभारंभ 20 अप्रैल हो गया है । यह कि यह मैच 20 अप्रैल को प्रारंभ होकर 5 मई तक शुक्ला ग्राउंड में होंगा। डे-नाईट 20-20 क्रिकेट प्रतियोगिता महाकुंभ में छिंदवाड़ा जिले की 12 टीमें और देशभर से नागपुर, दिल्ली, गुड़गांव, जबलपुर, लखनउ, चेन्नई, इन्दौर, भोपाल, ग्वालियर, हरियाणा, पंजाब, मुम्बई की टीमें भी शामिल रहेगी। इन टीमों में रणजी ट्रॉफी एवं आईपीएल और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी शामिल होंगे । इन सभी मैचों का लाईव सीधा प्रसारण फेनकोड, दफाबेट और क्रिक्सहीरो ऑनलाईन टीवी में चलेगा साथ में ड्रीम इलेवन चैनल एवं यू-ट्यूब में भी लाइव चलेगा। यह मध्यप्रदेश की सबसे बड़ी प्रतियोगिता है । दिनांक 20 अप्रैल से प्रतिदिन दो मैच होंगे पहला मैच सायं 4.30 बजे से तथा दूसरा मैच रात्रि 8.30 बजे से होगा । छिंदवाड़ा डे-नाइट क्रिकेट प्रीमियर लीग 2023 संरक्षक जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, मार्गदर्शक शेषराव यादव, संयोजक संदीप मालवी, सहसंयोजक मीनू सिंघई, सचिव दारा जुनेजा, खेल मित्र नितिन खंडेलवाल, आयोजन समिति सदस्य अलकेश लाम्बा, पंकज पाटनी, जगेन्द्र अल्डक, नीरज भारद्वाज सहित समिति के सदस्यों ने खेल को लेकर तैयारीयां प्रारंभ की। छिंदवाड़ा जिले में छिंदवाड़ा डे-नाइट क्रिकेट पीमियर लीग 2023 का 20-20 मैचों में छिंदवाड़ा के क्रिकेट प्रेमियों को नई ऊर्जा के साथ खेल में निखार मिलेगा।

# बाबा साहब ने शिक्षित बनाने के साथ ही संघर्ष और संगठित रहना सिखाया

### सविंधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 132 जयंती हर्षोल्लास से मनाई

### मेडिकल कॉलेज को डॉ. अम्बेडकर का नाम दिये जाने की मांग: लोखण्डे



**छिंदवाड़ा** डॉ. अम्बेडकर जयंती समारोह पर भारतीय बौध्द महासभा, त्रिरत्न जनकल्याण समिति, सुजाता महिला संघ द्वारा डॉ आम्बेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर प्रसिध्द कव्वाल गुलाबराजा की कव्वाली का आयोजन 13 अप्रैल एवं डॉ. आम्बेडकर जयंती समारोह का आयोजन 14 अप्रैल को किया गया। सर्वप्रथम डॉ. आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यापर्ण पूज्य भन्ते सारीपुत्र थेरो पूर्व कैबिनेट मंत्री चौधरी चंद्रभान सिंह, प्रदेष सचिव दक्षिण एड. रमेष लोखण्डे, अध्यक्ष नरेन्द्र पाटिल, उपाध्यक्ष एड. राजेष सांगोडे, महासचिव अषोक डोंगरे, अनिरुध्द, एस.डी.एम. अतुल सिंह, नगर निगम कमिष्नर राहुल सिंह, मेडिकल कॉलेज डीन गिरीष रामटेके, नगर पुलिस अधीक्षक अमन मिश्रा, नगर निगम महापौर विक्रम अहके, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पुन्हार, गंगाप्रसाद तिवारी, विष्वनाथ ओक्टे, साहित्यकार एस.आर. शेण्डे, आयोग सदस्य गुरुचरण खरे, महेष सराठी, त्रिरत्न जनकल्याण समिति संरक्षक एस.आर. बेले, अध्यक्ष भीमराव सोमकुंवर बसंता सोमकुंवर, एलआर पगारे, सुभाष गजभिये, डॉ. श्यामकुंवर, अविनाष पंचभाई, सुजाता महिला संघ अध्यक्ष चंद्रकलॉ बेले, उपाध्यक्ष ममता सहारे, सहित कई समाज सेवको द्वारा माल्यापर्ण किया गया। तदोपरांत सामुहिक बुध्दवंदना भन्ते सारीपुत्र थेरो द्वारा कराई गई समारोह का संचालन जिला उपाध्यक्ष एड राजेष सांगोडे द्वारा किया गया। आमंत्रित अतिथियों का स्वागत किया गया। डॉ. आम्बेडकर जयंती सभा को पूर्व कैबिनेट मंत्री चौधरी चंद्रभान सिंह, प्रदेष सचिव एड रमेष लोखण्डे, विवेक बंटी साहू, विष्वनाथ ओक्टे, एसडीएम अतुल सिंह, कमिष्नर राहुल सिंह, मेडिकल कॉलेज डीन गिरीष रामटेके, जिला पंचायत अध्यक्ष एड संजय पुन्हार, महापौर विक्रम अहके, साहित्यकार एसआर शेण्डे, महासभा जिला अध्यक्ष नरेन्द्र पाटिल, शेषराव यादव, एड देवेन्द्र वर्मा, षिवम पहाडे, किरण चौधरी, विजय झांझरी सहित कई समाज सेवको द्वारा संबोधित किया गया। अपने उद्बोधन में पूर्व मंत्री चौधरी चंद्रभानसिंह द्वारा कहा कि डॉ. बाबा साहब आम्बेडकर के विचारो पर पढने की आवश्यकता बताते हुए उनके विचारो पर चलने की आवश्यकता बताई। प्रदेश सचिव एड लोखेण्डे द्वारा कहा कि डॉ. बाबा साहब आम्बेडकर द्वारा भारत देश को लोकतांत्रिक संविधान के माध्यम से सभी वर्ग के अधिकारो की सुरक्षा की संविधान की बदोलत भारत सुजलम सुखलम बनने की ओर अग्रसर हुआ। हमें डा. आम्बेडकर के विचारो को जनजन तक पहुॅचाने की आवश्यकता बताई एवं मेडिकल कॉलेज को डॉ. आम्बेडकर जी का नाम दिये जाने की मांग की।

### 18 सामाजिक संगठनों के साथ निकली विशाल रैली पूरे शहर में रैली के दौरान जय भीम के लगे नारे

छिंदवाड़ा। डॉक्टर अंबेडकर समता विकास समिति बौद्ध विहार छिंदवाड़ा के अध्यक्ष सुभाष नागले ,महासचिव सतीश गोंडाने दादा राव मोडघरे उपाध्यक्ष छविता खांडेकर एवं कोषाध्यक्ष मयंक गजभिए द्वारा संयुक्त रूप से बताया गया कि बाबा साहब की 132 वी जयंती के उपलक्ष में आज 14 अप्रैल को समता बौद्ध विहार से 18 सामाजिक संगठनों के सहयोग से विशाल रैली आयोजित की गई । रैली के पूर्व बौद्ध विहार में झंडा वंदन एवं बुद्ध वंदना धम्म वंदना संघ वंदना की जाकर भगवान बुद्ध एवं बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण किए गए । रैली सर्वप्रथम समता बौद्ध विहार से होते हुए पूजा लाज के पास पहुंची जहां समाजसेवी एवं पूजा चल आज के संचालक नरेंद्र साहू द्वारा रैली का स्वागत जलपान देकर किया गया, के बाद रैली सृष्टि माता मंदिर पहुंची जहां नुनारिया मेहरा समाज के पदाधिकारियों द्वारा, जलपान देकर रैली का स्वागत किया गया, उसके पश्चात गुलाबरा फवारा चौक फव्वारा चौक में के बाद राजीव भवन राजीव भवन में कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे एवं प्रदेश उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद तिवारी एवं अन्य कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी द्वारा रैली का स्वागत किया गया एवं जलपान का वितरण किया गया ,रैली उसके पश्चात बरारीपुरा होते हुए वाल्मीकि मोहल्ला निकली जहां वाल्मीकि समाज की ओर से अनिकेत गोदरे ने जलपान की व्यवस्था की उसके पश्चात वाल्मीकि गुरुद्वारा एवं रविदास समाज की तरफ पार्षद जगदीश गोदरे एवं रविदास समाज से श्याम अहिरवार एवं पदाधिकारियों द्वारा रैली को स्वल्पाहार दिया गया और सभी रैली के साथियों का पुष्प एवं हार से स्वागत किया गया तत्पश्चात रैली पुराना पावर होते हुए छोटा तालाब होते हुए अलका टॉकीज के पास खत्री टाइल्स द्वारा रैली का स्वागत शीतल पेय पदार्थ पिलाकर स्वागत किया गया उसके पश्चात रैली नरसिंहपुर रोड होते हुए कुणाल मोटर्स पहुंची जहां कुणाल मोटर्स द्वारा रैली का स्वागत एवं जलपान की व्यवस्था की गई उसके पश्चात रैली लालबाग पहुंची जहां रैली का पुनः दुपारे परिवार,जलपान स्वल्पाहार से स्वागत किया गया तत्पश्चात रैली भाजपा कार्यालय ऊंट खाना बस स्टैंड होते हुए बाबा साहब की प्रतिमा के पास पहुंची रैली के दौरान महिलाएं खासकर बच्चे द्वारा सफेद कपड़े पहन के और बाबा साहब की टोपी लगाकर, नीला,दुपट्टा पहनकर और झंडे लेकर डांस किया गया और बाबा साहब के नारे लगाए गए और सभी ने सामूहिक रूप से रैली में भाग लिया । पूरे शहर में रैली का जोरदार स्वागत हुआ ।

### जन अभियान परिषद ने मनाया आंबेडकर की जयंती

छिंदवाड़ा। ध्यप्रदेश जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा के द्वारा भारत रत्न डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष में समानता पर्व के रूप में कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत सभागार छिंदवाड़ा में किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य के वक्ता समाजसेवी राष्ट्रपति पुरूस्कार प्राप्त विनोद तिवारी, डॉ लता नागले, उपस्थित रहें। एवम मार्गदर्शन दिया।इस अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक समन्वयक अखिलेश जैन ने बाबासाहेब आंबेडकर जी कि जीवनी पर प्रकाश डाला और उनके जीवन चरित्र से अवगत कराया। कार्यक्रम में समाजसेवी श्रीमती आराधना शुक्ला एवम योगाचार्य डाक्टर देवीसिंह चौरे ने डाक्टर बाबा साहेब आंबेडकर जी के व्यक्तित्व एवम कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर निलिमी पूरी ,प्रीति बंदेवार,मीना गुप्ता,शोभा यादव ,बंदना ठाकरे, स्टेला अल्बार्ड, मुकेश दीक्षित, बबीता शाह,चित्रेश कुमार,कामेश अमित बरखानिया,मनोज तेलंग, पवित्रा धुर्वे,सविता ,गीता साहू सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी उपस्थित थे। कार्यक्रम के शुभारंभ सभी ने बाबा साहेब आंबेडकर जी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर इन्हे याद किया गया।

### अहिरवार समाज संघ ने मानई 132 वीं जयंती



### मेहरा डेहरिया समाज ने निकाली वाहन रैली

छिंदवाड़ा। अहिरवार समाज संघ द्वारा संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की 132 वीं जयंती पर स्थानीय अंबेडकर तिराहा पहुँचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और बुद्ध वंदना की गई साथ ही बाबा साहब अमर रहे के नारे लगाये, और बाबा साहब के बताये गये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया एवं संविधान की रक्षा करने का लक्ष्य रखा गया । इस अवसर पर समाज के इंजीनियर आकाश अहिरवार जिलाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, राजकुमार अहिरवार जिलाध्यक्ष, दिलीप अहिरवार प्रदेश सचिव, नितिन अहिरवार जिला उपाध्यक्ष, शक्ति डोले, विनोद बिन्झाड़े, नवीन अहिरवार, शीलाराम अहिरवार, कपिल मंडले, सुरेन्द्र खलोटे, अजय टांडेकर, अरूण डोले सहित अन्य सामाजिक बंधु उपस्थित थे ।

### रविदास समिति ने बाबा साहब अम्बेडकर को याद किया

छिन्दवाड़ा। जिला रविदास समिति छिन्दवाड़ा के जिलाध्यक्ष अरूण कुमार चैकसे ने बताया कि संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ.बाबा साहब आम्बेडकर जी का 132 वॉं जन्मदिवस धूमधाम से गुरू रविदास धाम वार्ड क्रमांक 23 में मनाया गया । तत्पश्चात् बाबा साहब के विचारों को वरिष्ठजनों द्वारा उद्बोधन बाबा साहब के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर प्रसाद वितरित किया गया। तत्पश्चात् सत्कार तिराहे पर समिति द्वारा बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया ।

### ए.बी.वी.पी. ने मनायी अंबेडकर जयंती

छिंदवाड़ा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छिंदवाड़ा नगर द्वारा आज 14 अप्रैल दिन शुक्रवार को संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर की 132 वीं जयंती के अवसर पर स्थानीय अंबेडकर तिराहा पहुॅचकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं शाम को द्वीप प्रज्जवलन कर बाबा साहब के बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया । इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री देवेन्द्र पनीका, जिला सह संयोजक



सोहित डेहरिया, नगर मंत्री मोहित डेहरिया, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य दीक्षा बंसोड़, जिला सोशल मीडिया प्रभारी अतुल साहू, नगर सह मंत्री प्रतिमा डोले, निशा धुर्वे, संजू बर्मन, शुभम डेहरिया सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

### भारत रत्न बाबा साहेब आंबेडकर को किया याद

छिंदवाड़ा। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा के द्वारा भारत रत्न डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष में समानता पर्व के रूप में कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत सभागार छिंदवाड़ा में किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य के वक्ता समाजसेवी राष्ट्रपति पुरूस्कार प्राप्त विनोद तिवारी, डॉ लता नागले, उपस्थित रहें। एवम मार्गदर्शन दिया।इस अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक समन्वयक अखिलेश जैन ने बाबासाहेब आंबेडकर कि जीवनी पर प्रकाश डाला और उनके जीवन चरित्र से अवगत कराया। कार्यक्रम में समाजसेवी श्रीमती आराधना शुक्ला एवम योगाचार्य डाक्टर देवीसिंह चौरे ने डाक्टर बाबा साहेब आंबेडकर जी के व्यक्तित्व एवम कृतित्व पर प्रकाश डाला ।

### वार्ड नं. 8 में अम्बेडकर की जयंती मनाई

**छिंदवाड़ा ।** सामाजिक समरसता के प्रणेता भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर वार्ड नं 08 में मुख्य वक्ता के रूप में रिजवान कुरैशी शामिल हुए तथा वार्ड के संयोजक इन्द्रजीत सिंह बैस ने इस अवसर पर सभी को बाबा साहेब की जयंती की बधाई दी तथा सभी को बाबा साहेब अंबेडकर के बताये हुए पथ पर चलने का सभी को आग्रह किया। मुख्य वक्ता रिजवान कुरेशी ने अपने उद्बोधन में कहा की बाबा साहेब का जीवन संघर्षों से भरा था बाबा साहेब ने शिक्षित बनाने के साथ ही संघर्ष और संगठित रहना सिखाया उन्होंने अपना सारा जीवन दलित उत्थान के साथ साथ सामाजिक असमानता एवं छुआछूत को देश से हटाने में लगा दिया। इस दौरान सभी उपस्थित लोगों ने बाबा साहेब की फोटो पर पुष्पांजलि अर्पित ?की। कार्यक्रम का संचालन अज़हर खान ने किया तथा आभार प्रदर्शन रिंकू बैस ने किया । इस अवसर पर वार्ड प्रभारी बिनोद साहू , वार्ड सह संयोजक अजहर खान , नीलम जंघेला , कैलाश बैस , रिंकू बैस , अज़हर मंसूरी , यश कहार ,हामिद खान सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

### कांग्रेस एस.सी. प्रकोष्ठ ने मनाया 132 वां जन्मदिवस

**छिन्दवाड़ा।** भारत वर्ष के संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष, भारत रत्न, बाबा साहेब भीमराव अम्बेड़कर की 132 वीं जयंती राजीव भवन में समारोह पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर समस्त उपस्थित जन ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें हदृय से याद किया व जय भीम के गगन भेदी नारों से उदघोष किया। इस अवसर पर अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य व राज्यमंत्री का दर्जा प्राप्त गुरुचरण खरे ने अपने उदबोधन में कहा कि देश से छुआछूत मिटाने, पिछड़ी जाति को उनका हक दिलाने और भेदभाव का शिकार हुये दलितों को समाज में उनका हक दिलाने के लिये बाबा साहेब ने अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित किया और भारत वर्ष को विश्व का एक सर्वश्रेष्ठ संविधान दिया। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब द्वारा लिखित भारत का संविधान हमारे देश की एकता अखंडता व साम्प्रदायिकता सद्भाव की भावनाओं से ओतप्रोत एक ग्रंथ है परन्तु आज भारत विरोधी ताकतों के कारण हमारा संविधान खतरे में है इसकी रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे ने कहा कि बाबा साहेब केवल दलितों के नहीं बल्कि बहुजन समाज के हितचिंतक रहे है कांग्रेस ने सदैव बाबा साहेब की रीति-नीति का अनुकरण किया, परन्तु वर्तमान में भाजपा सरकार संविधान विरोधी सिद्ध हो रही है।



## निगम आयुक्त राहुल सिंह ने साफ सफाई व्यवस्था का जायज़ा लिया



**छिंदवाड़ा ।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 एवम जीएफसी 5 स्टार सर्वे की तैयारियों की ग्राउंड मॉनिटरिंग के लिए नगर निगम आयुक्त राहुल सिंह प्रतिदिन अलग अलग क्षेत्रों में निरीक्षण कर रहे हैं,इसी उद्देश्य से 14 अप्रैल दिन शुक्रवार को उन्होंने मानसरोवर काम्प्लेक्स,मुख्य बसस्टैंड,शनिचरा बाजार,दीन दयाल रसोई,गांधी गंज,गांधी गंज सार्वजनिक शौचालय, फव्वारा चौक,कर्बला चौक,रेलवे स्टेशन,आनंद हॉस्पिटल तथा मालधक्का क्षेत्र का दौरा कर यहाँ की नियमित सफाई व्यवस्था का जायज़ा लिया तथा पाई गई कमियों को तुरन्त दूर करने के लिए स्वास्थ्य अधिकारी को आदेशित किया।फील्ड में बेहतर सफाई कार्य करने के लिए आयुक्त के निर्देश पर प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ने विगत 13 अप्रैल शाम को स्वास्थ्य निरीक्षकों,जोनल एवम वार्ड सुपरवाइजरों की सभा कक्ष में बैठक ली,जिसमें उन्हें निर्देश दिए गए कि वे अपने अपने वार्डों में नालियों,सड़कों,खाली प्लॉटों,जल संरचनाओं,पार्कों,सार्वजनिक-सामुदायिक शौचालयों पर नियमित एवम प्रभावी सफाई सुनिश्चित करें,शौचालयों पर सभी आवश्यक सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।लिटर बिन्स को प्रतिदिन खाली करें और उन्हें साफ रखें,लिटर बिन्स यदि टूट गए हों तो उन्हें बदलवाएं।स्वास्थ्य अधिकारी ने यह भी निर्देशित किया ।

## बिछुआ नगर में आयोजित विशाल संत समागम

बिछुआ। नगर के माता मां चौंक स्थित श्री गणेश मंदिर सेवा समिति बिछुआ के द्वारा गुरूवार को विशाल संत समागम कार्यक्रम का आयोजित किया गया। जिसमें सिद्ध योग मठ अखाड़ा के आचार्य महामण्डेलश्वर श्री श्री 1008 बालयोगी अलखनाथ औघड़ महाराज, अखिल भारतीय निर्वाणी अखाड़ा उज्जैन के महामण्डेलश्वर श्री 1008 दादू महाराज, अखिल भारतीय संत समिति के आचार्य शुभेश शर्मन, रामद्वारा जोधपुर के रामस्नेही संत गोविंदराम महाराज, ज्योतिषाचार्य केके स्वामी, श्री 1008 सीताराम दादा, स्वामी दयानंद, पूनम मिश्रा आदि उपस्थित थे। संत समागम का शुभारंभ प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश के पूजन से हुआ। समागम को संबोधित करते हुए संत गोविंदराम महाराज ने कहा की धार्मिक आयोजनों के माध्यम से मनुष्य अपनी संस्कृति को संजोए रख सकते हैं। शुभेष शर्मन ने कहा की भगवान श्री गणेश की महिमा का बखान करते हुए बिछुआ गणेश मंदिर की प्रतिभा निसंतान को संतान सुख प्रधान करते हैं। गौ माता के सरंक्षण पर बल देते हुए प्रत्येक माह घर रामायण के पाठ करने से सुख शांति और समृद्धि की प्राप्ति की बात कहीं। ज्योतिषाचार्य केके स्वामी ने कहा की मनुष्य को हर परिस्थितियों में खुशियां ढूंढ चाहिए ताकि जीवन को सुखमय व सुगम्य बनाया जा सकें।

## उपकारी का उपकार कभी मत भूलो: दीपकराज

### स्वाध्याय भवन में धर्ममाता श्रीमती कुसुमलता पाटनी को दी भावांजलि



**छिन्दवाड़ा ।** अगर आपको वर्तमान जीवन के साथ आगामी जीवन मे सदा सदा के लिए सुखी होना हो तो ज्ञानी जीवों की सत संगति में रहो और उनके द्वारा बताए हुए मार्ग पर चलते हुए उनके द्वारा किये गए उपकारों को कभी भी मत भूलो फिर वह उपकार लौकिक हो या पारलौकिक उक्त हृदय स्पर्शी एवं मार्मिक बात स्वाध्याय में धर्ममाता श्रीमती कुसुमलताजी पाटनी भाभीजी की प्रथम पुण्य तिथि पर आयोजित भावांजलि सभा में कही अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के प्रांतीय मीडिया प्रभारी दीपकराज जैन ने।भावांजलि सभा का आयोजन श्री दिगम्बर जैन मुमुक्षु मण्डल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन द्वारा किया गया। जिसमे मण्डल अध्यक्ष शांतिकुमार पाटनी, रमेश सिंघई, पं. विमलकुमार जैन, मंत्री अशोक जैन वैभव सहित श्रीमती कमला पाटनी मंचस्थ थे।कार्यक्रम का शुभारंभ पण्डित ऋषभ शास्त्री ने वीर प्रभु की वन्दना कर मंगलाचरण से किया एवं शास्त्री परिवार की ओर से धर्ममाता को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। सभा का संचालन करते दीपकराज जैन ने युवा पीढ़ी को स्वाध्याय के माध्यम से धर्ममार्ग में लगाने हेतु धर्ममाता के अनेकों उपकारों को यादकर उन्हें फेडरेशन की ओर से भावांजलि अर्पित की। मण्डल के मंत्री अशोक जैन ने कहा कि भाभीजी ने सकल समाज को 50 वर्षों तक स्वाध्याय की प्रेरणा देकर साधर्मी वात्सल्य का पाठ पढ़ाया ओर सकल समाज की एकता का सन्देश दिया यह उनका सबसे बड़ा उपकार है। कमला पाटनी ने भाभीजी का देहपरिवर्तन सकल समाज की बहुत बढ़ी क्षति बताया तो राज पाटनी ने उनके द्वारा दिये गए संस्कारों का स्मरण किया। रमेश सिंघई ने कहा कि श्रीमती पाटनी ने अपना पूरा जीवन समाज को संस्कारित करने में लगाया जो अनुकरणीय है।

## सहायक यंत्री मनरेगा में कर रहे लापरवाही

### जिला पंचायत सीईओ ने मांगा स्पष्टीकरण

**परासिया ।** जनपद पंचायत परासिया में पदस्थ सहायक उप यंत्री मनरेगा के आर पी सोनी के खिलाफ जिला पंचायत अध्यक्ष और सचिवों द्वारा शिकायत की गई है । उन पर लापरवाही बरतने और सचिवों से पैसा मांगने की आरोप लगाए गए हैं ।? जिसके लिए जिला पंचायत सीईओ के द्वारा श्री सोनी से स्पष्टीकरण मांगा है। जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पुन्हार और जनपद पंचायत परासिया के सचिवों के द्वारा आर पी सोनी सहायक यंत्री मनरेगा पर अनावश्यक रूप से परेशान किए जाने और बगैर राशि लिए तकनीकी स्वीकृति नहीं देने के आरोप लगाते हुए शिकायत की गई थी । जिस पर जिला पंचायत की ओर से श्री सोनी से इस मामले में स्पष्टीकरण मांगा गया था। श्री सोनी ने स्पष्टीकरण में सभी आरोपों को निराधार बताते हुए अपने द्वारा किए गए कार्यों का विवरण स्पष्टीकरण पत्र में लिखा गया है।

## सांसद नकुलनाथ के मुख्यातिथ्य में 21 मई को होगा आउटसोर्स अधिकार सम्मेलन

### शरद पंत बने प्रदेश सचिव, शरद पंत बने प्रदेश सचिव



**छिंदवाड़ा।** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथजी एवं सांसद नकुलनाथ के निर्देश पर मप्र आउटसोर्स, अस्थाई एवं संविदा कर्मचारी कांग्रेस की बैठक जिला अध्यक्ष कन्हैया राजपूत की अध्यक्षता तथा महापौर विक्रम आहके एवं संगठन के प्रदेश अध्यक्ष वासुदेव शर्मा की उपस्थित में संपन्न हुई। बैठक में सांसद नकुलनाथजी की अनुशंसा एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे की सहमति से स्वास्थ्य विभाग के आउटसोर्स कर्मियों के नेता शरद पंत को संगठन का प्रदेश सचिव बनाकर महापौर विक्रम आहके के हाथों नियुक्ति पत्र दिलाया गया। बैठक में आगामी 21 मई को सांसद नकुलनाथजी के मुख्यातिथ्य में आउटसोर्स अधिकार सम्मेलन करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक में सविता धुर्वे, शिवानी वर्मा, शबनम खान, श्रीकांत डोहरिया, मनोज सिसोदिया, राजेश गोहिया, प्रवीण सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक को मार्गदर्शन देते हुए विक्रम आहके ने कहा कि आउटसोर्स कर्मियों के साथ अन्याय हो रहा है, यह बात अब किसी से छिपी नहीं है, आप लोग संगठन को मजबूत बनाते हुए अन्याय के खिलाफ बोलते रहें, हम आपके साथ हैं। प्रदेश अध्यक्ष वासुदेव शर्मा ने कहा कि प्रदेश के 5 लाख आउटसोर्स, अस्थाई कर्मचारियों की निगाहें छिंदवाड़ा पर टिकी हुई हैं, यह तय हो चुका है कि 6 महीने बाद मप्र में कांग्रेस की सरकार कमलनाथ के नेतृत्व में बन रही है, हम लोगों की जिम्मेदारी है कि आउटसोर्स के सवालों को लगातार उठाते रहें, छिंदवाड़ा से उठने वाले सवालों को गंभीरता से सुना जाता है,इसलिए हम लोगों अगले 6 महीने तक अपनी सक्रियता कई गुना बढाने की जरूरत है। शर्मा ने कांग्रेस के वचन पत्र में आउटसोर्स के मुद्दों को शामिल करने की जानकारी भी बैठक में दी और 21 मई को होने वाले आउटसोर्स अधिकार सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने का आग्रह उपस्थित पदाधिकारियों से किया।

# ओबीसी में शामिल करने पर किन्नर नाराज?

**भोपाल।** सरकार ने चुनावी साल में किन्नरों को आरक्षण देने का तमगा भी हासिल कर लिया। मप्र पहला राज्य है, जहां किन्नरों को ओबीसी में शामिल कर आरक्षण का लाभ दिया गया है। भले ही सरकार अपनी पीठ ठोंक रही हो, लेकिन किन्नर समाज अपने आप को किसी भी कैटेगरी में शामिल करने से नाराज है। उनका कहना है कि हम अलग-अलग जातियों से आते हैं। ताली बजाकर एक-दूसरे के साथ जीवन बिताते हैं। वहीं, पूर्व विधायक शबनम मौसी ने कहा- मैं खुद तिवारी ब्राह्मण हूं, किसी और जाति कैटेगरी में क्यों जाऊं?

किन्नर गुरु शिल्पा तिवारी ने कहा कि ओबीसी कैटेगरी के बारे में हम कुछ नहीं जानते। मैं ब्राह्मण हूं, वही रहना चाहती हूं। मैं कैमरे पर कुछ इसलिए नहीं कह सकती, क्योंकि मैं बूढ़ी हो गई हूं। अब जवान किन्नर ही बधाई से पैसे कमाकर लाते हैं और हमें खिलाते हैं। किन्नरों के एक डेरे की गुरु हूं। ये जिम्मेदारी पर होता है। मेरे पास हर जाति के किन्नर रहते हैं। मेरा सम्मान करते हैं। मैं जाति के बारे में कुछ भी कह कर उन्हें परेशानी में नहीं डाल सकती। हम सभी डेरों की एक मुख्य गुरु हैं, वो वैष्णो देवी दर्शन करने गई हैं। सरकार के इस फैसले के बारे में वही कोई स्टेटमेंट दे पाएंगी। मैं इसके लिए अधिकृत नहीं हूं।

### सरकार हमारी समाज की खिचड़ी बनाने में क्यों लगी है: शबनम मौसी

मध्यप्रदेश के सोहागपुर से देश की पहली किन्नर विधायक रहीं शबनम मौसी ने कहा, मैं पूरे देश के किन्नर समाज से जुड़ी हुई हूं। लगातार उनके संपर्क में रहती हूं। सरकार के इस फैसले से पूरा समाज नाराज है। मैं खुद तिवारी ब्राह्मण हूं। सरकार हमारी समाज की खिचड़ी बनाने में क्यों लगी है? अपने पूरे समाज के साथ मैं सरकार के इस फैसले का विरोध करती हूं।

# संविधान की रक्षा के लिए ली संविधान की शपथ

**भोपाल।** मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच ने संविधान के रचयिता बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित करके संविधान की रक्षा करने एवं ओ पी एस आंदोलन को सफल बनाने के लिए संविधान की शपथ सतपुड़ा भवन परिसर में ली है संविधान की शपथ लेने वाले कर्मचारी नेताओं में अशोक पांडे श्याम बिहारी सिंह सत्येंद्र पांडे शिवप्रसाद सांगुले भगवानदास बिल्लोरे श्याम लाल विश्वकर्मा प्रेम नारायण सिंह आरपी वर्मा लव प्रकाश पाराशर हरि सिंह गुर्जर मिश्रीलाल मालवीय आदि दर्जनों सदस्य शामिल थे



मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच के प्रांत अध्यक्ष अशोक पांडे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति मैं बताया है कि संविधान में दिए गए अधिकारों का हनन हो रहा है बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के लिखे संविधान के अनुच्छेद 19 (1) च और(31)1मैं स्पष्ट प्रावधान रखा गया है कि पेंशन कर्मचारियों का संवैधानिक अधिकार है कोई भी सरकार संविधान में दिए गए पेंशन के अधिकार को समाप्त नहीं कर सकती है पेंशन कोई दया नहीं कर्मचारी द्वारा की गई सेवा का पुरस्कार है सामाजिक सुरक्षा है लेकिन राज्य सरकार ने कर्मचारियों को मिले संवैधानिक अधिकार का हनन करके उन्हें पुरानी पेंशन योजना ओ पी एस के लाभ से वंचित कर दिया है लंबे समय से कर्मचारी सरकार से धरना आंदोलन प्रदर्शन ज्ञापन के माध्यम से मांग कर रहे हैं कि बाजार वादी एनपीएस योजना को समाप्त करके पुरानी पेंशन योजना ओ पी एस को लागू किया जाए संवैधानिक अधिकार दिए जाएं लेकिन सरकार कर्मचारियों की मांगों को संज्ञान में नहीं ले रही है सरकार संविधान में दिए गए अधिकारों का हनन कर रही है संविधान का पालन नहीं कर रही है आज कर्मचारियों ने संविधान की शपथ लेकर संकल्प लिया है कि संविधान की रक्षा के लिए अभियान चलाएंगे संविधान में दिए गए अधिकारों को प्राप्त करने के लिए राज्य सरकार से कर्मचारी आर पार का संघर्ष करेंगे और संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर द्वारा दिए गए संवैधानिक अधिकार का हनन नहीं होने देंगे संघर्ष संविधान के सम्मान के साथ किया जाएगा।

# ट्रैक्टर-ट्राली को तेज रफ्तार मिनी ट्रक ने मारी टक्कर, चालक की मौत

**भोपाल।** कोलार इलाके में स?थित ग्राम सेमरी जोड़ के पास एक सड़क हादसा हो गया। सड़क पर जा रहे एक ट्रैक?टर-ट्राली को तेज रफ्तार मिनी ट्रक ने पीछे से टक?कर मार दी। टक?कर की वजह से ट्रैक?टर का संतुलन बिगड़ गया और उसका चालक उछलकर नीचे जा गिरा। सिर में गंभीर चोट लगने की वजह से उसकी मौत हो गई। हादसा शुक्रवार रात करीब साढ़े आठ बजे हुआ। हादसे के बाद मिनी ट्रक चालक वाहन को मौके पर छोड़ फरार हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

कोलार थाना पुलिस के मुताबिक ग्राम समरधा मिसरोद निवासी 50 वर्षीय रामबाबू कुर्मी एक ईंट भट्टे की ट्रैक्टर-ट्राली चलाया करता था। वह शुक्रवार को कोलार में बिल्डिंग मटेरियल लेकर आया था, जहां से ट्राली खाली करने के बाद वह वापस मिसरोद जा रहा था। ग्राम सेमरी जोड़ के पास से पीछे से एक मिनी ट्रक खाली गैस सिलेंडर लेकर जा रहा था। तेज रफ्तार से जा रहे मिनी ट्रक ने ट्रैक्टर में लगी ट्राली में पीछे से टक्कर मारी। इस टक?कर की वजह से ट्राली घूम गई और ट्रैक्टर का भी संतुलन बिगड़ गया एवं ट्रैक?टर चालक रामबाबू उछलकर नीचे गिर गया।

# डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर सेंट्रल जेल से रिहा हुए 18 बंदी

**भोपाल।** जाने अनजाने में हुए अपराध के कारण उन्हें उम्र कैदी सजा हुई थी। जेल में आचरण ठीक रहने पर सजा माफी का लाभ समयङ्कसमय पर मिलता रहा। अंतत- 14 अप्रैल को वह समय भी आया, जब हमेशा के लिए खुली हवा में सांस लेने के लिए उन्हें रिहा कर दिया गया। जेल में रहने के दौरान जहां बंदियों ने अपने किए का प्रायश्चित किया। मुलताई के रहने वाले मधुकर राव ने जेल में रची अपनी कविता सुनाकर भविष्य में सृजन की राह पर चलने का संकल्प जाहिर किया। उन्होंने कहा कि विध्वंश होता विनाशकारी, चहुंदिश होता हाहाकार।महाजनों के पथ जो चलता होती जग में जय जयकार। सृजन सृष्टि का अनुपम अनुग्रह, जो खोले नवयुग के द्वार। जेल अधीक्षक राकेश भांगरे ने बताया कि डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर पहली बार राजधानी की सेंट्रल जेल से आजीवन कारावास से दंडित 18 बंदियों को रिहा किया गया।इनमें दो महिलाएं शामिल हैं।साथ ही दो बंदी ऐसी भी हैं, जो राजधानी की खुली जेल में रह रहे थे। आजीवन कारावास से दंडित बंदियों में दुष्कर्म, पोक्सो एक्ट आदि के मामलों में बंद कैदियों को कोई भी माफी प्रदान नहीं की गई है।

फोटो:जगदीश कौशल



# 18-19 अप्रैल को फिर बदल सकता है प्रदेश का मौसम

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में 18 और 19 अप्रैल को फिर मौसम बदलेगा। इंदौर और जबलपुर संभाग में कहीं-कहीं बूंदाबांदी हो सकती है। भोपाल में भी मौसम के बदलने की संभावना है। इससे पहले प्रदेश में तेज गर्मी पड़ेगी। भोपाल, इंदौर, जबलपुर-ग्वालियर में इस सीजन का गर्मी का रिकॉर्ड टूट सकता है। वहीं, राजगढ़, छतरपुर, दमोह, रतलाम में भी तापमान बढ़ेगा।

शुक्रवार को मौसम में मिला-जुला असर देखने को मिला। दोपहर बाद भोपाल, इंदौर, जबलपुर समेत कई शहरों में हल्के बादल छाए रहे। भोपाल में लगातार तीसरे दिन तापमान 39 डिग्री के पार रहा। वहीं, ग्वालियर में तापमान 40.3 और जबलपुर में 40.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गुरुवार के मुकाबले शुक्रवार को यहां गर्मी का असर बढ़ा। इंदौर में 38.6 डिग्री तापमान के साथ मामूली गिरावट दर्ज की गई। खजुराहो और राजगढ़ में सबसे ज्यादा गर्मी रही। खजुराहो में पारा 42 डिग्री और राजगढ़ में 41.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि शनिवार को हल्के बादल रहेंगे। इनके छंटने से सूरज की किरणें सीधे जमीन पर पड़ेगी। गर्मी का असर बढ़ जाएगा। रात में भी गर्मी बढ़ेगी। मौसम वैज्ञानिक पांडे ने बताया कि उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हो रहा है। इसका असर उत्तर भारत में ज्यादा देखने को मिलेगा, जिससे गर्म हवाएं मध्यप्रदेश में नहीं आएंगी। दूसरी ओर, साउथ वेस्ट राजस्थान के ऊपर सर्कुलेशन बना है। नॉर्थ छत्तीसगढ़ से केरल तक महाराष्ट्र, तेलंगाना, कर्नाटक होते हुए ट्रफ लाइन गुजर रही है। वहीं, अरब सागर से थोड़ी सी नमी बनी हुई है। इस कारण 18 और 19 अप्रैल को मौसम बदलने का अनुमान है। प्रदेश के दक्षिण हिस्से यानी खंडवा, खरगोन, बड़वानी, बैतूल, हरदा, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में कहीं-कहीं गरज-चमक की स्थिति रहेगी। भोपाल में 18 अप्रैल को हल्की बूंदाबांदी होने के आसार हैं।

### नर्मदापुरम की रात सबसे गर्म

मध्यप्रदेश में दिन के साथ रातें भी गर्म हो रही हैं। शुक्रवार-शनिवार की रात भोपाल, इंदौर, जबलपुर समेत 17 शहरों में रात का पारा 22 से 25.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। नर्मदापुरम की रात सबसे गर्म रही। यहां न्यूनतम तापमान 25.5 डिग्री दर्ज किया गया। छिंदवाड़ा में 24.6, दमोह-सीधी में 24 डिग्री तापमान रहा। भोपाल में तापमान 22.6, इंदौर 23.2 और जबलपुर में 23.8 डिग्री रहा।

# मप्र सहकारी दुग्ध संघ में हुई फर्जी नियुक्तियां, केस दर्ज

**भोपाल।** मध्य प्रदेश स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन में हुई फर्जी नियुक्तियों के मामले में एमपी नगर थाना पुलिस ने प्रशासक आरपीएस तिवारी समेत तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। प्रशासक के खिलाफ लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं, लेकिन उच्च स्तर पर अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की।

एमपी नगर थाने के उपनिरीक्षक आरके मिश्रा के अनुसार गोरखपुरा, जबलपुर निवासी विजय कुमार पुत्र मनोहर लाल पांडे(65) रिटायर्ड अधिकारी हैं। उन्होंने एमपी नगर थाना में एक लिखित शिकायत की थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि मप्र स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन में कई पदों पर फर्जी तरीके से नियुक्ति की गई हैं। शिकायत में बताया गया कि मप्र स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन के प्रशासक आरपीएस तिवारी ने मैनेजर शारदा जोहरी और अन्य कर्मचारी जयश्री गणेशन की मदद से इस घटना को अंजाम दिया। आरोपियों ने मप्र कर्मचारी चयन मंडल द्वारा आयोजित परीक्षा के घोषित परिणाम के बाद 18 माह की वैद्यता के छह माह बाद दिसंबर 2019 तक मप्र स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन के खाली पदों पर अपने परिचितों को गलत तरीके से नियुक्ती दी है। पुलिस ने इस मामले की जांच के बाद प्रशासक आरपीएस तिवारी, मैनेजर शारदा जोहरी और जयश्री गणेशन के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। अब पुलिस मामले की जांच कर इस बात का पता



लगा रही है कि आरोपियों ने किन-किन पदों पर कितने लोगों को नियुक्ती दी है।

**ओएलएक्स पर गाड़ी बचने के नाम पर ठगी-**शाहपुरा थाना पुलिस ने बताया कि छावनी शाहपुरा निवासी अनुराग यादव पुत्र थान सिंह(20) कॉलेज स्टूडेंट है। उसने ओएलएक्स पर एक गाड़ी बेचने का विज्ञापन देखा था। इसके बाद उसने दिए गए मोबाइल नंबर पर गाड़ी खरीदने के लिए संपर्क किया और गाड़ी खरीदने की इच्छा जाहिर की थी। इसके बाद गाड़ी मालिक और फरियादी के बीच गाड़ी का सौदा हो गया। गत 31 अक्टूबर 2022 को गाड़ी मालिक ने उससे 63 हजार 600 रूपए ऑन लाइन अपने खाते में ट्रांसफर करने के बाद गाड़ी देने की बात कही। लेकिन उसने गाड़ी नहीं दी। बार-बार गाड़ी मांगने पर भी जब आरोपी ने गाड़ी नहीं दी तो फरियादी ने तंग आकर मामले की शिकायत सायबर क्राइम पुलिस से की थी। जिसकी जांच के बाद शून्य पर केस दर्ज कर डायरी शाहपुरा थाना पुलिस को भेजी गई। जहां पर असल में केस दर्ज कर आरोपी मोबाइल नंबर धारक के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर आरोपी का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# एसपीएस अफसर का आईपीएस होना और कठिन, अगले साल मात्र तीन वैकेंसी

**भोपाल।** राज्य पुलिस सेवा के अफसरों को आईपीएस अवार्ड किए जाने की प्रदेश में प्रक्रिया जहां कछुआ चाल से चल रही है, वहीं अब अगले साल राज्य पुलिस सेवा के अफसरों को आईपीएस अवार्ड होने के लिए पद भी कम मिलने वाले हैं। ऐसे में अब आईपीएस अवार्ड होना और कठिन होता जाएगा। कम पद मिलने से राज्य पुलिस सेवा के कई अफसरों की उम्मीदों पर पानी फिर जाएगा। प्रदेश में इस साल दो मई को वर्ष 2021 और 2022 की आईपीएस की वैकेंसी के विपरित एसपीएस के अफसरों की डीपीसी होना है। दो साल की वैकेंसी की डीपीसी एक साथ होना है। कुल 16 पदों पर डीपीसी होना है।




राज्य पुलिस सेवा के अफसरों में से अगले साल सिर्फ तीन अफसर ही आईपीएस हो सकेंगे। दरअसल इस साल वैकेंसी सिर्फ तीन पोस्ट के लिए एसपीएस अफसरों को आईपीएस अवार्ड के लिए होंगे। यानि अगले तीन ऐसे सीनियर एसएसपी अफसर जिनका रिकॉर्ड बेहतर होगा वही आईपीएस अवार्ड हो सकेंगे।

### इनके रिटायर होने पर मिलेगा पद

राज्य पुलिस सेवा से आईपीएस बने तीन अफसर इस साल रिटायर हो रहे हैं। इनमें आईजी अनिल शर्मा तीस मार्च को रिटायर हो चुके हैं। वहीं डीआईजी खरगौन तिलक सिंह और कमांडेंट अनिता मालवीय भी इस साल रिटायर होंगी। इन तीनों के रिटायर होने वाले पद अगले साल राज्य पुलिस सेवा के तीन अफसरों को आईपीएस अवार्ड कर भरे जाएंगे।

### कॉडर रिव्यू नहीं होता तो मिलता एक पद

वर्ष 2022 में यदि आईपीएस अफसरों का कॉडर रिव्यू नहीं होता तो राज्य पुलिस सेवा के अफसरों को आईपीएस बनने में पसीना आ जाता है। दरअसल कॉडर रिव्यू में राज्य पुलिस सेवा से आईपीएस बनने के लिए 5 पद बढ़ा दिए गए थे। इसके चलते वर्ष 2022 की वैकेंसी में इन पदों को भी शामिल कर लिया गया। जबकि राज्य पुलिस सेवा से आईपीएस बने अफसर का एक ही पद पिछले वर्ष रिक्त हुआ था। यानि यह वैकेंसी एक ही निकली थी। कॉडर रिव्यू के पांच पद मिलाकर वर्ष 2022 में 6 पदों की डीपीसी होना है।

# उज्जैन में पंचक्रोशी यात्रा शुरू,30 हजार से अधिक श्रद्धालु शामिल



**उज्जैन।** प्रति वर्ष वैशाख कृष्ण दशमी से प्रारंभ होने वाली पांच दिवसीय पंचक्रोशी यात्रा आज (शनिवार) शुरू हो गई। इसका समापन चतुर्दशी पर 19 अप्रैल को होगा। इस यात्रा में देशभर के 30 हजार से ज्यादा श्रद्धालु शामिल हैं। यह लोग 118 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे। इस दौरान पांच पड़ाव तथा दो उप पड़ाव पर रुककर पूजन करेंगे। ऐसी मान्यता है कि यह धार्मिक यात्रा प्राचीन अवंतिकापुरी के चार द्वारपालों/क्षेत्रपालों का पूजन करके ,नगर की रक्षा की कामना से होती थी। यात्रा के पहले दिन श्रद्धालु पुराने शहर के पटनी बाजार स्थित नागचंद्रेश्वर मंदिर पहुंचते हैं। यहां वे एक श्रीफल अर्पित करके यात्रा पूरी करने का बल मांगते हैं। आचार्य बृजेश चंद दुबे का कहना है कि पहले यह यात्रा अत्यंत कठिन हुआ करती थी, इसलिए श्रद्धालु ईश्वर से शक्ति प्राप्तकर, अपने साथ भोजन की सूखी सामग्री की पोटली भी रखते थे। आज भी यह परंपरा कायम है। हालांकि अब प्रशासन और सामाजिक संस्थाओं द्वारा निःशुल्क भोजन की व्यवस्था की जाती हैं।

उन्होंने बताया कि यात्रा के पड़ाव पर श्रद्धालुओं द्वारा भजन और भोजन किया जाता है। सामान्यतः अधिक गर्मी के कारण श्रद्धालु रात्रि में यात्रा करते हैं और दोपहर में विश्राम। यात्रा समापन पर सभी शिप्रा नदी के रामघाट पर स्नान करेंगे। इसके बाद अष्ट तीर्थ यात्रा करके समापन होगा।

# वाहन, बंदूक, बस्ते जमा करके हड़ताल करेंगे मैदानी वन अधिकारी और कर्मचारी, धरना दिया

## 18 सालों से सिर्फ आश्वासन मिल रहा है, समस्याएं लगातार बढ़ीं

**भोपाल ।** मध्य प्रदेश वन विभाग के कर्मचारियों ने आज राजधानी में धरना दिया। प्रदेश के वन कर्मचारी अपनी मांगों के समर्थन में शनिवार को भोपाल में रैली निकालेंगे। धरना देंगे। प्रदर्शन भी करेंगे। ये सभी एक दिन का अवकाश लेकर मप्र वन कर्मचारी संघ के आव्हान पर आ रहे हैं। संघ ने 21 सूत्रीय मांगों को लेकर वन कर्मियों के चरणबद्ध आंदोलन करने की घोषणा की है। मई से ये सभी बेमुद्दत हड़ताल पर जाएंगे।इसके पहले अपनी-अपनी बंदूकें, बस्ते आदि विभागीय कार्यालय में जमा कराएंगे।

आंदोलन को आरंभ करने से पहले मध्य प्रदेश वन कर्मचारी संघ ने बैठक आयोजित की, इसमें नाराजगी जताई गई कि विगत 18 वर्षों से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा भी लगातार सिर्फ आश्वाशन दिया जा रहा है। वन कर्मचारियों को शहीद का दर्जा और परिजनों को एक करोड़ की राहत राशि की मांग जोर पकड़ती जा रही है। संघ के महामंत्री आमोद तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री और वर्ष अधिकारियों को कई बार पत्र के माध्यम से सूचित किया जा चुका है है । वन विभाग के कर्म चारियों की समस्याएं विगत



वर्षों से चली आ रही है, जिनका का कभी निराकरण करने की जहमत प्रदेश सरकार या प्रशासन ने नहीं उठाई। विगत दो दशक से अधिक समय से प्रदेश सरकार में जो भी वन मंत्री रहे, सभी से वार्तालाप और पत्र के माध्यम से अपनी विभिन्न मांग रखी गई और उस पर समाधान का आश्वाशन भी मिला, लेकिन समस्याएं यथावत हैं।

वन कर्मचारी संघ की 21 मांग है उनमें से प्रमुख हैं- वन विभाग में कार्यरत कर्मचारियों को पुलिस के समान13 माह का वेतन प्रदान किया जावे, वनकर्मचारियों को न्यायिक मजिस्ट्रेट के अधिकार प्रदान किये जाये, वनरक्षक से लेकर अपर प्रधान मुख्य वनसंरक्षक स्तर तक के सभी अधिकारियों / कर्मचारियों को वर्दी अनिवार्य की जाये तथा अपराध प्रक्रिया संहिता की धारा 45 की उन्मुक्ति प्रदान की जाए, समस्त वनरक्षकों को नियुक्ति दिनांक से ग्रेड-पे 1900/5680 का लाभ दिया जाये एवं जिन्हें लाभ प्राप्त हो गया है उनकी वसूली पर सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय अनुसार वसूली पर रोक लगाई जावे, स्थाईकर्मी, वनरक्षक एवं वन क्षेत्रपाल के संशोधित भर्ती नियम को स्वीकृति प्रदान कर लागू करवाया जाये। स्थाईकर्मी को चतुर्थ श्रेणी में म.प्र. शासन के आदेशानुसार समायोजित कर मितोला सातवां वेतनमान, अनुकंपा नियुक्ति एवं वर्दी प्रदान की जावे।, वन अधिकार अधिनियम 2005 के शेष बचे आवेदनों को समाप्त कर वन भूमि पर हो रहे अतिक्रमण राजनितिक संरक्षण / भू-माफिया / नक्सलियों से संरक्षण प्रदान किया जाये। वनकर्मचारियों को महाराष्ट्र सरकार की तर्ज पर 5000/- रूपये वर्दी भत्ता प्रदान किया जावे। वनकर्मचारियों को 13 माह का वेतन, पौष्टिक भत्ता, नक्सली क्षेत्र में कार्य करने वाले कर्मचारियों को नक्सल भत्ता एवं टाईगर रिजर्व की बीटों में कार्यरत कर्मचारियों को केंद्र समान वेतन दिया जाए।